सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 22 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 52, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## दो मार्च को देशव्यापी हड़ताल करेंगे आईओबी बैंक

इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। } 14

## नड्डा ने भारत निर्मित टेटनस व वयस्क डिप्थीरिया टीके की शुरुआत की

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में स्वदेशी रूप से निर्मित टेटनस और वयस्क डिप्थीरिया टीके की औपचारिक शुरुआत की। } 16



# ट्रंप ने 15 प्रतिशत बढ़ाया ग्लोबल टैरिफ

### अमेरिका में आयातित भारतीय वस्तुओं पर अब लागू नहीं होगा 18 प्रतिशत शुल्क

एजेंसी



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा देश में आयातित वस्तुओं पर नया वैश्विक शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद भारत पर अब 18 प्रतिशत के बजाय 10 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लागू होगा। बुनियादी अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं के समाधान के लिए अस्थायी आयात अधिभार लगाना शीर्षक वाली एक घोषणा में ट्रंप ने कहा कि वह 150 दिनों की अवधि के लिए अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर मूल्य के आधार पर 10 प्रतिशत अस्थायी आयात अधिभार लगा रहे हैं, जो 24 फरवरी से प्रभावी होगा।

दुनियाभर के देशों पर इस नए 10 प्रतिशत शुल्क के लागू होने के साथ अमेरिका में आयातित भारतीय वस्तुओं पर अब वह 18 प्रतिशत शुल्क लागू नहीं होगा, जो भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे की घोषणा के बाद तय किया गया था। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के प्रमुख आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका देते हुए अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आत्मनिर्भरता के आधार पर रखी जायेगी विकसित भारत की नींव

### पीएम मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का किया शिलान्यास

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।





**प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेवर न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक आभूषण के रूप में उभर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास, चिप विनिर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा।**

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा। एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। यह कंपनी 60:40 के अनुपात में एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस संयंत्र में डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। ये चिप्स ऐसे सेमीकंडक्टर चिप होते हैं जो स्क्रीन पर चित्र, वीडियो और लिखित सामग्री प्रदर्शित करने के लिए पिक्सल को नियंत्रित करते हैं। इस निवेश से 3,500 से अधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### कासगंज में दंपति व बच्चों के मिले शव

कासगंज। कासगंज के अमांपुर कस्बे में एक पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले सत्यवीर के परिवार के लोगों के शव बंद मकान में मिले हैं। मकान के जंगले से देखने पर सत्यवीर का शव फांसी पर लटका मिला है। जबकि पत्नी व बच्चे मृत अवस्था में मिले हैं। पुलिस के अनुसार बंद मकान को खोलने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद चार या पांच शव होने की स्थिति स्पष्ट होगी। बताया गया कि सत्यवीर वेल्डिंग की दुकान चलाता था। घटना की जानकारी होते ही एसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। डॉग स्क्वाइड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। टीमें जांच में जुटी हैं।

### तालाब में डूबने से दो लड़कियों की मौत


हरदोई। पिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर दहेलिया गांव में तीन नाबालिग लड़कियां तालाब में डूबी गईं, जिनमें से दो की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर को तीनों लड़कियां सिंघाड़ा इकट्ठा करने के लिए तालाब में घुसी थीं। जब वे डूबने लगीं तो एक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि दो अन्य को बचा नहीं सके। पुलिस के अनुसार, गहन तलाशी अभियान के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने कमलेश की बेटियों प्रियंका (12) और आरुषि (13) के शव बरामद किए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एक अन्य लड़की जान्हवी (14) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था।

# किसानों के साथ खड़ी है डबल इंजन सरकार : योगी

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की क्षतिपूर्ति राशि का किया वितरण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3500 लाभार्थी परिवारों को भी 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, राजकीय भूमि संरक्षण केंद्र मऊरानीपुर झांसी में 50 शैय्या के छात्रावास भवन तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया। सीएम योगी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अन्नदाता किसान उन्नत खेती के माध्यम से प्रदेश की समृद्धि में योगदान देते रहेंगे।




सीएम योगी ने कहा कि कल ही उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट पारित हुआ है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से बजट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं पास कराई गई हैं। जब बजट होता है तो लाभार्थियों के अकाउंट में सीधे पैसा जाता है और उन्हें लाभ प्राप्त होता है। आज एक बटन दबाते ही 460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंच रहे हैं, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई। लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जनपदों में लाभार्थी परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से 2.51 लाख किसान परिवारों को मिली 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति को संबल बताया। उन्होंने कहा कि फसल को सूखे-अतिवृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। जब हम फसल का बीमा कराते हैं तो जरूरत पर रिटर्न भी मिलता है। आपदा के कारण नुकसान हुआ तो भरपाई होती है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि योजना के तहत पहले केवल किसान कवर होता था, उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार, सह किसान कवर नहीं होते थे। हमारी सरकार में 1000 करोड़ से अधिक की धनराशि के जरिए किसान या उसके परिवार के सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मेरठ में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

मेरठ (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार को प्रस्तावित मेरठ दौरे से एक दिन पहले शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां तैयारियों की समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री दोपहर करीब दो बजे शताब्दी नगर स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद अरुण गोविल भी उनके साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधन और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। शहर के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की जा रही है तथा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पांच वर्ष में घुसपैठियों को देश से कर देंगे बाहर : शाह

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जोर दिया कि अगर भारत नक्सलियों से मुक्त हो सकता है, तो वह घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से बल्कि देश से भी निकाल दिया जाएगा। शाह असम पुलिस की 10वीं बटालियन के नए परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बटालियन के बारे में उन्होंने कहा कि इसका निर्माण घुसपैठियों के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर किया जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता ने एक बार कहा था कि घुसपैठियों को बाहर निकाल दिया जाएगा, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि अवैध प्रवासी उसका वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा, अतिक्रमण की गई जमीनों से घुसपैठियों को निकालना ही काफी नहीं है, उन्हें भारत से बाहर भी भेजना होगा। शाह ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों का एसआईआर कर रहा है और यह स्पष्ट है कि घुसपैठियों की पहचान हो जाएगी, लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# चमोली में जनजाति समागम का आयोजन

### सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाला जनजातीय समाज राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर : धामी

प्रमुख संवाददाता

चमोली (उत्तराखंड)। सीमांत अंचल के बिरही में आयोजित जनजाति समागम में परंपरा, संस्कृति और विकास का संगम देखने को मिला। समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाला जनजातीय समाज राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर का संवाहक ही नहीं, बल्कि सीमाओं की सुरक्षा का सशक्त प्रहरी भी है।



कार्यक्रम का आयोजन नीति माणा जनजाति कल्याण समिति द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने नीति घाटी के भोटिया समुदाय से जुड़े मुद्दों विशेषकर शीतकालीन प्रवास और भूमि संबंधी विषयों के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बेडूबगड़ में सामुदायिक भवन, स्वर्गीय गौरा देवी की स्मृति में प्रतिमा व पार्क, बैरासकुंड मंदिर के सौंदर्यीकरण तथा भोटिया पड़ाव की भूमि सुरक्षा से संबंधित प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों का विस्तार हुआ है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बलिया : हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद

बलिया (उप्र)। बलिया जिले की एक अदालत ने हत्या के 21 वर्ष पुराने मामले में शनिवार को चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बलिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी की अदालत ने शनिवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी करते हुए हत्या के सभी चार आरोपियों धर्मेन्द्र पासवान, ओमप्रकाश यादव, राजेश यादव व बृजेश यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 11-11 हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बैरिया थाना क्षेत्र के बलिहार गांव के लल्लन पांडेय अपने बेटे जितेंद्र कुमार पांडेय के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

### बटुकों के साथ यौन शोषण के आरोपों की होगी जांच

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों के साथ यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए झूंसी पुलिस थाने के प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का शनिवार को आदेश दिया। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और अन्य द्वारा बीएनएसएस की धारा 173 (4) के तहत दाखिल आवेदन पर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने पिछले सप्ताह साक्ष्यों को देखने और पीड़ित बटुकों का बयान दर्ज करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 69, 74, 75, 76, 79 और 109 के साथ ही पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/5/9 और 17 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए यह आवेदन दाखिल किया था। अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए झूंसी के थाना प्रभारी को तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने और कानून के मुताबिक मामले की जांच करने का आदेश दिया। यह जांच पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए की जाएगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा, न्यायपालिका ने बच्चों के साथ हुए गलत कृत्यों के मामले की सुनवाई करते हुए झूंसी थाने को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। अब हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा आज से हम यहां से विद्या मठ (वाराणसी) के लिए सनातन यात्रा निकाल कर रहे हैं। हम दिखाएंगे कि विद्या मठ के पंचम तल पर किस तरह से बच्चों का यौन शोषण किया जाता ...शेष पृष्ठ 14 पर



### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:15 | 5:04 | 6:05 | 5:14 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- पक्षी विहार में छात्रों ने पढ़ा जैव-विविधता का पाठ (पृष्ठ-02)
- अब विकास की इबारत लिख रहा शाहजहांपुर (पृष्ठ-02)
- सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल व तिलहन में गिरावट (पृष्ठ-14)
- अमेरिकी अर्थव्यवस्था दिसंबर में पड़ी सुस्त (पृष्ठ-14)
- चिनाब नदी पर रेल पुल बनाने में साइरस मिस्त्री का भरोसा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** यूपी के लोगों में अभूतपूर्व क्षमता है, वह कोई भी टार्गेट कर सकते हैं अचीव : ब्रजेश पाठक

# शिक्षा क्षेत्र में अहम योगदान के लिए अखिलेश दास गुप्ता स्कूल व बीबीडी यूनिवर्सिटी सम्मानित

अनिल कुमार सिंह

**टाइम्स ऑफ इंडिया व एनबीटी के कार्यक्रम 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन' में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की डायरेक्टर देवांशी दास और बीबीडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह को किया पुरस्कृत**

लखनऊ। शिक्षा के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे बीबीडी यूनिवर्सिटी और अखिलेश दास गुप्ता स्कूल को शनिवार को शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान देने के लिए टाइम्स ऑफ इंडिया व एनबीटी के कार्यक्रम एक्सीलेंस इन एजुकेशन में सम्मानित किया गया। यह सम्मान टाइम्स ऑफ इंडिया व एनबीटी के कार्यक्रम एक्सिलेंस इन एजुकेशन में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की डायरेक्टर और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और बीबीडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह को दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, उसमें अमीरी-गरीबी का अंतर मिटाने की सख्त जरूरत है। शहर में सम्पन्न लोगों के बच्चे हाईटेक क्लासरूम में पढ़ते हैं जबकि गांव के बच्चों को वह सुविधा उपलब्ध नहीं है। शिक्षा में यह अंतर नहीं होना चाहिए। हम सब को मिलकर इस पर काम करने की जरूरत है।







फोटो : समीर भटनागर

उन्होंने कहा कि एजुकेशन आज बहुत महंगी हो गई है, इसे एक समान करने की जरूरत है। शिक्षा में समानता लाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। मार्कशीट और पर्सेंटेज के लिए बच्चे तैयार किये जा रहे हैं। आज फर्स्ट डिवीजन का कोई मतलब नहीं है। वे भी दाखिले की रेस से बाहर हो जाते हैं। ज्ञान को एक दायरे में नहीं बांधना चाहिए। नौकरी प्लेसमेंट की होड़ में बच्चे एक दायरे में सिमटते जा रहे हैं। आज कोई भी मां-बाप अपने बच्चे को मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, चंद्रशेखर आजाद नहीं बनाना चाहते। मां-बाप की इच्छा है कि एक लाख की नौकरी मिले बच्चे को ये ही चाहिए। यूपी के लोगों में अभूतपूर्व क्षमता है। वह कोई भी टार्गेट अचीव कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रदेश व शहर के शिक्षाविदों व शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

C M Y K

# मुख्यमंत्री योगी ने मंच से प्रदान किये चेक

विशेष संवाददाता (vol)

- योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का किया वितरण




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी परिवारों को क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को स्वयं चेक वितरण के जरिये आर्थिक सहायता प्रदान की। इनमें मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत हरदोई के गोकर्ण को 2.11 लाख रुपये, हमीरपुर से मोहन लाल को 1.72 लाख, एटा की विनीता देवी को 1.17 लाख, जालौन के शिवम राजावत को 1.03 लाख तथा कन्नौज की सुशीला सिंह को 88 हजार की क्षतिपूर्ति का चेक प्रदान किया।

**कृषि यंत्रीकरण :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि यंत्रीकरण के तहत एग्रीग्रेटर में रायबरेली के कुलदीप मौर्य को 32 लाख, सीएचसी (कस्टम हायरिंग सेंटर) में लखनऊ के दीपचंद्र को 22.33 लाख, लखनऊ के मटरू प्रसाद को चार लाख, एफएमबी (फॉर्म मशीनरी बैंक) के लिए रायबरेली के कृपाशंकर शुक्ल तथा सीतापुर के अखिलेश तिवारी को 8-8 लाख रुपये का अनुदान दिया।

**मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के तहत रायबरेली की प्रीति, सीतापुर की रागिनी वर्मा, उन्नाव की शगुना, लखनऊ की इंदरानी व ऊषा को 5-5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का चेक प्रदान किया।

**युवा आपदा मित्रों को दी जीवन बीमा पॉलिसी :** सीएम योगी ने मंच पर युवा आपदा मित्र कौशलेंद्र कुमार सिंह (लखनऊ), महक श्रीवास्तव (लखीमपुर खीरी), हज्रा फातिमा (लखीमपुर खीरी), सुखमन कौर (लखीमपुर खीरी) व शोभित कुमार चौहान (लखीमपुर खीरी) को 5-5 लाख की जीवन बीमा पॉलिसी प्रदान की।

# शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि से 1.68 लाख कर्मियों मिली राहत

## बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीएम योगी ने विधानसभा में किया था बड़ा एलान

- मानदेय वृद्धि से सरकार पर आयेगा अनुमानित 1,480 करोड़ से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार
- सरकार के इस अभूतपूर्व फैसले से शिक्षामित्र और अनुदेशकों में खुशी की लहर, सीएम योगी का जताया आभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र से जुड़े दो बड़े वर्गों, शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि करके लगभग 1.68 लाख कर्मियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत दी है। विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये तथा अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रतिमाह (प्रति शैक्षिक सत्र 11 माह) मानदेय दिया जाएगा। इससे दोनों वर्गों को मिलाकर 1,480 करोड़ से अधिक (लगभग 1,480.43 करोड़) का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा। इसे राज्य और केंद्र सरकार द्वारा मिलकर वहन किया जाएगा। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि सरकार शिक्षा और उससे जुड़े मानव संसाधन को प्राथमिकता दे रही है।

मानदेय वृद्धि से न केवल शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में उनकी कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय सामाजिक संवेदनशीलता और शिक्षा सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जा रहा है। यह न केवल कर्मियों के लिए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि परिषदीय विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में भी बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में उत्साह

प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किए जाने की घोषणा के बाद विभिन्न जिलों में खुशी का माहौल है और इसे राहत भरा कदम बताते हुए शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुरादाबाद की एक शिक्षामित्र ने कहा कि पिछले नौ वर्षों से 10,000 रुपये में गुजारा करना कठिन था, ऐसे में अप्रैल से 18,000 रुपये मानदेय मिलने की घोषणा से आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। अयोध्या के सुखजीत सिंह ने इसे लंबे समय बाद समस्याओं पर गंभीरता से लिया गया निर्णय बताया, वहीं अन्य शिक्षामित्रों ने कहा कि वर्षों बाद उनकी परेशानियों पर ध्यान दिया गया है जिससे परिवारों को राहत मिलेगी और मनोबल बढ़ेगा। शिक्षामित्र हिना कौसर ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच 10,000 रुपये में घर चलाना चुनौतीपूर्ण था, अब राहत की उम्मीद है और वे पूरी मेहनत से बच्चों के भविष्य निर्माण में जुटी रहेंगी। संभल में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संगठन के जिला प्रवक्ता रविंद्र कुमार खारी ने कहा कि इस निर्णय से सरकार और शिक्षामित्रों के बीच संवाद मजबूत होगा। सुरभि गुप्ता और सरिता वार्ष्णेय ने भी इसे स्वागत योग्य कदम बताते हुए भविष्य में सहयोग की अपेक्षा जताई, जबकि रामपुर में तकनीकी अनुदेशक मोहित कुमार ने मानदेय वृद्धि को उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक निर्णय बताया। शिक्षामित्र शोभा गुप्ता ने भी इसे बड़ी राहत करार देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**शिक्षामित्रों की वर्षों की मांग हुई पूरी :** प्रदेश में वर्तमान में 1,43,450 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। अभी तक उन्हें 10,000 रुपये प्रतिमाह (11 माह) मानदेय दिया जा रहा था। नई घोषणा के अनुसार यह राशि बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। इस तरह सरकार प्रति शिक्षामित्र वार्षिक अतिरिक्त व्यय के रूप में 88,000 रुपये व्यय करेगी, जबकि समस्त शिक्षा मित्रों पर यह वार्षिक व्यय लगभग 1,262.36 करोड़ होगा। यह राशि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी, जो शिक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। गौरतलब है कि शिक्षामित्र योजना 1 जुलाई 2000 के शासनादेश के तहत लागू की गई थी, जिसका उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में 1:40 के अध्यापक-छात्र अनुपात को बनाए रखना था। शिक्षामित्र ग्राम शिक्षा समिति के प्रति उत्तरदायी होते हैं और प्रधानाध्यापक के मार्गदर्शन में शिक्षण कार्य करते हैं। समय-समय पर शिक्षा मित्रों के विभिन्न संगठनों द्वारा मानदेय वृद्धि की मांग की जाती रही है। वर्तमान घोषणा को लंबे समय से चली आ रही मांगों के समाधान के रूप में देखा जा रहा है।

**अनुदेशकों को भी बड़ी राहत :** इसी तरह, प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कला शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा तथा कायार्नुभव शिक्षा के कुल 24,781 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं।

वर्तमान में उन्हें 9,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। अब यह राशि बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। इस तरह प्रति अनुदेशक वार्षिक अतिरिक्त व्यय 88,000 रुपये और ओवरऑल वार्षिक अतिरिक्त वित्तीय व्यय लगभग 218.07 करोड़ होगा। वर्ष 2013 में 100 से अधिक छात्र संख्या वाले 13,769 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कला, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा तथा कायार्नुभव विषयों के लिए अंशकालिक अनुदेशकों की संविदा आधारित नियुक्ति की गई थी। वर्ष 2022 में योगी सरकार ने उनके मानदेय को 7,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपये किया था। अब इसे 17,000 रुपये प्रतिमाह किया जाना विद्यालयी शिक्षा में सह-शैक्षिक गतिविधियों को मजबूती देगा।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में चमका उत्तर प्रदेश

## इंडियाज एआई इंपैक्ट स्टार्टअप्स की रिपोर्ट में यूपी का भी स्टार्टअप शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

- कॉन्वेजीनिअस स्टार्टअप के जरिए, प्रदेश की शिक्षा पहल को मिल रही बड़ी पहचान

**लखनऊ।** राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में जारी की गई इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट में देश भर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में काम कर रहे हैं। इंडिया एआई और कल्पा इम्पैक्ट द्वारा प्रकाशित इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, वित्तीय समावेशन, शहरी आवागमन और सार्वजनिक सेवा वितरण जैसे अहम क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है।

इसी रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल के संदर्भ में किया गया है, जहां सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग सिस्टम लागू करने की पहल को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। कॉन्वेजीनिअस एडूटेक स्टार्टअप के माध्यम से उत्तर प्रदेश में एआई संचालित प्लेटफॉर्म का उपयोग कर छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन और व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था को प्रमुख उपलब्धि के रूप में दशार्या गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों को देखते हुए तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। रिपोर्ट में जिस तरह उत्तर प्रदेश का जिक्र किया गया है, उसे सरकार की डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने पर रहा है, और एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली से छात्रों की सीखने की प्रगति पर सतत निगरानी संभव हो सकी है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाने में मदद मिल रही है।

रिपोर्ट में शामिल 110 स्टार्टअप्स में विभिन्न क्षेत्रों के नवाचारों को जगह दी गई है लेकिन शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के रूप में उत्तर प्रदेश का संदर्भ प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को रेखांकित करता है। सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को एक प्रभावी मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के जरिए सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। प्रदेश सरकार का स्पष्ट मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का उपयोग केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। इसकी झलक उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में देखने को मिल रही है। डिजिटल इंडिया के व्यापक विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में एआई आधारित शिक्षा पहल को भविष्य की नीति के रूप में देखा जा रहा है। इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश का उल्लेख यह संकेत देता है कि प्रदेश तकनीकी नवाचारों को जमीनी स्तर पर लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी का बेहतर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच सोलर संयंत्र स्थापना में देश में दूसरा स्थान, घरेलू रूफटॉप सोलर में निरंतर वृद्धि
- लखनऊ समेत 10 जिलों में सर्वाधिक रूफटॉप सोलर स्थापित

**लखनऊ।** ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अगस्त 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में राज्य सोलर संयंत्र स्थापना के मामले में देशभर में दूसरे स्थान पर रहा। इस दौरान घरेलू रूफटॉप सोलर संयंत्रों की मासिक स्थापना में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के 10 प्रमुख जिलों लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, बरेली, प्रयागराज, आगरा, झांसी, रायबरेली, शाहजहांपुर और सहारनपुर में सबसे अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। यह राज्य में सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ती जनजागरूकता और स्वीकार्यता को दशार्ता है।

**महाराष्ट्र से प्रतिस्पर्धा, गुजरात को पीछे छोड़ा :** इस अवधि में उत्तर प्रदेश का सीधा मुकाबला महाराष्ट्र और गुजरात से रहा। सौर ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से अग्रणी रहे गुजरात को पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने शीर्ष दो राज्यों में अपनी स्थिति मजबूत की है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह का कहना है कि यह उपलब्धि राज्य सरकार की सौर नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, जिलावार निगरानी और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण का परिणाम है। देश में कुल रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में उत्तर प्रदेश वर्तमान में तीसरे स्थान पर है, जबकि पीएमएसजीवाई के तहत आवेदनों की संख्या में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच हर माह घरेलू सोलर कनेक्शनों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, सब्सिडी का सीधे उपभोक्ताओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण और डिस्कॉम स्तर पर त्वरित स्वीकृति प्रणाली ने योजना को गति दी है। बढ़ते बिजली बिल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता ने भी लोगों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में योजना का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम :** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य देश के एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर प्रत्येक परिवार को स्वच्छ एवं मुफ्त ऊर्जा का लाभ दिलाना है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस योजना की सफलता से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता भी बढ़ रही है। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से पारंपरिक विद्युत उत्पादन पर दबाव कम होगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे हरित ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद मिलेगी।

**पहले स्थान की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश :** ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्तमान गति बनी रही तो आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश देश में पहला स्थान भी हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर इंस्टॉलेशन में विगत सात माह से लगातार शीर्ष दो स्थान में बने रहना राज्य के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। घरेलू सोलर अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा रही है।

# मजबूती देंगे डेढ़ हजार हाईटेक एम-पैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

- एम-पैक्स में बड़े पैमाने पर लगाये जा रहे सोलर हाइब्रिड सिस्टम
- माइक्रो-एटीएम, कंप्यूटर, प्रिंटर, सर्वर से किए जा रहे लैस, निर्बाध विद्युत आपूर्ति से मिलेंगी निरंतर सुविधाएं

लखनऊ। प्रदेश में सहकारिता तंत्र को आधुनिक रूप देते हुए योगी सरकार बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (एम-पैक्स) को ग्रामीण विकास का मजबूत आधार बना रही है। प्रदेशभर में लगभग डेढ़ हजार एम-पैक्स को हाईटेक सुविधाओं से तैयार किया जा रहा है। यही नहीं इन सभी को सोलर हाइब्रिड सिस्टम से लैस कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने की तैयारी है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों और ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही सस्ती वित्तीय सेवाएं, फसली ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक उपलब्ध हों। इसी रणनीति के तहत एम-पैक्स को डिजिटल और ऊर्जा के लिहाज से पूरी तरह सक्षम बनाया जा रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एम-पैक्स भवनों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप योजना लागू की गई है। प्रत्येक चयनित भवन की छत पर दो किलोवाट क्षमता का आधुनिक सोलर हाइब्रिड सिस्टम लगाया जा रहा है। अभी लगभग डेढ़ हजार एम-पैक्स में इन संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। फिलहाल 500 से अधिक आधुनिक सोलर हाइब्रिड सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं जबकि शेष लगाए जा रहे हैं। सोलर हाइब्रिड सिस्टम लगने के बाद एम-पैक्स पूरी तरह डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। यहां कंप्यूटर, प्रिंटर, सर्वर, माइक्रो-एटीएम

क्यूआर और यूपीआई भुगतान प्रणाली अब बिना रुकावट संचालित की जा रही हैं। इससे ग्रामीणों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं गांव में ही आसानी से मिल रहीं हैं और काम में होने वाली देरी समाप्त हो जाएगी। योगी सरकार अभियान चलाकर एम-पैक्स के जरिए किसानों को फसली ऋण, उन्नत बीज, गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, कम दरों पर उपलब्ध करा रही है। ग्रामीण आबादी को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के लिए सदस्यता प्रक्रिया को डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण से सरल बनाया गया है। हाईटेक एम-पैक्स मॉडल के जरिए प्रदेश में सहकार से समृद्धि का विजन तेजी से जमीन पर उतर रहा है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता और डिजिटल सशक्तीकरण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है।

### गुयाना के उपराष्ट्रपति ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव शनिवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने परिसर में बने अन्य मंदिरों में भी जाकर शीश झुकाया। उपराष्ट्रपति लगभग एक घंटे तक मंदिर परिसर में रहे। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। भव्य-नव्य अयोध्या देखकर वे प्रफुल्लित हो उठे। इसके पहले शनिवार सुबह वे प्रतिनिधिमंडल के साथ निजी विमान से वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। शंखनाद व कलाकारों के भावपूर्ण नृत्य के बीच एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहां खाद्य व रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, मिल्कीपुर के विधायक चंद्रभानु पासवान, कमिश्नर राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने उनकी आगवानी की।

# पक्षी विहार में छात्रों ने पढ़ा जैव-विविधता का पाठ

## युवा पर्यटन अंतर्गत शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार, नवाबगंज (उन्नाव) का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पर्यटन एवं प्राकृतिक धरोहरों से युवाओं को जोड़कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड (यूपीईटीडीबी) लगातार सार्थक पहल कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को 'युवा पर्यटन' के अंतर्गत ईज माय ट्रिप के सहयोग से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, एसजीपीजीआई, लखनऊ के लगभग 60 विद्यार्थियों को शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार (उन्नाव) का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जैव विविधता, आर्द्रभूमि संरक्षण और ईको-टूरिज्म के महत्व से अवगत कराना है।

मंत्री ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार अंतरराष्ट्रीय महत्व का वेटलैंड है। यह राज्य के 11 रामसर स्थलों में से एक है। शांत एवं हरे-भरे वातावरण में स्थित यह पक्षी विहार पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षक स्थल है। सर्दियों के मौसम में यह विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का प्रमुख आश्रय स्थल बन जाता है।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने झील के किनारे विकसित नेचर ट्रेल्स पर भ्रमण किया तथा वॉच टॉवर और व्यू-शेड्स से पक्षियों एवं वन्यजीवों का अवलोकन किया। यह अनुभव न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित हुई। पक्षी विहार परिसर में प्रकृति, ज्ञान और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां इंटरप्रिटेशन सेंटर ने विद्यार्थियों को जैव-विविधता की रोचक जानकारी से अवगत कराया। वहीं, कैफेटेरिया ने भ्रमण को नया आयाम दिया। इस दौरान बच्चों के उत्साह और खिलखिलाहट से पार्क गूंज उठा। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रकृति से जुड़ने का अनूठा अनुभव प्राप्त किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड का प्रयास है कि आने वाली पीढ़ी को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जाए। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सतत पर्यटन की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल एक यादगार अनुभव रहा, बल्कि प्रकृति से सीखने और उससे जुड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

# अब विकास की इबारत लिख रहा शाहजहांपुर

## योगी सरकार ने दिया विवि और मेडिकल कॉलेज का उपहार, जरी-जरदोजी को मिली अंतरर्राष्ट्रीय पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

- युवाओं को रोजगार, महिलाएं आत्मनिर्भर, समावेशी विकास से जिले ने लगाई तरक्की की छलांग

**शाहजहांपुर।** यह वह जिला है जहां के क्रांतिकारी सरफरोशी की तमन्ना लेकर आजादी की लड़ाई में कूदे थे लेकिन वही आजादी मिलने के बाद हुक्मरानों ने इसे पूरी तरह भुला दिया। यह जिला उसके बाद उम्मीदें पालता रहा और निराश होता रहा। लेकिन, अब इस जिले के पास अपनी पहचान के लिए बहुत कुछ है। पिछले नौ सालों में इसने एक मेडिकल कालेज पाया है, इसका अपना एक विश्वविद्यालय होने जा रहा है। सीमेंट कंपनी समेत कई औद्योगिक कारखाने हैं और जरी-जरदोजी का जो हस्तशिल्प दम तोड़ने के कगार पर पहुंच चुका था, वह अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भर रहा है। इन सबसे ऊपर है गंगा एक्सप्रेस वे जो पूरे जिले में विकास की नई गाथा लेकर आया है।

जी हां, यह शाहजहांपुर है जो अब परिवर्तन की कहानी का प्रतीक है, सुरक्षा और सुशासन से आर्थिक समृद्धि का प्रतीक है। यह बदलाव एक दिन में नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे योगी आदित्यनाथ सरकार की वह दृढ़ इच्छाशक्ति है जिसने इस जिले का कायापलट कर दिया। अब बातें उनकी जो नई पहचान हैं।

जिले का विख्यात और प्राचीन स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज अब विश्वविद्यालय के रूप में पहचाना जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार के इस फैसले से यहां के छात्र और छात्राएं बहुत उत्साहित हैं। इसी कालेज से एमए करने वाली निशा कहती हैं- पहले हमें उच्च शिक्षा के लिए बरेली या लखनऊ जाना पड़ता था लेकिन अब यूनिवर्सिटी बन जाने से यहीं सारी सुविधाएं मिल जाएंगी। यह यहां की बड़ी उपलब्धि है। मां-बाप अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सशंकित नहीं रहेंगे। आज हम बिना भय के शहर में कहीं भी आ जा सकते हैं लेकिन पहले ऐसा नहीं था।

राजनीति विज्ञान से एमए करने वाले उपेंद्र सिंह कहते हैं कि योगी सरकार युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए जितना कर रही है उतना किसी भी सरकार ने नहीं किया है। शाहजहांपुर को यूनिवर्सिटी मिलने से हमारे जैसे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों में उम्मीद की किरण जगी है। जरी जरदोजी ने तो यहां के कारीगरों को जैसे जीवनदान दे दिया है। योगी सरकार की ओडीओपी योजना यहां के कारीगरों के लिए नई जिंदगी बन गई। ये कला लगभग विलुप्त हो चुकी थी लेकिन वर्तमान सरकार ने इसको दोबारा जीवित किया। इस व्यवसाय से जुड़े मोहम्मद यासीन खान बताते हैं कि उनका परिवार कढ़ाई की इस कला से काफी अरसे से जुड़ा है लेकिन मांग कम होने के कारण हताश हो गए थे लेकिन योगी सरकार ने ओडीओपी के माध्यम से इस कला और हमारे जैसे कारीगरों को जीवनदान दिया है। आज हमारे इस उत्पाद की मांग न केवल देश में है बल्कि दुबई और सऊदी अरब से भी डिमांड आ रही है। पहले हमारे पास 4-5 कारीगर थे अब 50 कारीगर काम कर रहे हैं। हम लोग डिमांड नहीं पूरी कर पा रहे हैं। हमारी कमाई भी सात से आठ गुना बढ़ गई है। यासीन कहते हैं-ह्यइस सरकार ने वास्तव में पुरानी कलाओं को उसका गौरव वापस किया है। हमारे यहां के कारीगर भी अब हर महीने 25 से 30 हजार रुपये कमा लेते हैं।

सरफरोशी की तमन्ना रखने वाले आजादी की लड़ाई के रणबांकुरे पं. राम प्रसाद बिस्मिल को असली सम्मान अब हासिल हुआ है। योगी सरकार ने उनके नाम पर जिले को मेडिकल कॉलेज का उपहार दिया है। मेडिकल कॉलेज का इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं विश्वस्तरीय हैं। करोड़ों की लागत से लैब का निर्माण किया गया है। यहां पर राज्य के छात्र तो एमबीबीएस की डिग्री हासिल ही कर रहे हैं बल्कि दूसरे राज्यों के भी छात्र यहां से डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार बताते हैं कि 100 बेड का हॉस्पिटल बनने से यहां के मरीजों को अब दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ता। बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज यहां उपलब्ध है। शाहजहांपुर के पास आज वो हर सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं जो एक मॉडर्न सिटी के पास होनी चाहिए। जिले से गंगा एक्सप्रेस वे जुड़ रहा है जो यहां के लोगों की पहुंच को आसान बना रहा है। औद्योगिक गलियारा का विकास तेजी से हो रहा है।

# आज प्रदेश भर के बूथों पर चलेगा विशेष अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु चार विशेष अभियान दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इन निर्देशों के क्रम में पूर्व में 11 जनवरी, 18 जनवरी तथा 31 जनवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये गये थे। इसी कड़ी में रविवार, 22 फरवरी को प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के फार्म यथा 6, 6ए, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी जहाँ मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथि की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त किया जाएगा। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान दिवस के पर्यवेक्षण हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए विशेष अभियान को सफल बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि विशेष अभियान दिवस-22 फरवरी को अपने बूथ पर जाकर अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें।

यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नही है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें अथवा एउक्ठएळ मोबाइल एप्लीकेशन या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरा जा सकता है।

# शूटिंग रेंज के पास 50 एकड़ में विकसित होगी टाउनशिप

**लखनऊ।** अमौसी के हड़ाइन खेड़ा स्थित नगर निगम की शूटिंग रेंज के पास नई टाउनशिप विकसित होगी। नगर निगम विशेष सदन ने शनिवार को खाली 50 एकड़ से अधिक जमीन पर टाउनशिप बसाने का प्रस्ताव पास कर दिया। नगर निगम यह टाउनशिप विकसित करने के लिए एलडीए को जमीन देगा। इसके बदले प्राधिकरण नगर निगम की बदहाल पड़ी शूटिंग रेंज को संवारने पर आने वाला खर्च उठाएगा। इस पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नगर निगम ने कूड़े से बिजली बनाने की परियोजना को भी मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए पांच से छह स्थान चिन्हित किए गए हैं, जो नगर निगम की ही जमीन हैं। रविवार को होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में अंतिम स्थान तय किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि अगले चरण में भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी कर परियोजना को गति दी जाएगी। इन प्रस्तावों के पारित होने के बाद नगर निगम की जमीनों पर विभिन्न सामाजिक, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

हड़ाइन खेड़ा में नगर निगम ने 19 वर्ष पहले करीब 37 एकड़ में शूटिंग रेंज बनवाई थी। बाद में और जमीन बढ़ाई गई, जिसके बाद अब शूटिंग रेंज 41.60 एकड़ में बनी है। बजट के अभाव में काम न होने से यह धीरे-धीरे बदहाल हो गई है। पिछले कई वर्ष से नगर निगम इसे संवारने के प्रयास में है। शूटिंग रेंज का क्षेत्र काफी बड़ा होने के साथ इसकी जमीन भी प्राइम लोकेशन पर है। प्रजेंटेशन के दौरान तय किया गया कि यहां अन्य खेलों के भी आयोजन हो सकता है। ऐसी व्यवस्था की जाए कि रोजाना कम से एक हजार लोग और खिलाड़ी पहुंचें। यहां पर क्लब, मैरिज हॉल, गेस्ट हाउस बनाने का भी प्रस्ताव बना। इन सभी कामों पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। करीब दो वर्ष पहले शासन शूटिंग रेंज को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की मंजूरी दे चुका है। एनआरआई नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की विशेषज्ञ टीम भी सर्वे के बाद इस पर अनापत्ति दे चुकी है। दो वर्ष से काम बजट के इंतजार में अटका है। अब शासन में तय हुआ है कि प्रोजेक्ट एलडीए को दे दिया जाए। इस पर शनिवार को नगर निगम सदन में शूटिंग रेंज के हस्तांतरण और एलडीए को टाउनशिप विकसित करने के लिए पास की खाली जमीन देने का प्रस्ताव पास किया गया।



## जियामऊ में बनेगा भाजपा का प्रदेश मुख्यालय

भाजपा का प्रदेश मुख्यालय जियामऊ में 58,534 वर्ग फीट में बनने से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। हालांकि, यह प्रस्ताव एजेंडा में शामिल न होने पर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने नाराजगी जताई। उनका कहना था कि संख्या बल होने के बाद भी इस प्रस्ताव को गुपचुप रखा गया। यह सदन की गरिमा से खिलवाड़ है। रामतीर्थ वार्ड से भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने विशेष सदन को अवैध बताकर बहिष्कार कर दिया। नगर निगम में विशेष सदन की बैठक खत्म होने के बाद में सबसे अधिक चर्चा जियामऊ में स्थित दीन दयाल सेवा न्यास की जमीन को सब लीज पर भाजपा कार्यालय बनाने के प्रस्ताव को शासन भेजने की रही। इसमें नगर निगम की तरफ से इस पूरे प्रस्ताव पर शासन से फैसला लेने का निर्णय छोड़ा गया है। विपक्षी पार्षदों का कहना है कि सदन की बैठक में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है। भाजपा पार्षदों की तरफ से कहा गया कि मुख्य प्रस्तावों में यह प्रस्ताव शामिल है। इस बात को लेकर भाजपा पार्षद दबी जुबान में कह रहे हैं कि प्रस्ताव को शासन को ही भेजा गया है।

## भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच तनातनी

बैठक में अहमदाबाद, दिल्ली और बेंगलुरु के मॉडल को दिखाया गया। इसे लेकर जमीन चिन्हित की जाएगी। सदन शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच तनातनी हो गई। पार्षद एजेंडा नहीं मिलने पर विरोध करने लगे। सपा पार्षद यावर हुसैन रेशु और कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने आपत्ति जताई। भाजपा पार्षद के बोलने पर कांग्रेस पार्षद ने कहा कि आप बार-बार न बोलिए। इसके बाद दोनों पक्षों में स्थिति यहां तक पहुंची कि अन्य पार्षदों को बीच में आना पड़ा। दरअसल, कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान सदन का एजेंडा न मिलने का विरोध कर रहे थे। इस बीच भाजपा पार्षद अन्नू मिश्रा कुछ बोलने लगे तो उन्होंने मना किया कि वह बार-बार न बोलें। इसी पर दोनों में तकरार हो गई। इसी दौरान कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी अन्नू के करीब पहुंच गईं और उन्हें शांत कराने लगीं। मामला शांत हुआ तब सदन शुरू हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक ही सदन चला है।

## सरोजिनी नगर में बनेंगे दो कल्याण मंडप

सरोजिनी नगर क्षेत्र में दो कल्याण मंडप शादी घर बनाए जाएंगे। हसनपुर खेवली और हरिहरपुर में भी उत्सव वाटिका के रूप में शादी समारोह के लिए कल्याण मंडप निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय लोगों को कम खर्च में सामुदायिक आयोजन की सुविधा मिलेगी।

## जेहटा और नटकुर में डॉग शेल्टर होम

नगर निगम सदर तहसील के जेहटा गांव में पुरानी परती जमीन पर डॉग शेल्टर होम का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सरोजिनी नगर के नटकुर में भी डॉग शेल्टर होम बनाया जाएगा। दोनों प्रस्तावों को कार्यकारिणी ने मंजूरी दे दी है। इससे आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान और उनके संरक्षण में मदद मिलेगी।

## मस्तेमऊ में वृद्धाश्रम और महिला हॉस्टल

मोहनलालगंज क्षेत्र के मस्तेमऊ गांव में निराश्रित बुजुर्गों के लिए ओल्ड एज होम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही महिला सुरक्षा और आवास सुविधा को ध्यान में रखते हुए वूमेन हॉस्टल भी बनाया जाएगा। सदन ने भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना सीएसआर निधि के तहत विकसित की जाएगी।

## हरिहरपुर में बनेगा सीएमओ कार्यालय

सरोजिनी नगर तहसील के हरिहरपुर स्थित ऊसर खाते में दर्ज भूमि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के लिए दी जाएगी। यहां कार्यालय परिसर, आवासीय भवन और गैराज आदि का निर्माण प्रस्तावित है। इससे स्वास्थ्य विभाग की प्रशासनिक गतिविधियों को नया आधार मिलेगा।

## कांग्रेस और सपा ने बताया गलत हो रहा

कांग्रेस पार्टी मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भाजपा ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। ऐसा नहीं होना चाहिए। क्योंकि सदन में इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। एजेंडा पहले से दिया नहीं गया। इसके बाद में जो सदन में मिला भी उसमें भी इस बात का कोई जिक्र नहीं था। सपा के पार्षद राम नरेश चौरसिया ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। सदन में इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। न ही कोई जानकारी मिली है। ऐसे में क्या किया जाए।

## महापौर से भाजपा पार्षद की तकरार, नगर निगम सदन का हुआ बहिष्कार

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने शनिवार को नगर निगम सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर सियासी हलचल तेज कर दी। विशेष सदन की वैधता को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल से तीखी बहस के बाद वह बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। हजरतगंज क्षेत्र से पार्षद और सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य नागेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि विशेष सदन का एजेंडा निर्धारित समय से पहले उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि जब पार्षदों को यह जानकारी ही नहीं कि एजेंडे में क्या विषय शामिल हैं, तो बैठक नियमों के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। चौहान ने इसे नियमों के विपरीत और अवैध करार देते हुए सदन की कार्यवाही को मानने से इनकार कर दिया। महापौर और चौहान के बीच इस मुद्दे पर तीखी नोकझोंक शुरू हो गयी। माहौल गमार्ता देख महापौर ने कहा कि यदि उन्हें आपत्ति है तो वे सदन छोड़ सकते हैं। इसके बाद चौहान ने बहिष्कार की घोषणा करते हुए बाहर निकल गए। हालांकि उन्होंने दावा किया कि कई भाजपा पार्षद उनके समर्थन में हैं, लेकिन बाहर जाते समय कोई अन्य पार्षद उनके साथ नहीं गया। चौहान ने चेतावनी दी कि वह इस मामले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

## प्लांट में एक भी रुपया नहीं लगेगा

मेयर ने बताया वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने के उद्देश्य से सदन बुलाया गया था। जब भी शहर में नया करना होता है तो उससे पहले बैठक बुलाती हूं। एजेंडा देने की कोई बात ही नहीं है। पार्षदों के सवाल पर मेयर ने कहा- इसमें हमारा एक भी रुपया खर्च नहीं होगा। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने कहा- पहले की कंपनियों के साथ एनर्जी के लिए कॉन्ट्रैक्ट नहीं है। कहा इस प्रस्ताव में जमीन के साथ एडवाइजर की तरफ से आए सुझावों को शासन को भेजा जाएगा। ट्रांजैक्शन एडवाइजर आने के बाद में हम यह कह पाएंगे कि इसे हम सेंट्रलाइज्ड करें या फिर डी-सेंट्रलाइज्ड होगी। उसके बाद प्लांट के बारे में अपडेट आएगा। मौजूदा कंपनी एलएसए और लायन के कॉन्ट्रैक्ट में बिजली बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। पिछली कंपनी आने के बाद में वह इसलिए नहीं चली क्योंकि किसी भी संचालन के लिए रेगुलर पेमेंट की जरूरत है। पिछली कंपनी ने प्रोसेसिंग के बारे में नहीं पूछा था। एनजीटी का दबाव होने पर अनुबंध को निरस्त किया था। अभी दो तरह से कूड़ा निस्तारण कर रहे हैं। गीले कचरे को वहीं पर अलग कर देते हैं। उसकी गैस 60 दिन तक अब भी वातावरण में जा रही है।

## भाजपा-कांग्रेस पार्षदों में भी झड़प

■ सदन की कार्यवाही के दौरान भाजपा के अनुराग मिश्रा अन्नू और कांग्रेस के मुकेश सिंह चौहान के बीच भी तीखी बहस हो गई। मुकेश चौहान जब अपनी बात रख रहे थे, तब भाजपा पार्षदों की ओर से टोके जाने पर हंगामा शुरू हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जान बूझकर बोलने नहीं दिया जाता। इस बीच कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी भी विवाद में कूद पड़ीं और अनुराग मिश्रा के पास पहुंच गईं। दोनों पक्षों के बीच तीखी कहासुनी और तनातनी की स्थिति बन गई, जिससे सदन का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बैठक के दौरान कई बार शोर-शराबे के कारण कार्यवाही बाधित रही।

# बिजली कर्मचारियों के घर स्मार्ट मीटर लगाने का होगा विरोध

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने बिजली कर्मचारियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कार्यवाही पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की हुई मीटिंग में इस संबंध में जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया गया। संघर्ष समिति ने कहा है कि ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों को रियायती विद्युत सुविधा इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट, 1999 एवं ट्रांसफर स्कीम, 2000 के अंतर्गत प्राप्त है, जिसे इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 द्वारा भी संरक्षण प्राप्त है। इसके बावजूद कर्मचारियों के आवासों पर बलपूर्वक स्मार्ट मीटर लगाए जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है। संघर्ष समिति ने कहा कि दिनांक 20 फरवरी को लखनऊ के प्राग नारायण रोड स्थित हाइडल कॉलोनी में जिस प्रकार फाटक का ताला तोड़कर, दीवार कूदकर कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए, वह अत्यंत निंदनीय है। इस प्रकार की कार्रवाई से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और कार्यस्थलों पर अनावश्यक तनाव एवं अशांति का वातावरण बन रहा है। संघर्ष समिति ने पॉवर कार्पोरेशन के चेयरमैन को पत्र भेजकर प्रबंधन से मांग की है कि बिजली कर्मचारियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही तत्काल रोकी जाए तथा इस विषय पर समिति के साथ शीघ्र वार्ता की जाए। समिति द्वारा पूर्व में भी कई बार वार्ता का अनुरोध किया जा चुका है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जबरन मीटर लगाने की कार्यवाही बंद कर वार्ता नहीं की गई तो 26 फरवरी को लखनऊ में केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति के आह्वान पर 23 फरवरी को समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर संघर्ष समिति के स्थानीय पदाधिकारी उस जनपद, परियोजना पर सबसे वरिष्ठ अधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन देंगे और व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबंधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जाँच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पताः– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

## सीएमएस के 17 शिक्षक चयनित

**लखनऊ।** नवीन शिक्षण पद्धति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करते हुए सीएमएस के 17 शिक्षकों ने इंटरनेशनल एआई फॉर इनोवेटिव टीचिंग ओलंपियाड में दुनिया के टॉप 200 शिक्षकों में स्थान अर्जित कर वैश्विक परिदृश्य पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपी एजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया, जिसमें भारत समेत कई देशों के हजारों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस ओलम्पियाड में शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा को आंका गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : निरीक्षण में 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नदारद

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।

निरीक्षण के दौरान 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी से नदारद पाए गए। इसे गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी 19 मजिस्ट्रेटों के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षा जैसी संवेदनशील जिम्मेदारी में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2026 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04530/04529 सरहिंद – मधुबनी – सरहिंद आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04530 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04529 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:00 | सरहिंद | 05:15 | -- |
| 01:45 | 01:55 | लखनऊ जं. | 17:00 | 17:10 |
| 19:00 | -- | मधुबनी | -- | 23:00 |

चलने के दिन: 04530 सरहिंद से दिनांक 25.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04529 मधुबनी से दिनांक 26.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: राजपुरा, अम्बाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मनकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।

**04610/04609 अमृतसर जं. – मानसी जं. – अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04610 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 13:15 | -- |
| 02:30 | -- | मानसी जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04610 अमृतसर जं. से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04609 मानसी जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंढारी कलाँ, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. स्टेशन।

**04302/04301 हरिद्वार – मुज़फ्फरपुर जं. – हरिद्वार आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:45 | हरिद्वार | 15:30 | -- |
| 12:30 | -- | मुज़फ्फरपुर जं. | -- | 14:45 |

चलने के दिन: 04302 हरिद्वार से दिनांक 25.02.2026, 28.02.2026 एवं 03.03.2026 को और 04301 मुज़फ्फरपुर जं. से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लक्सर जं., नजीबाबाद जं., धामपुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी एवं चकिया स्टेशन।

**04014/04013 आनंद विहार (ट) – लौकहा बाजार – आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:40 | आनंद विहार (ट) | 03:40 | -- |
| 20:15 | -- | लौकहा बाजार | -- | 21:30 |

चलने के दिन: 04014 आनंद विहार (ट) से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04013 लौकहा बाजार से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी, शिशो, सकरी जं. एवं झंझारपुर स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं. – वाराणसी आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | -- |
| 13:30 | -- | दिल्ली जं. | -- | 19:25 |

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04210 दिल्ली जं. से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**04066/04065 आनंद विहार (ट) – खोरधा रोड जं. – आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 11 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | आनंद विहार (ट) | 08:15 | -- |
| 12:30 | -- | खोरधा रोड जं. | -- | 15:30 |

चलने के दिन: 04066 आनंद विहार (ट) से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 और 04065 खोरधा रोड जं. से दिनांक 28.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, चन्द्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं. बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04052 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04051 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | -- |
| 23:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 01:40 |

चलने के दिन: 04052 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 से 03.03.2026 और 04051 हावड़ा जं. से दिनांक 27.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04002/04001 नई दिल्ली – दादर – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04001 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:40 | नई दिल्ली | 21:05 | -- |
| 22:40 | -- | दादर | -- | 00:05 |

चलने के दिन: 04002 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04001 दादर से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

**04616/04615 फिरोज़पुर कैंट जं. – दानापुर – फिरोज़पुर कैंट जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04616 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04615 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:00 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 23:55 | -- |
| 17:30 | -- | दानापुर | -- | 21:10 |

चलने के दिन: 04616 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04615 दानापुर से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मोगा, लुधियाना, अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – कोलकाता – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 22:25 | -- |
| 08:00 | -- | कोलकाता | -- | 13:55 |

चलने के दिन: 04312 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 26.02.2026 एवं 02.03.2026 को और 04311 कोलकाता से दिनांक 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल जं. एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04614/04613 अमृतसर – कटिहार – अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04614 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04613 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | अमृतसर | 14:40 | -- |
| 01:00 | -- | कटिहार जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04614 अमृतसर से दिनांक 25.02.2026, 01.03.2026 एवं 05.03.2026 को और 04613 कटिहार जं. से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., ढंढारी कलाँ, अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान, छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., खगड़िया जं., मानसी जं. एवं नवगछिया स्टेशन।

**04412/04411 तिलक ब्रिज – मुरादाबाद जं. – तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04412 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04411 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:00 | तिलक ब्रिज | 16:50 | -- |
| 13:00 | -- | मुरादाबाद जं. | -- | 13:30 |

चलने के दिन: 04412 तिलक ब्रिज और 04411 मुरादाबाद जं. से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद जं., पिलखुआ, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गज़रौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**08629/08630 राँची – गोरखपुर जं. – राँची होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08629 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08630 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | राँची | 20:45 | -- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 08:10 | 08:20 |
| 21:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 00:50 |

चलने के दिन: 08629 राँची से दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और 08630 गोरखपुर जं. से दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे (सप्ताह में दो दिन) स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:40 | पुणे | 16:20 | -- |
| 15:30 | 15:40 | वाराणसी जं. | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | -- | गाजीपुर सिटी | -- | 04:20 |

चलने के दिन: 01431 पुणे से दिनांक 24.02.2026, 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) को और 01432 गाजीपुर सिटी से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026, 05.03.2026 एवं 08.03.2026 (प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

**01491/01492 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे (साप्ताहिक) स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:30 | पुणे | 23:55 | -- |
| 20:00 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 21:25 |

चलने के दिन: 01491 पुणे से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार) और 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लोणावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी जं., भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.–गोरखपुर– छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01080 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | -- |
| 04:10 | 04:15 | लखनऊ जं. | 19:50 | 19:55 |
| 10:00 | -- | गोरखपुर | -- | 14:30 |

चलने के दिन: 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 08.03.2026 को और 01080 गोरखपुर से दिनांक 23.02.2026 से 10.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा जं., ईटारसी ज., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01415/01416 पुणे – गोरखपुर – पुणे स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01415 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:50 | पुणे | 03:15 | -- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ जं. | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | -- | गोरखपुर | -- | 17:30 |

चलने के दिन: 01415 पुणे से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 और 01416 गोरखपुर से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**06569/06570 यशवंतपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन – यशवंतपुर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06569 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06570 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:40 | यशवंतपुर जं. | 21:40 | -- |
| 14:45 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 07:00 |

चलने के दिन: 06569 यशवंतपुर से दिनांक 25.02.2026 और 06570 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: येलहंका जं., धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन जं. कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट जं. बल्हारशाह, नागपुर जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05219/05220 मुज़फ्फरपुर जं. – आनंद विहार (ट) – मुज़फ्फरपुर जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05219 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:30 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | -- |
| 10:00 | -- | आनंद विहार (ट) | -- | 12:00 |

चलने के दिन: 05219 मुज़फ्फरपुर जं. से दिनांक 06.03.2026 और 05220 आनंद विहार (ट) से दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. ईकोनॉमी।
ठहराव: हाजीपुर जं., सोनपुर जं., पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**05559/05560 रक्सौल जं. – उधना जं. – रक्सौल जं. स्पेशल मेल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05559 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05560 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:30 | रक्सौल जं. | 00:15 | -- |
| 14:50 | 15:00 | लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| 13:05 | -- | उधना जं. | -- | 15:35 |

चलने के दिन: 05559 रक्सौल जं. से दिनांक 28.02.2026 और 05560 उधना जं. से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सिकटा,नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, सीहोर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं. एवं भरुच जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा घायल, गिरफ्तार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने शुक्रवार देर रात हुई मुठभेड़ में महिला से चेन लूट करने के मामले में फरार लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान लुटेरे के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

पीजीआई थाना क्षेत्र में 20 फरवरी को बैंक मैनेजर की पत्नी से चेन स्नेचिंग की घटना सामने आयी थी, जिसे लेकर पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार देर रात बरौली पुल के नीचे चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बिना नम्बर प्लेट की हीरो स्ट्रीम मोटरसाइकिल दिखी जो कि बरौली पुल से उतरेठिया की तरफ आ रही थी, जिसको पुलिस बल ने रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस बल पर फायर कर दिया। इस पर पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया, जिसमें अभियुक्त के घुटने के नीचे फायर बांए पैर मे गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इस बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमन्चा .315 बोर बरामद किया, जिसमें 01 .315 बोर का खोखा कारतूस फंसा हुआ था। पुलिस ने जामा तलाशी ली तो 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, पैन्ट की जेब से 3.360 ग्राम की पीली धातु की चेन बरामद हुआ। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन हीरो स्ट्रीम व 1700 रुपए भी कब्जे में लिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से दो .9 एम एम के खोखा कारतूस भी बरामद हुए है।

पूछताछ से अभियुक्त ने अपना नाम विवेक कुमार यादव उर्फ शेरू यादव (22) पुत्र स्व. श्रवण यादव निवासी बघराजपुर श्रमन देहात थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर जनपद सुल्तानपुर बताया। अभियुक्त को गोली लगने से घायल होने के कारण पीजीआई ट्रामा में इलाज के लिए भेजा गया, जहां से उसे केजीएमयू भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपित के खिलाफ चौक थाने में वर्ष 2023 में रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है। इसके अलावा इसी साल जनपद सुलतानपुर में बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है।

## हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से अधेड़ की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विराम खंड स्थित सामदायिक केन्द्र में विवाह समारोह के दौरान गुरुवार देर रात हर्ष फायरिंग में एक अधेड़ व्यक्ति की गोली लगने से इलाज के दौरान मौत हो गयी।

बताते हैं कि 20/21 को मध्य रात्रि समय लगभग 01.30 पुलिस को डायल-112 से थाना गोमतीनगर को सूचना किली कि थाना क्षेत्र के विराटखण्ड-1 स्थित सामुदायिक केन्द्र में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली लग गई है, जिसे उपचार के लिए पास ही स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गोमतीनगर मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सुनील यादव (50) पुत्र स्व. ठाकुर प्रसाद यादव निवासी चांदन थाना अलीगंज, नियर कपूरथला चौराहा अपने रिश्तेदार के विवाह समारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विराटखण्ड-1 में सम्मिलित होने आए थे। समारोह के दौरान की जा रही हर्ष फायरिंग के दौरान उसे गोली लग गई।

घटना के बाद वहां उपस्थित परिजनों व रिश्तेदारों ने घायल सुनील को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल में मृतक के परिजन उपस्थित थे, जिनकी मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि जांच व पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि विवाह समारोह में सम्मिलित होने आए शाश्वत सिंह ने हर्ष फायरिंग की गई थी, जिसके दौरान घटना घटित हुई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 02 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया है, जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अभियुक्त की तलाश व गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## दबंगों ने दुकानदार और उसके साथी पर किया हमला, मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर के बारावीरवा अपोलो हॉस्पिटल के पास गुरुवार देर रात दबंगों ने एक दुकानदार और उसके साथी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों लोग घायल हो गए। पीड़ित ने कृष्णा नगर थाने में दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशियाना के सेक्टर एच निवासी करन यादव बारावीरवा अपोलो हॉस्पिटल के पास चाय की दुकान है। आरोप है कि गुरुवार रात करीब 11 बजे विनोद रावत, अंकित, अभिषेक, शोभित, ध्रुव, विनय, संजय अपने तीन-चार साथियों के साथ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर दुकान पहुंचे। और देखते ही देखते सभी ने करन पर हमला बोल दिया। करन को पीटता देखकर उसका दोस्त शिवांश उसे बचने के लिए दौड़ा। इस दौरान दबंगों ने शिवांश के सिर पर लोहे की रॉड मार दी। जिससे वह बेसुध होकर गिर गया। भीड़ को आता देखकर दबंग मौके से भाग निकले। करन ने पड़ोसियों के साथ घायल दोस्त को लोकबुंध अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने इलाज करने के बाद उनकी छुट्टी कर दी। वहीं पीड़ित दुकानदार ने कृष्णानगर थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**कॉलोनी के लोगों ने दौड़ाया तो बाइक छोड़ भागे बदमाश:** मोहनलालगंज कस्बे के नीलकंठ विहार कालोनी में निमार्णाधीन मकान से शुक्रवार की रात्रि बिजली के तार व अन्य सामान चोरी कर भाग रहे बदमाशों को कॉलोनी के लोगों ने दौड़ा लिया। बदमाश बाइक व चोरी का सामान छोड़ कर भाग निकले। बरामद बाइक सीतापुर जिले में दर्ज है। पुलिस की टीम सीतापुर भेजी गई है। दुर्गा माता मंदिर के पास नीलकंठ कालोनी में मुकेश उपाध्याय के निमार्णाधीन मकान में काम चल रहा है। चोर उनके घर में से बिजली के तारों के बंडल व अन्य सामान बोरियों में भरकर शनिवार भोर लगभग तीन बजे भाग रहे थे। कॉलोनी के लोगों की नजर पड़ी तो उन्होने चोरों को दौड़ा लिया लेकिन अंधेरा होने से चोर सामान व अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा व अन्य लोगों ने काफी दूर तक तलाश किया लेकिन चोर नहीं मिले। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि बाइक सीतापुर जिले के जिस व्यक्ति के नाम पंजीकृत है, उसके मोबाइल नंबर का लोकेशन दिल्ली बता रहा है। पुलिस टीम सीतापुर रवाना की गई है। भवन स्वामी बाहर गए हुए हैं, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करेंगे।

# पिटाई से दोस्त का सिर फूटा, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके के बाराबिरवा अपोलो हॉस्पिटल के निकट ठेले पर चाय बन मक्खन बनाने वाले दुकानदार और उसके साथी पर गुरुवार रात लाठी डण्डों से लैस दबंगों ने दुकानदार और साथी पर हमला कर दिया। पिटाई से दुकानदार के साथी के सिर में गंभीर चोटे आ गई। पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय थाने पर नामजद शिकायत की है। आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एच में रहने वाला करन यादव पुत्र स्व. तुलसी यादव बाराबिरवा अपोलो हॉस्पिटल निकट चाय का ठेला लगाता है। आरोप है कि गुरुवार रात्रि करीब 11 बजे विनोद रावत, अंकित, अभिषेक, शोभित, ध्रुव, विनय, संजय जायसवाल अपने कुछ अन्य साथियों के साथ लाठी डण्डों और लोहे की रॉड से लैस होकर उसकी दुकान पर पहुंचे और अकारण ही उसपर हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में उसके मित्र शिवांश का सिर पर रॉड से हमला कर लहुलुहान कर दिया। लोकबंधु अस्पताल में इलाज दौरान पीड़ित दुकानदार ने कृष्णा नगर थाने पर नामजद शिकायत की है। पुलिस दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

**सरेराह छात्रा से छेड़छाड़ ,विरोध पर दी धमकी:** कृष्णानगर क्षेत्र में रास्ते से जा रही 12वीं की छात्रा को शुक्रवार सुबह दो पूर्व परिचित मनचले शोहदों ने रास्ता रोक छेड़छाड़ करने लगे और विरोध पर धमकी देते हुए फरार हो गए। पिता की शिकायत पर पुलिस ने शोहदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया पारा क्षेत्र मे रहने वाली युवती के पिता का आरोप है शुक्रवार की सुबह करीब 8.15 बजे उनकी पुत्री गंगाखेड़ा मोड़ से गुजर रही थी। उसी दौरान वहां मौजूद अंकित कश्यप पुत्र सियाराम और अरुण ने उनकी पुत्री को गंगाखेड़ा के पास कबाड़ की दुकान के निकट रोक छेड़खानी करने लगे और उनकी पुत्री सहित वहां से गुजर रहे राहगीरों ने विरोध कर पुलिस को सूचना दिया तो शोहदे धमकी देते हुए फरार हो गए। पिता ने शोहदों के खिलाफ नामजद कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पिता की शिकायत पर पुलिस छेड़छाड़ और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

**बिना किसी कारण दबंगों ने पीटा, घायल:** गोसाईंगंज इलाके में कुछ दबंगों ने बिना किसी कारण एक व्यक्ति की पिटाई कर दी, जिससे वह चोटिल हो गया। पीड़ित आबिद अली ने बताया कि वह ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईंगंज का रहने वाला है। 20 फरवरी को दोपहर करीब 02 बजे मेरे पिता रहमत अली जो गुड्डू निवासी ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईंगंज से अपनी कुछ बात चीत कर रहे थे कि वहां पर रिजवान अली, सहनवा अली व सैफ अली निवासीगण ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईंगंज के द्वारा आकर बिना किसी कारण पिता को गन्दी गन्दी गालियां देकर लात घूसो व डण्डो से मारा पीटा जिससे पिता को सिर पर चोटे आई है एवं जान से मार देने की धमकी दी है।

# गौ हत्या केस की एफआईआर को फिल्मी अंदाज में लिखी गयी मानते हुए हाई कोर्ट ने जतायी नाराजगी

● बहराइच एसपी से किया जवाब तलब

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बहराइच के पुलिस अधीक्षक (एस.पी.) से गो-हत्या के एक मामले में जिला पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी से संरक्षण देते हुए पीठ ने कहा कि यदि एस.पी. अपना व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल नहीं करते हैं, तो उन्हें पूरे प्रकरण के अभिलेखों सहित न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च निर्धारित की गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन तथा न्यायमूर्ति पी.के. श्रीवास्तव की पीठ ने अकबर अली द्वारा दायर रिट याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ता ने 22 जनवरी, 2026 को बहराइच जिले के जरवल रोड थाने में उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती दी थी।

दरअसल मुखबिर की एक सूचना के आधार पर पुलिस दल ने गो-हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोप में तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया था और उन्होंने घटनास्थल से फरार हो गये चैथे अभियुक्त के रूप में याचिकाकर्ता का नाम बताया था। एफआईआर का अवलोकन करते हुए पीठ ने पाया कि उसमें घटना का समय प्रातः 10:45 बजे अंकित है और यह भी उल्लेख है कि जब पुलिस दल मौके पर पहुंचा तो याचिकाकर्ता एवं अन्य लोग यह कहते हुए सुने गए कि अब उजाला होने वाला है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त किया कि प्रातः 10: 45 बजे तक भोर कैसे नहीं हुई थी। न्यायालय ने यह भी नोट किया कि एफआईआर में कुछ सामान्य टिप्पणियां दर्ज हैं, जो किसी फिल्मी पटकथा जैसी प्रतीत होती हैं। मामले में एफआईआर दर्ज करने के तरीके पर असंतोष व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा कि उस के सामने बार ऐसी एफआईआर आ रही हैं जिनमें प्रयुक्त भाषा जमीनी हकीकत को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं बल्कि वह सुनी-सुनाई, लिखित-पटकथा जैसी तथा फिल्मों से अत्यधिक प्रभावित, काल्पनिक और अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत की गई प्रतीत होती है। ऐसी पुनरावृत्ति पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है कि न्यायालय हस्तक्षेप करे और पुलिस द्वारा दर्ज की जा रही काल्पनिक एवं अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर लिखी गई एफआईआर पर रोक लगाए जिसका कि यह प्रकरण प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## देव स्थल बाबा बरगदिहा तक पक्का मार्ग नही बना तो किसान करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर मजरा खरगीपुर से देवस्थल बाबा बरगदिहा तक जाने वाला मात्र 500 मीटर का कच्चा रास्ता आजादी के बाद से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने कच्चे रास्ते पर पक्का मार्ग बनाने के लिए मोहनलालगंज ब्लॉक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की पर नतीजा कुछ नहीं निकला। देवस्थल बाबा बरगदिहा तक जाने वाला कच्चा रास्ता पूरी तरह गढ्ढों में तब्दील हो चुका है। देवस्थल पर आने-जाने वाले श्रद्धालु भक्तगण गांव के ग्रामीण किसान सहित स्कूली बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल वर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने कच्चे रास्ते पर खड़ंजा लगाने के लिए शनिवार को तहसील दिवस मे मोहनलालगंज खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत देकर आवाज उठाई है।

# पत्थरबाजी, मानव व ड्रग्स तस्करी की रोकथाम पर चर्चा

● रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा-उभरती चुनौतियों पर सेमिनार आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने जीआरपी के प्रतीक चिह्न (लोगो) का शुक्रवार को लोकार्पण किया। कार्यशाला में ट्रेनों पर पत्थरबाजी, मानव व मादक पदार्थों की तस्करी और नकली नोटों की रोकथाम पर चर्चा की गई। जीआरपी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का प्रयास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में जीआरपी की कार्य प्रणाली पर चर्चा की गई। ट्रेनों पर पत्थरबाजी, मानव व मादक पदार्थों की तस्करी और नकली नोटों पर प्रभावी रोकथाम के बारे में बताया गया। पुलिस मुख्यालय के चिंतन सभागार में रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा-उभरती चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्रकाश डी, एडीजी, रेलवे उत्तर प्रदेश ने कहा कि प्रदेश में भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। इस नेटवर्क में जीआरपी छह अनुभागों एवं 65 थानों में विभाजित है। मिशन शक्ति अभियान, पत्थरबाजी और मानव व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए जीआरपी प्रभावी कार्य कर रही है। एनआर आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त राजीव रंजन ने सेबोटॉज एवं पत्थरबाजी, एसटीएफ लखनऊ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने नकली नोट, मानव सेवा संस्थान, गोरखपुर के निदेशक ने मानव तस्करी, एनसीबी के जोनल डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने ड्रग्स तस्करी की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। आरपीएफ के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला ने रेलवे सुरक्षा और प्रयागराज रेलवे के एसपी प्रशांत वर्मा ने प्रबंधन विषय पर अपनी बात रखी। कार्यशाला में आरपीएफ एवं जीआरपी के सभी अनुभागों के अधिकारी निरीक्षक, उप-निरीक्षक, मुख्य आरक्षी/आरक्षीगण आदि उपस्थित रहे।

## महिला बस यात्री के पास से हेरोइन बरामद

**लखनऊ।** डीआरआई यानी राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने एक बार फिर बीबीडी के पास नेपाल से आ रही बस में हेरोइन की तस्करी पकड़ी है। यह बस नई दिल्ली जा रही थी। साथ ही मिजोरम की एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया है। खुफिया इनपुट के आधार पर शनिवार को डीआरआई के अफसरों ने चिनहट में बीबीडी के पास डेरा जमाया था। जैसे ही नेपाल से आ रही बस इस ओर आई, उसे रोक लिया गया। यात्रियों के सामान की जांच की गई तो 3.6 किलो हेरोइन बैग में बरामद हुई। इसकी कीमत 7.2 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह बैग मिजोरम की रहने वाली महिला यात्री लालरे म्रुआपकू को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व 13 फरवरी को इसी स्थान पर नेपाल से आ रही बस में यात्रा कर रहे दिल्ली के संदीप को 10.4 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

**परिचित बनकर महिला से ठगे 38 हजार, केस:** परिचित बनकर साइबर ठगों ने एक महिला के बैंक खाते से 38 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। जानकारी होने पर महिला ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रायबरेली रोड़ पाठकपुरम निवासी प्रथा श्रीवास्तव ने बताया कि 18 फरवरी को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अशोक बताया। उसने कहा कि उनके पति डीके सिंह ने ऑनलाइन 12 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा है। ठग ने पीड़िता के मोबाइल पर बीस हजार रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज भेज दिया।

## जीएसटी का छापा, लाखों की जीएसटी चोरी पकड़ी

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित ट्रांसपोर्ट नगर जीएसटी पीटीओ स्मृति गुप्ता, सोनी मल को 7 नंबर पार्किंग में छापा मारा गया, जिसमें बसों द्वारा सवारी के अलावा अवैध रूप से माल का संचालन बिना बिल के किया जा रहा है । यह पार्किंग अजय सिंह (ज्योति), राजेंद्र मिश्रा, अरविंद चौबे अंतर्गत ठेके पर संचालित हो रही हैं। पहले भी कई बार एसोसिएशन के माध्यम से सूचना दी जा चुकी है, जिसमें अभी हाल जीएसटी विभाग द्वारा छापा भी मारा गया था, लेकिन दोबारा फिर कार्य चालू हो गया है। यह पार्किंग बाहुबली भाजपा नेता के अंतर्गत है। आम आदमियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसमें कहीं बड़े नेता शामिल है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम आशमन द्विवेदी से बदलकर देवांश द्विवेदी रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को देवांश द्विवेदी के नाम से जाना पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए। **प्रदीप कुमार दुबे पुत्र सुरेंद्र नाथ दुबे निवासी 152 ग्राम व पोस्ट अंजना थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे भवन संख्या 1238ए रक्बा 3500 व 1236ए रक्बा 1600 वर्गफिट मे किसी प्रकार का वाद विवाद किसी व्यक्ति या संस्था स्तर पर विचाराधीन नही है। प्रार्थी जन अपनी स्वेच्छा से बैंक मे उक्त आराजी को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते है। जिसको आपत्ति हो 3 दिवस में करे। **रामेन्द्र बहादुर खरे पुत्र उपेन्द्र बहादुर खरे निवासी मुंशीगज, बाराबंकी।**

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक 15 फुट दूर सड़क पर जा गिरा। घटना की सूचना मिलने पर उसे पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान शनिवार सुबह युवक की मौत हो गई। बंथरा निवासी संजय यादव (32) राजगीर मिस्त्री थे। वह शुक्रवार रात रामदास पुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान हरौनी से सहिदनपुर रेलवे फाटक जाने वाली डिफेंस रोड़ पर पॉवर हाउस के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के चलते वह दूर जा गिरा, जिससे उनका दाहिना पैर बुरी तरह क्षत विक्षत हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आनन फानन में संजय को पीजीआई स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचाया। इलाज के दौरान चिकित्सकों को उनका दाहिना पैर गांठ के नीचे काटना पड़ा। संजय का इलाज चल ही रहा था कि शनिवार सुबह संजय ने दम तोड़ दी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात कार का पता लगा रही है। वहीं मृतक के परिवार में उसकी पत्नी ममता यादव के अलावा 10 वर्षीय बेटा साजन और सात वर्षीया बेटी सौम्या है।

**वाहन की टक्कर से लांड्री में काम करने वाला युवक घायल:** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में लांड्री पर काम खत्म कर वापस घर जा रहे युवक को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस के मुताबिक किशन चन्द्र कन्नौजिया निवासी ग्राम खालिसपुर पोस्ट टहर बाजिदपुर जिला आजमगढ थाना कप्तानगंज वर्तमान पता हरिहरपुर सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ में रहकर लांड्री में काम करता था। शुक्रवार की रात घर वापसी के दौरान लूलू मॉल के पास किसी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना कर भागने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

## ऑपरेशन के लिए भर्ती बुजुर्ग महिला की मौत, जांच के आदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में कूल्हे के ऑपरेशन के लिए भर्ती बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बुजुर्ग महिला को सांस लेने में तकलीफ बढ़ती जा रही थी लेकिन डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ ने ध्यान नहीं दिया। नतीजतन मरीज की सांसें थम गईं। बेटे ने इलाज में कोताही का आरोप लगाते हुए डिप्टी सीएम से शिकायत की है। अस्पताल के सीएमएस ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बना दी है। दुबग्गा लालाबाग निवासी राजरानी (72) को कूल्हे में दिक्कत थी। परिजनों ने कई अस्पतालों में दिखाया लेकिन फायदा नहीं हुआ। आखिकर में परिवारीजन ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। डॉक्टर की सलाह पर परिजनों ने 16 फरवरी को मरीज को हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था। लिहाजा मरीज का ऑपरेशन योजना के तहत किया जाना था। बेटे नीरज का आरोप है अस्पताल के वार्ड में आए एक कर्मचारी ने ऑपरेशन से पहले 15 हजार रुपये मांगे थे। बेटे ने रुपये देने से इनकार कर दिया। 19 फरवरी की सुबह करीब चार बजे मरीज को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। वार्ड में कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। काफी खोजबीन के बाद स्टाफ मिले तो उन्होंने तीमारदार को फटकार लगाकर भगा दिया। काफी देर के बाद स्टाफ वार्ड में आए तब तक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। नाराज परिजनों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से शिकायत की है। डॉ. एसपी सिंह ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी पीड़ित परिजनों व ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर व कर्मचारियों के बयान दर्ज करेगी। वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच करेगी। इसके बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**अति अल्पकालीन ई- निविदा सूचना संख्या 122/ECTC(L)/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 122 **कार्य का नाम :-** 132 के.वी. उपकेन्द्र, लखीमपुर पर 63 एम.वी.ए. ट्रान्सफार्मर की स्थापना एवं 132 के.वी. बस बार के विस्तार हेतु जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** :- रू. 180.13 लाख **कार्यावधिः-** 04 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 28.02.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 03.03.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"**
**(पत्रांक 640 / दि. 21.02.2026)**

# 'स्वयंभू' सिर्फ फिल्म नहीं, हमारी जड़ों की कहानी है : निखिल सिद्धार्थ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्वयंभू को लेकर चर्चा में हैं। कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद जहां दर्शक उनके अगले प्रोजेक्ट का इंतजार कर रहे थे, वहीं निखिल पिछले दो वर्षों से इस महत्वाकांक्षी फिल्म की तैयारी में जुटे थे। हाल ही में रिलीज हुए टीजर को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। खास बातचीत में निखिल ने अपने लंबे ट्रांसफॉर्मेशन, कठिन प्रशिक्षण, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव पर खुलकर बात की।

**इतनी मेहनत और इस सराहना पर आपकी क्या भावना है ?**

हमने स्वयंभू के लिए लगभग दो वर्षों तक पूरी लगन से काम किया। इसे सिर्फ मेहनत नहीं कहूंगा, हमने इसे जिया है। लंबे बाल रखना, दाढ़ी बढ़ाना और शरीर को योद्धा जैसा बनाना आसान नहीं था। मैं शारीरिक रूप से दुबला हूं, इसलिए मांसपेशियां बढ़ाने के लिए विशेष आहार और कठिन अभ्यास करना पड़ा। हर एक्शन दृश्य से पहले तैयारी करनी होती थी। यह चुनौतीपूर्ण जरूर था, लेकिन अनुभव बेहद सुंदर रहा। अब जब टीजर को लोगों का प्यार मिल रहा है, तो लगता है कि इंतजार सार्थक होगा।

**फिल्म की तकनीकी टीम बेहद मजबूत है। क्या इससे अपेक्षाएं बढ़ गईं ?**

निश्चित रूप से। हमारे छायांकन निर्देशक के. के. सेंथिल कुमार ने बाहुबली और आरआरआर जैसी भव्य फिल्मों में काम किया है। संगीत रवि बसरूर का है जिन्होंने केजीएफ, सालार और मार्को जैसी फिल्मों का संगीत दिया है। जब ऐसे अनुभवी लोग किसी परियोजना से जुड़ते हैं, तो जिम्मेदारी स्वतः बढ़ जाती है। यह भरोसा केवल कलाकार पर नहीं, बल्कि कहानी की ताकत पर भी आधारित होता है।

**टीजर में सेंगोल दिखाया गया है। बहुत लोग इसके बारे में नहीं जानते। फिल्म की कहानी क्या है ?**

फिल्म की शुरूआत सेंगोल से होती है, जो राजदंड और धर्म का प्रतीक माना जाता है। कथा ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी वर्ष 985 ईस्वी के एक सैनिक कृष्णन रामन के इर्द-गिर्द घूमती है। वह कोई राजा नहीं, बल्कि एक साधारण सैनिक है, लेकिन परिस्थितियां उसे बड़े राजनीतिक घटनाक्रम का हिस्सा बना देती हैं। यह कहानी दिखाती है कि एक सामान्य व्यक्ति भी असाधारण योगदान दे सकता है।

**आपकी फिल्मों में भारतीय संस्कृति और इतिहास की झलक साफ दिखाई देती है। क्या यह आपकी सोच का हिस्सा है ?**

हां, बिल्कुल। बचपन में दादा-दादी से रामायण और महाभारत की कहानियां सुनता था। वे कहानियां मन में बस गईं। मेरा मानना है कि अपनी संस्कृति और इतिहास को सही और सम्मानजनक तरीके से प्रस्तुत करना जरूरी है। आज की पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जुड़ना चाहिए। मनोरंजन के साथ अगर प्रेरणा मिले, तो वह और भी बेहतर है।

**फिल्म के लिए आपने किस तरह की तैयारी की ?**

निमार्ता ने मेरे किरदार पर विशेष ध्यान दिया। मुझे 45 दिनों के लिए वियतनाम भेजा गया, जहां 30-40 फाइटर्स के साथ प्रशिक्षण लिया। तीरंदाजी, हथियारों का अभ्यास और घुड़सवारी सीखी। मेरे घोड़े का नाम डायमंड था, जिससे आज भी भावनात्मक जुड़ाव है। डाइट में बड़ा बदलाव किया। शुगर पूरी तरह बंद की। प्रोटीन, अंडे और मांसाहार शामिल किया। आज के दर्शक वास्तविकता चाहते हैं, इसलिए स्क्रीन पर कुछ भी बनावटी नहीं होना चाहिए।

**फिल्म में प्रेम कहानी और तकनीक को लेकर क्या खास है ?**

फिल्म में प्रेम कहानी भी है, जो बहुत संतुलित और भावनात्मक है। संयुक्ता मेनन और नभा नटेशन के साथ मेरी अच्छी तालमेल दिखेगी।

**दर्शकों को स्वयंभू से क्या उम्मीद रखनी चाहिए ?**

यह लगभग तीन घंटे की भव्य सिनेमाई यात्रा है। मेरी पहली 3डी फिल्म है और आधुनिक तकनीक में बनी है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, हर दर्शक इसे अपनेपन से देख सकेगा। अगर दर्शकों का प्यार मिला, तो आगे इसका विस्तार भी संभव है। फिलहाल यह एक इतिहास, रोमांच और प्रेरणा से भरपूर, संपूर्ण कहानी है।

# राज्य संग्रहालय में पहाड़ी शैली पर विशेषज्ञ ने दिया व्याख्यान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय में संस्कृति विभाग की ओर से कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के व्याख्यान पर शनिवार को शाही संरक्षण, परंपरा और तकनीकी विषय पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता सलाहकार संग्रहालय डॉ. विजय माथुर रहे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जैन भण्डार गृह में पेंटिग को सुरक्षित रखते थे और उनकी चित्रों की विशेषताओं से परिचित कराया। इसी क्रम में मुगल, राजस्थानी, पहाड़ी शैली तथा इनकी उपशैलियों पर चर्चा की। व्याख्यान के समापन पर निदेशक राज्य संग्रहालय डॉ. विनय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# चैत्र नवरात्र 19 से, मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से होगी पूजा



### चैत्र नवरत्र पर कब-कब किस देवी की होगी पूजा

- 19 मार्च – नवरात्रि दिन 1– अमावस्या, प्रतिपदा माँ शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना
- 20 मार्च – नवरात्रि दिन 2– मां ब्रह्मचारिणी पूजा
- 21 मार्च – नवरात्रि दिन 3– मां चंद्रघंटा पूजा
- 22 मार्च – नवरात्रि दिन 4– मां कुष्मांडा पूजा
- 23 मार्च – नवरात्रि दिन 5– मां स्कंदमाता पूजा
- 24 मार्च – नवरात्रि दिन 6– मां कात्यायनी पूजा
- 25 मार्च – नवरात्रि दिन 7– मां कालरात्रि पूजा
- 26 मार्च – नवरात्रि दिन 8– मां महागौरी पूजा
- 27 मार्च – नवरात्रि दिन 9– मां सिद्धिदात्री पूजा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में चैत्र माह का विशेष महत्व होता है। यह महीना हिंदू कैलेंडर का पहला महीना माना जाता है। इसी के साथ नए हिंदू विक्रम संवत की शुरूआत होती है। चैत्र नवरात्र की शुरूआत के साथ ही नया साल शुरू हो जाता है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। चैत्र नवरात्रि पर नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा होती है। पहले दिन प्रतिपदा तिथि से घट स्थापना होती है। पंचांग के अनुसार, चैत्र नवरात्रि की शुरूआत चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है।

चैत्र प्रतिपदा तिथि 19 मार्च से शुरू होगी। जो सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होगी। जिसका समापन 20 मार्च को होगा। उदया तिथि के अनुसार 19 मार्च को चैत्र नवरात्र की शुरूआत को होगी। चैत्र नवरात्रि का समापन 27 मार्च को शुक्रवार होगी। नवरात्र पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। जिसमें अष्टमी और नवमी तिथि का खास महत्व होता है। इन दोनों ही तिथियों पर कन्या पूजन किया जाता है। साल 2026 में चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि 26 मार्च और नवमी तिथि 27 मार्च को होगी।

**चैत्र नवरात्र का शुभ मुहूर्त** :चैत्र नवरात्रि 2026 कब से कब तक है: पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र का महापर्व इस साल 19 मार्च 2026, बृहस्पतिवार से प्रारंभ होकर 27 मार्च 2026, शुक्रवार तक मनाया जाएगा. इस बीच शक्ति के साधक पूरे 9 दिनों तक देवी दुर्गा की विधि-विधान से साधना-आरधना करेंगे. नवरात्र का पहला दिन यानि चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च 2026 को सुबह 06:52 से प्रारंभ होकर अगले दिन 20 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 04:52 बजे खत्म होगी. पंचांग के अनुसार नवरात्र पूजा के पहले दिन 19 मार्च 2026 को घट स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त प्रातःकाल 06:52 से लेकर 10:10 बजे तक रहेगा. इस तरह शक्ति के साधकों को घट स्थापना के लिए पूरे सवा तीन घंटे का समय मिलेगा. इसके अलावा प्रतिपदा के दिन ही सुबह 11:47 से लेकर दोपहर 12:36 बजे तक अभिजित मुहूर्त में भी घट स्थापित किया जा सकेगा।

**चैत्र नवरात्र का धार्मिक महत्व :** चैत्र नवरात्र के 09 दिन देवी दुर्गा के पावन 09 स्वरूपों की साधना और आराधना के लिए समर्पित है। हिंदू मान्यता के अनुसार इन 9 दिनों में जप-तप और व्रत करने पर साधकों पर देवी की पूरी कृपा बरसती है। नवरात्र की पूजा से प्रसन्न होकर मां दुर्गा अपने भक्तों के सारे दुख और कष्ट हर लेती हैं। नवरात्र की शक्ति साधना से सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**कैसे करें कलश स्थापना:** नवरात्र के पहले दिन सुबह शुभ मुहूर्त में घर के पूजा स्थान पर साफ-सफाई कर लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं। उस पर मिट्टी डालकर जौ बोएं और जल से भरा कलश स्थापित करें। कलश के ऊपर आम के पत्ते और नारियल रखें। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र स्थापित कर विधि-विधान से पूजा करें।

**चैत्र नवरात्र की पूजा विधि:** चैत्र नवरात्र में 9 दिनों तक माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सुबह स्नान के बाद लाल कपड़े पर माता की प्रतिमा स्थापित करें, कलश स्थापना करें, अखंड ज्योत जलाएं, हल्दी-कुमकुम का तिलक लगाकर फूल और 16 श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें, सुबह-शाम आरती करें और फलाहार या सात्विक भोग लगाएं।

कलश स्थापना (पहले दिन): पूजा स्थल को साफ कर गंगाजल छिड़कें। मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं और उस पर कलश (लोटा) स्थापित करें। कलश में जल, सिक्का, सुपारी, और आम के पत्ते रखें, फिर नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर उस पर रखें। दैनिक पूजा में सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और उपवास का संकल्प लें। कलश और देवी दुर्गा की प्रतिमा/फोटो की पूजा करें। माता को हल्दी-कुमकुम, सिंदूर, लाल चुनरी, और फूल अर्पित करें।

देवी को 16 श्रृंगार का सामान चढ़ाएं। 'ॐ दुं दुगार्यै नमः' मंत्र का जाप करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और सुबह-शाम आरती करें। माता को भोग लगाएं: पहले दिन गाय के दूध से बनी खीर का भोग लगा सकते हैं। अन्य दिनों में फल, मखाना, मिश्री, या हलवा अर्पित करें। अखंड ज्योतिः यदि घर में अखंड ज्योति जलाई है, तो इसकी सुरक्षा का ध्यान रखें। अष्टमी/नवमीः नौ कन्याओं को भोजन कराएं, उन्हें उपहार दें और माता के स्वरूप में पूजा करें। विसर्जन (दसवें दिन): अंतिम दिन पूजा के बाद कलश को विसर्जित करें।

# श्री श्याम निशानोत्सव : मन की बात सांवरिया से आज बता कर देख लो...

## जमघट म्हारे श्याम दरबार में लव अग्रवाल, अरविंद सहल, संजय शर्मा व कुमार मुकेश ने भक्तिमय भजनों से समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 44वां श्री श्याम निशानोत्सव धूमधाम मना रहा है। जमघट म्हारे श्याम का भजन संध्या के दूसरे दिन संजय शर्मा, लव अग्रवाल, अरविंद सहल एवं कुमार मुकेश ने लखनवी ठाठ एवं कोलकाता की सुरमयी अन्दाज में भक्तिमय भजनों की संतरगी छठा बिखेरे रहे थे।

मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि खाटू श्याम का दरबार दूसरे दिन रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा रहा था। मल्ल राजवंश काल के राज दरबार में स्वर्ण कमल वाले सिंहासन पर कलयुग के अवतारी खाटू नरेश विराजमान थे। बाबा श्याम का शीश पर मोर पंख का स्वर्ण मुकुट, माथे पर तिलक, आंखे कजराली, कानों में कुण्डल, मुख व ललाट पर तेजपुंज के प्रकाशमय था। बाबा का बाघा हीरा पन्ना, बेशकीमती मोतियों से अलकृत एवं रंग बिरंगे फूलों से महक रहा था। बाबा की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। 50 फुट ऊंचा 111 फुट चौड़े खाटू नरेश दरबार के दोनों ओर पवनसुत हनुमान एवं बाबा श्याम का निशान चढ़ाये गये थे। राजमहल की दीवारों पर देवी देवताओं, टेराकोटा की नक्काशी उकेरी गई थी। राजदरबार में पुरी के भगवान जगनाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन भी हो रहे थे।

जमघट म्हारे श्याम के दूसरे दिन लव अग्रवाल ने मन की बाता सांवरिया से आज बताकर देख लो, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे..., अरविंद सहल ने ए श्याम तेरे हम जबसे दीवाने हो गए, कीर्तन की रात आज थानों आनो है..., संजय शर्मा ने किसी की नैया का मांझी बन जाता है, वो उंगली पकड़ता है, रास्ता दिखलाता है, रास्ता दिखलाता हैं..., वो भाव है मेरे भजन में, दुःख दूर हो जाए, मैं गाऊ तो वो आने को मजबूर हो जाए... जैसे कर्णप्रिय भजनों को सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के अंतिम चरण में भक्तों ने बाबा श्याम के संग रंग बिरंगे फूलों की होली खेली। श्याम ज्योत मंडल ने भजन गायकों एवं उत्सव में अपनी सेवा देने वाले सहयोगी को सम्मानित कर अभिनंदन किया। उत्सव के समापन पर भक्तों मंडल की ओर से प्रसाद वितरित गया।इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, सचिन कंछल, मोती कंछल, योगेन्द्र, विवेक, सक्षम, मोहित, निश्चल, वासु, श्रेयस, राजरानी अग्रवाल, साक्षी एवं श्याम भक्त मौजूद थे।

# आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म 'सीआईडी बहू' का ट्रेलर रिलीज

**लखनऊ।** भोजपुरी फिल्मों की स्टार आम्रपाली दुबे की मच अवेटेड फिल्म 'सी.आई.डी बहू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह चर्चा में है। ट्रेलर को भोजपुरी सिनेमा टीवी चैनल पर रिलीज किया गया है और इसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।

फैंस आम्रपाली दुबे के नए अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं। 'सीआईडी बहू' के ट्रेलर में आम्रपाली दुबे एक बेहद अलग और दिलचस्प किरदार में नजर आ रही हैं। वह अपने ही घर में रहकर जासूसी करती दिखाई देती हैं। फिल्म में सस्पेंस, इमोशन और कॉमेडी का जबरदस्त मिक्स देखने को मिलने वाला है। पारिवारिक कहानी पर आधारित यह फिल्म दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ भावनात्मक सफर पर भी ले जाती नजर आएगी। 'सीआईडी बहू' को लेकर आम्रपाली दुबे ने कहा, 'यह मेरे करियर की बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसमें दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और अनोखा किरदार देखने को मिलेगा। यह सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की भावनाओं को भी खूबसूरती से दिखाती है। फिल्म की कहानी, कॉन्सेप्ट और पूरी टीम का सहयोग शानदार रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आएगी और वो इसे अपने परिवार के साथ जरूर देखना चाहेंगे।' फिल्म के प्रोड्यूसर प्रेम राय हैं, जबकि इसकी कहानी और डायरेक्शन अनंजय रघुराज ने किया है। स्क्रीनप्ले और डायलॉग अरबिंद तिवारी ने लिखे हैं। प्रेम राय ने 'सीआईडी बहू' के बारे में कहा, 'एक अलग कॉन्सेप्ट की पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जिसमें सस्पेंस, ड्रामा और इमोशन का शानदार मिक्स है। हमने कोशिश की है कि दर्शकों को कुछ नया और फ्रेश कंटेंट मिले। आम्रपाली दुबे समेत पूरी स्टार कास्ट ने बेहतरीन काम किया है और फिल्म का ट्रेलर जिस तरह से दर्शकों का प्यार पा रहा है, उससे हमें पूरा भरोसा है कि रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन करेगी।''सीआईडी बहू' में आम्रपाली दुबे के अलावा श्वेता वर्मा, रंभा साहनी, अयाज खान, विद्या सिंह, राज सिंह राजपूत, पूजा ठाकुर और साहिल सिद्दीकी समेत कई और कलाकार हैं। फिल्म की को-प्रोड्यूसर शाइस्ता खान हैं और म्यूजिक साजन मिश्रा और ओम झा का है।

# अल्लाह की इबादत में गुजरा रोजेदारों का दिन, खूब हो रही खरीदारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** रोजेदार बंदों ने शनिवार का दिन भी अल्लाह की रजा में गुजारा। प्यास की शिद्दत के बावजूद रोजेदार अल्लाह का शुक्र अदा कर रहे हैं। खुशनसीब मुसलमान एक साथ तीन फर्ज अदा कर रहे हैं, नमाज भी पढ़ रहे हैं, रोजा भी रख रहे हैं और जो मालिक-ए-निसाब हैं वह जकात भी अदा कर रहे हैं। मस्जिदों व दरगाहों पर सामूहिक रूप से इफ्तार हो रही है। माह-ए-रमजान का तीसरा रोजा भी अल्लाह की हम्दो सना में बीता। चारों तरफ रमजान का नूर छाया हुआ है। अल्लाह के बंदे दिन में रोजा रख कर व रात में तरावीह की नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा कर रहे है। बाजारों में चहल पहल है। शाम को मगरिब की नमाज के वक्त शहर की मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदारों ने नमाज के बाद एक-साथ रोजा खोल कर अपने रब की बारगाह में उसकी नेमतों के लिए शुक्र का सजदा अदा किया।

**रमजान का महीना अल्लाह का महीना:** मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली, सुन्नी धर्मगुरु ने कहा रमजान मुबारक के पहले दस दिन को रहमत का अशरा कहा जाता है। ग्यारह महीने से दुनिया में मसरूफ अल्लाह के बंदे जब रोजा रखकर अपने को तमाम बुराइयों और दुनियादारी से अलग कर सिर्फ अल्लाह की दिन रात इबादत करते हैं तो अल्लाह उनके लिए अपनी रहमतों और नेमतों के खजाने खोल देता है। ये इबादत और तिलावत सारी उम्र की कमाई से बेहतर होती है। मौलाना सैफ अब्बास, शिया धर्म गुरु ने कहा रमजान का महीना अल्लाह का महीना है। बरकत और रहमत के इस महीने में सवाब दूसरे महीनों की इबादत से ज्यादा है। अल्लाह ने रमजान का महीना बंदों की मगफिरत के लिए बनाया है। 11 महीनों में बंदा जो गलती करता है, उसकी रमजान के महीने में माफी मांग सकता है। अल्लाह माफ करने वाला है। अल्लाह की इबादत का सबसे अफजल महीना है। इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत और लोगों की मदद करें।

**बाजारों में बढ़ी रौनक:** अकीदतमंदों ने इशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की। तरावीह की नमाज के बाद बाजार एक बार फिर से गुलजार हो उठे। देर रात तक लोगों ने बाजारों में चहलकदमी और खरीदारी करने के साथ ही सेहरी के लिए जरूरी चीजें खरीदीं। पुराने लखनऊ के अकबरी गेट, पाटानाला, हुसैनाबाद, सआदतगंज, अमीनाबाद, नजीराबाद आदि इलाकों में दिन में सन्नाटा और शाम को रौनक बढ़ने लगी है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा**

पत्रांकः- 819 /98काम-गो0वृ0/2025-26 दिनांकः 16/02/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड/ विधानसाभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-1 | जनपद गोण्डा में नवाबगंज ढेमवाघाट मार्ग राजाराम चौराहा से व्यौदा बहादुरपुर अमदही मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 12.500 किमी.) | 2100.00 | 31.50 | 11800.00 | 15 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.02.2026 से 13.03.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 13.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 13.03.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन.आई.सी. की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 13.03.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(सुरेश राम)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि. गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-246687 Date: 20.02.26 Website : www.upgov.nic.in

# राजस्थान, हरियाणा और यूपी की ओर आने वाली ट्रेनों का बदला रूट




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली किशनगंज स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य स्थगित कर दिया गया है. इससे प्रभावित रेल यातायात अब बहाल हो जाएगा. उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में दिल्ली किशनगंज स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल लगाने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का काम चल रहा था. लेकिन अब इस काम को रोक दिया गया है. काम रुकने से पहले प्रभावित ट्रेनों का ऑपरेशन सामान्य हो जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार कई ट्रेनें अब अपने पुराने रूट और समय के अनुसार चलेंगी. जिन ट्रेनों का मार्ग पहले बदला गया था, वे अब सामान्य रूप से चलेंगी. रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए सभी ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया, रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे शेड्यूल देखकर घर से निकलें।

**ये है ट्रेनों का शेड्यूल:** पुराने रूट से चलेगी ट्रेन. गाड़ी संख्या 54411 रेवाड़ी-मेरठ छावनी सेवा 23 फरवरी 2026 से 3 मार्च 2026 तक (9 ट्रिप) अपने तय मार्ग और समय पर चलेगी। गाड़ी संख्या 14030 मेरठ छावनी-श्रीगंगानगर सेवा 23 फरवरी से 3 मार्च तक (9 ट्रिप) सामान्य मार्ग पर चलेगी। गाड़ी संख्या 12439 नांदेड-श्रीगंगानगर सेवा 22 फरवरी और 1 मार्च 2026 को (2 ट्रिप) निर्धारित मार्ग पर चलेगी। गाड़ी संख्या 12485 नांदेड-श्रीगंगानगर सेवा 23 फरवरी 26 फरवरी और 2 मार्च को (3 ट्रिप) सामान्य तरीके से चलेगी। गाड़ी संख्या 14619 अगरतला-फिरोजपुर छावनी सेवा 26 फरवरी 2026 को (1 ट्रिप) तय मार्ग पर चलेगी। गाड़ी संख्या 12481 दिल्ली-श्रीगंगानगर सेवा 23 फरवरी से 3 मार्च तक सामान्य मार्ग और समय पर चलेगी। गाड़ी संख्या 12482 श्रीगंगानगर-दिल्ली सेवा 23 फरवरी से 3 मार्च तक निर्धारित मार्ग पर चलेगी। गाड़ी संख्या 14731 दिल्ली-बठिंडा सेवा 23 फरवरी से 3 मार्च तक सामान्य रूप से चलेगी। गाड़ी संख्या 14732 बठिंडा-दिल्ली सेवा 23 फरवरी से 3 मार्च तक तय समय पर चलेगी। गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ सेवा 27 फरवरी 28 फरवरी और 1 मार्च 2026 को डिब्रूगढ़ से निर्धारित समय पर प्रस्थान करेगी।

**बरेली से चार और लखनऊ से चलेंगी 10 ट्रेनें:** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन को देखते हुए अप-डाउन की आठ होली स्पेशल ट्रेनों की और सूची जारी कर दी है। यह सभी ट्रेनें बरेली होकर गुजरेंगी। हालांकि जो ट्रेनें फॉग के चलते दिसंबर से तीन महीने को बंद थीं। उनका भी संचालन शुरू किया जा रहा है। त्रिवेणी आदि जिन ट्रेनों के फेरे कम किये गये थे, वह आज गुरुवार से नियमित हो जाएंगी। पहले की तरह ही रोज संचालन होगा। 04731- 04732 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर: 1 से 31 मार्च तक रविवार और बुधवार, 04829-04830-जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर 5,6,12,13,19,20, 26, 27 मार्च गुरुवार और शुक्रवार, 04729-04730-श्रीगंगानगर-गोरखपुर-श्रीगंगानगर 26 फरवरी 27 मार्च तक गुरुवार और शुक्रवार, 09609-09610- उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश-उदयपुरसिटी 3 मार्च से एक अप्रैल तक मंगलवार और बुधवार को संचालित की जाएगी। होली स्पेशल की चार दिन पहले यह सूची हुई जारी में 04022-04021 (नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली) 20, 21, 27, 28 फरवरी, 6 और 7 मार्च। 04010-04009 (दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली) 26 फरवरी से 6 मार्च तक गुरुवार-शुक्रवार, 04014-04013 (आनंदविहार टर्मिनल-लौकहा बाजार) 27 फरवरी से 7 मार्च तक प्रतिदिन। 04203/04204 (लखनऊ-नई दिल्ली) 23 फरवरी से दो मार्च तक -04213-04214 (अयोध्या कैंट-आनंदविहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट) 24, 25,26,27 फरवरी, 1, 2, 3,4, 5, 6 मार्च। 04227-04228 (वाराणसी-चंडीगढ़-वाराणसी) 21 फरवरी से एक मार्च तक शनिवार-रविवार। 04504-04603 (श्रीमाता वैष्णो देवी धाम-वाराणसी-श्रीमाता वैष्णो देवी धाम) 22,24,26, 28 फरवरी, 2,4,6, 8 मार्च। 04514-04513 (चंडीगढ़-गोरखपुर-चंडीगढ़) 26, 27 फरवरी और 5 और 6 मार्च गुरुवार और शुक्रवार। 05005-05006 (बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी स्पेशल) 4 से 26 मार्च तक बुधवार-गुरुवार चलेगी। उत्तर रेलवे सुलतानपुर से एलटीटी और पूर्वोत्तर रेलवे जोधपुर से गोरखपुर, हैदराबाद से गोरखपुर और रक्सौल से उधना के लिए साप्ताहिक विशेष गाड़ी चलाने जा रहा है। 10 ट्रेनें लखनऊ होकर चलेंगी। इउत्तर रेलवे लखनऊ के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 04212/04211 सुलतानपुर-एलटीटी-सुलतानपुर को सुलतानपुर से 26 फरवरी और 02 मार्च को चलाया जाएगा। एलटीटी से यह ट्रेन 27 फरवरी और 03 मार्च को चलेगी। 04226/04225 वाणारसी से 25 फरवरी और 03 मार्च को चलेगी। कई ट्रेने ऐसी चलेंगी।

**दिल्ली से लखनऊ के लिए होली स्पेशल ट्रेनें:** होली पर रेलवे ने दिल्ली, कटरा और चंडीगढ़ से लखनऊ, पूर्वांचल और बिहार के लिए होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। ट्रेन नंबर 04203 लखनऊ से दिल्ली के लिए 23 फरवरी और 02 मार्च को 08:05 बजे रवाना होगी। ट्रेन 04204 नई दिल्ली से लखनऊ के लिए 20:20 बजे रात 23 फरवरी और 02 मार्च को चलेगी। 04209 वाराणसी से दिल्ली के लिए 22:30 बजे 24 फरवरी से 06 मार्च तक रोजाना चलेगी। 04210 दिल्ली से वाराणसी के लिए 23:05 बजे 25 से 07 मार्च तक रोजाना चलेगी। 04213 अयोध्या कैंट से आनंद विहार के लिए होली स्पेशल 24 व 26 फरवरी और 01, 03 और 05 मार्च को 18.20 बजे चलेगी। 04060 नई दिल्ली से सुपौल के लिए 20 फरवरी से 06 मार्च तक रोजाना 21:35 पर चलेगी। 04059 सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 22 फरवरी से 08 मार्च तक चलेगी। 04054 न्यू दिल्ली से बरौनी के लिए स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी से 06 मार्च तक चलेगी।

## पनकी धाम से बढ़ेगी ट्रेनों की संख्या, चौथे ट्रैक की तैयारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाऊपुर से पनकी होते हुए जीएमसी यार्ड तक चौथा ट्रैक बिछाया जाएगा। इससे अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन हो सकेगा। पनकी धाम पर चार ट्रैक होने से ट्रेनों के ठहराव में भी आसानी होगी। पनकी धाम स्टेशन पर ट्रेनों को स्थानांतरित भी किया जा सकेगा। पनकी धाम स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है। यहां अधिक ट्रेनों का परिचालन कर सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों की संख्या को कम किया जाएगा। पनकी धाम स्टेशन से 30 ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है। पनकी धाम स्टेशन और माल गोदाम में रेलवे लाइन बढ़ाने के कार्य को स्वीकृति मिल गई है, काम भी शुरू कर दिया गया है। पनकी धाम में तीन से चार लाइन होने से ट्रेनों का आवागमन बढ़ेगा। वहीं मालगोदाम में भी अधिक ट्रेनों का आवागमन हो सकेगा। पनकी धाम स्टेशन पर 23 करोड़ रुपये से पुनर्विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यहां कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। स्टेशन के लोकार्पण की तैयारी है। पनकी धाम में ट्रेनों का ठहराव बढ़ने से यात्रियों को सेंट्रल स्टेशन व गोविंदपुरी स्टेशन जाने की जरूरत नहीं रहेगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पनकी गुड शेड में तीन रेलवे लाइन बिछाने कार्य व एक प्लेटफार्म विकसित करने का कार्य चल रहा है। इससे मालगाड़ियों में सामान लोड करने व परिचालन में आसानी होगी। इसके साथ ही भाऊपुर से पनकी होते हुए जीएमसी यार्ड तक चौथी लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

**पनकी धाम स्टेशन पर यह बदलाव:** पनकी धाम पर भारतीय शैली का आधुनिक निर्माण किया गया है। यात्रियों के लिए सुविधाएं भी बढ़ाई गईं हैं। पनकी धाम स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के तहत नई बिल्डिंग का निर्माण कर उसे मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है। पार्सल बुकिंग सेंटर भी खोला गया, टिकट आरक्षण की सुविधा भी बढ़ाई गई है। अतिरिक्त टिकट काउंटर भी खोले गए हैं। दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए रैंप का निर्माण कराया गया है। इससे पहले फुट ओवर ब्रिज से होकर यात्रियों को जाना पड़ता था। प्लेटफार्मों को टिन शेड से ढका जा रहा है।

## ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के लिए 2,883.93 करोड़ एनडीबी देगा लोन

**लखनऊ।** मेट्रो के विस्तार को लेकर एक बेहद अहम प्रगति हुई है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक कार्य विभाग ने लखनऊ मेट्रो के ईस्टझवेस्ट कॉरिडोर के लिए 2,883.93 करोड़ रुपए के बाह्य ऋण अर्थात लोन को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के उस प्रस्ताव को यह मंजूरी मिली है, जिसमें न्यू डेवलपमेंट बैंक से ऋण लेने का प्रस्ताव किया गया था। यह ऋण भारत सरकार की संप्रभु गारंटी के साथ लिया जाएगा। ज्ञात हो कि लखनऊ मेट्रो के ईस्टझवेस्ट कॉरिडोर परियोजना की कुल अनुमानित लागत 5,801.05 करोड़ है।

इस प्रस्ताव पर आर्थिक कार्य विभाग की अध्यक्षता में आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में विचार किया गया। बैठक में नीति आयोग, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव मनोज कुमार ने प्रस्ताव रखा। इसके बाद प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने परियोजना की मुख्य बातें और वित्तीय व्यवस्था की जानकारी दी। ईस्टझवेस्ट कॉरिडोर, लखनऊ मेट्रो परियोजना के फेजझ1बी के अंतर्गत प्रस्तावित है। यह कॉरिडोर चारबाग से वसंत कुंज तक कुल 11.165 किलोमीटर लंबा होगा। इसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। यह कॉरिडोर पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। साथ ही चारबाग स्टेशन पर यह मौजूदा नॉर्थझसाउथ कॉरिडोर से जुड़ेगा, जिससे यात्रियों को सुगम इंटरचेंज सुविधा मिलेगी।

## मंदिरों का धन सनातन के हित में खर्च किया जाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिन्दू मंदिरों को मिलने वाला चढ़ावा सरकारी नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए और इसका उपयोग हिन्दू धर्म के उत्थान, शिक्षा, स्वस्थ्य व रोजगार के लिए ही होना चाहिए। उक्त उदगार भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कृष्ण श्रीवास्तव ने वाहिनी की अति महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

वाहिनी के मुख्यालय पर आयोजित बैठक के अध्यक्षीय संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हजारों सालों से हिन्दू मंदिरों को मिलने वाला चढ़ावा सरकार ले लेती है और उसे अन्य धर्मों के प्रचार प्रसार व उनके धार्मिक यात्राओं और स्थलों के निर्माण पर व्यय करती है जो संविधान विरोधी है और धार्मिक मान्यताओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तत्काल अध्यादेश लाकर इस अन्याय को रोकना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सनातन समाज इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव हृदय कुमार स्वप्निल ने कहा कि सनातन धर्म के मंदिरों को प्राप्त हो रहे भारी धन का उपयोग यदि सनातन समाज के हित में किया जाये तो उसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा।

राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने यह भी कहा कि जब सरकार अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों पर प्राप्त होने वाले चढ़ावे को नहीं लेती तो फिर हिन्दू मंदिरों को प्राप्त चढ़ावा लेना सनातन धर्म के साथ धोखा है। बैठक में अपना विचार रखते हुए राष्ट्रीय महासचिव अंकुर सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के लोग अब जागरूक हो गए हैं और मन्दिरों को प्राप्त चढ़ावे का उपयोग सिर्फ और सिर्फ सनातन धर्म को मानने वाले लोगों को के कल्याण में ही व्यय होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक ओर सनातन धर्म के लोग बेरोजगारी, भुखमरी व अशिक्षा से जूझ रहे हैं वहीं दूसरी ओर मंदिरों को प्राप्त होने वाला धन अन्य धर्मों के उपयोग में लाया जाना हर दृष्टि से गलत है और इस पर सरकार को कदम उठाना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित लोगों उक्त वक्ताओं के अलावा अजीत जी, संजीव श्रीवास्तव, प्रकाश जी, डॉ सत्येन्द्र कुमार, मऊ से आए महेन्द्र राजभर, अजय विश्वकर्मा, नरेन्द्र मल्ल निराला तथा रामप्यारे शर्मा, डॉ अनिल दीक्षित, रचना सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## लखनऊ से 305 होली स्पेशल बसें चलेगी

**लखनऊ।** होली पर्व के लिए रोडवेज प्रशासन ने बस संचालन में 305 बसों को चिह्नित किया गया है। जो होली स्पेशल के लिए लखनऊ से 13 शहरों के बीच नॉन स्टॉप चलेंगी। यह बसें 25 फरवरी से पांच मार्च तक यूपी के 13 महानगरों के बीच संचालित की जाएगी। यात्रियों को बसों की सुविधा आलमबाग, कैसरबाग और अवध स्टेशन से मिलेगी। एकमुश्त सवारी होने पर बसों को सीधा रवाना किया जाएगा। इनके यात्रियों को बीच रास्ते सवारी उतारने और चढ़ाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। उन्हें फिजूल का समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। बस अडडो पर यात्रियों के बैठने से लेकर खान-पान की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने दी। लखनऊ से नॉनस्टाप बस सेवाएं कानपुर मार्ग पर 17 बसें, गोरखपुर मार्ग पर 46, दिल्ली मार्ग पर 43, बहराइच मार्ग पर 26, इसके अलावा एसी बसें भी संचालित की जाएंगी। गोंडा-बलरामपुर 24, आजमगढ़ मार्ग पर 37, देहरादून मार्ग पर 9, हरिद्वार 10, बनारस 10, प्रयागराज 33. आगरा-मथुरा 20, रायबरेली बसें संचालित की जाएगी।

## स्वामी मुक्तिनाथानंद ने 'नंदिनी' को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामना

**लखनऊ।** चित्र में दिख रही युवती नंदनी कुमारी है जो कि छपरा बिहार की रहने वाली है। एक साल पहले इन्हें रीढ़ की हड्डी में दिक्कत थी, खड़ी भी नहीं हो पाती थी। इनका इलाज विवेकानंद अस्पताल में कराया गया। विख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. तरुण पांडे ने नंदिनी की रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन 25 मार्च 2025 को किया था। नंदिनी की रीढ़ की हड्डी में ब्लड लीकेज था। फिर भी डॉक्टर तरुण पांडे ने रिस्क लिया, नतीजा आज सामने है जो युवती एक साल पहले स्ट्रेचर पर लेटी हुई थी आज अपने पैरों पर खड़ी है और इलाज के फॉलोअप के लिए आई है। विवेकानंद अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने युवती को अपना आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। नंदिनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही है और भारतीय सेना में जाने की तैयारी भी कर रही है।



## सवर्ण मोर्चा ने यूजीसी के विरोध में निकाला मार्च

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूजीसी के विरोध में शनिवार को परिवर्तन चौक हजरतगंज से गांधी प्रतिमा तक सवर्ण मोर्चा द्वारा शांति मार्च निकाला गया। सवर्ण मोर्चा के संयोजक संदीप सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिनव नाथ त्रिपाठी ने बताया कि हजारों की संख्या में अनेक विभिन्न जनपदों से लोग आए है कार्यक्रम का आकर्षण देश का तिरंगा और भगवा ध्वज लहराते हजारों संख्या लोग रहे । कार्यक्रम की शुरूवात सैंकड़ों ब्राह्मण बटुकों ने शंखनाद करके किया जिसने आम जनमानस का दिल जीत लिया । कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ,अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश सिंह, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे । सर्वण मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ताओ में सर्वण मोर्चा के संरक्षक कुंवर दुर्गेश प्रताप सिंह, बसंत सिंह बघेल, टीपी पांडे (समाजसेवी), आनंद त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी उमेश मिश्रा कार्यक्रम में रहे। सर्वण मोर्चे ने आंदोलन के माध्यम सरकार से यह मांग की बिना शर्त काला कानून यूजीसी वापस हो, सवर्ण आयोग का गठन हो, आरक्षण जातीय आधार पर न होकर आर्थिक आधार पर हो, सवर्णों के इतिहास का सही से संरक्षण हो और बिना किसी जांच के एससी/एसटी कानून के तहत लिखे जा रहे मुकदमों पर कार्यवाही न हो।



## दालमंडी जाने से पुलिस ने सपा प्रतिनिधिमंडल को रोका

### कई सपा नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर दालमंडी वाराणसी जा रहे प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ में ही प्रशसन द्वारा रोक लिया गया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा कुछ अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

लाल बिहारी यादव ने कहा है कि दालमंडी के इस प्रकरण में एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब हक और इंसाफ की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता के गलियारों में बैठे लोग बेचैन हो जाते हैं। पीड़ित परिवार से मुलाकात करने जा रहे समाजवादी प्रतिनिधि मंडल को नजरबंद करना, नेताओं के घरों पर पुलिस भेजना और बिना अनुमति प्रवेश पर रोक लगाना-यह सब सरकार की मजबूती नहीं बल्कि उसके खौफ और नाकामी का खुला इजहार है। क्या अब जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना भी जुर्म हो गया है? क्या पीड़ितों का दर्द बांटना भी इजाजत का मोहताज होगा? सच तो यह है कि जो सरकार अपने ही नागरिकों की आवाज से डर जाए वह नैतिक रूप से कमजोर हो चुकी होती है। दालमंडी की घटना पर पर्दा डालने की कोशिशें इस बात की गवाही दे रही हैं कि हुकूमत सच का सामना करने से घबरा रही है कि समाजवादी विचारधारा को बंद दरवाजों में कैद नहीं किया जा सकता। पुलिस का पहरा उनके घर के बाहर हो सकता है लेकिन उनके इरादों पर कोई पहरा नहीं लगा सकता।

प्रतिनिधिमंडल में सुरेन्द्र पटेल पूर्व मंत्री, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, किशन दीक्षित पूर्व प्रत्याशी, सुजीत यादव जिलाध्यक्ष वाराणसी, हाजी अब्दुल शमद अंसारी पूर्व विधायक, रिबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष, महिला सभा, प्रदीप जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष व्यापार सभा सपा, अशफाक अहमद डब्लू पूर्व प्रत्याशी, पूजा यादव पूर्व प्रत्याशी, अजय चौरसिया प्रदेश सचिव, मो. दिलशाद अहमद विशेष आमंत्रित सदस्य सपा, विष्णु शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्ष, लालू यादव पूर्व महासचिव शामिल है।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन की शैली निंदनीय : सनी



**लखनऊ।** भाजपा युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय प्रभारी सनी श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए विरोध प्रदर्शन की शैली अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस प्रकार सार्वजनिक मंच पर अनुचित आचरण कर देश की छवि को विश्व पटल पर धूमिल करने का प्रयास किया गया, वह न केवल राजनीतिक मयार्दाओं के विरुद्ध है बल्कि भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। ऐसी गतिविधियां कांग्रेस नेतृत्व एवं राहुल गांधी की कार्यशैली और मानसिकता को दर्शाती हैं, जो राष्ट्रहित से ऊपर राजनीति को रखने का प्रयास करती प्रतीत होती है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, किंतु विरोध की मर्यादा और गरिमा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। हम इस प्रकार के कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि राजनीतिक दल राष्ट्र की प्रतिष्ठा को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

## कौशल प्रशिक्षण में सुधार को नयी ग्रेडिंग नीति लागू

### मंत्री कपिल देव के निर्देशन में प्रशिक्षण संस्थानों की परफॉरमेंस-बेस्ड ग्रेडिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- अब गुणवत्ता और परिणाम के आधार पर तय होगी प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग
- ए से डी ग्रेडिंग सिस्टम से कौशल प्रशिक्षण में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई परफॉरमेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू की है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है।

मंत्री अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी मूल्यांकन और गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। नई नीति के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा और मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे। वर्ष 2026-27 के लिए ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय होगी, जिससे एक वर्ष के बजाय दीर्घकालिक कार्यक्षमता का संतुलित आकलन संभव हो सकेगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि केवल वही संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे जो फरवरी तक एम्पैनल हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों। संस्थानों को ए, बी, सी और डी श्रेणियों में वगीर्कृत किया जाएगा। 40 अंकों के मानक में 36-40 अंक पाने वाले संस्थान ए ग्रेड, 30-36 बी ग्रेड, 25-30 सी ग्रेड तथा 25 से कम अंक प्राप्त करने वाले डी ग्रेड में रखे जाएंगे। यह ग्रेडिंग प्रणाली नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी। इसमें निजी प्रशिक्षण केंद्रों, राजकीय संस्थानों, दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप्स और डीडीयू-जीकेवाई समेत कुल 1712 प्रशिक्षण प्रदाताओं को शामिल किया गया है। नई व्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अधिक अवसर मिलेंगे, जबकि कमजोर संस्थानों में सुधार का दबाव बढ़ेगा।

## मंत्री योगेंद्र ने क्रोएशिया के पीएम को प्रदेश की विरासत से कराया परिचित

विशेष संवाददाता (vol)

- योगेंद्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री का प्रतिनिधित्व करते हुए किया क्रोएशिया प्रधानमंत्री का स्वागत



**आगरा/लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक के आगरा आगमन पर उनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

प्रधानमंत्री क्रोएशिया के आगमन पर उच्च शिक्षा मंत्री ने मुख्य सचिव एसपी गोयल के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ विश्व प्रसिद्ध स्मारक ताजमहल का भ्रमण किया और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्थापत्य कला तथा वैश्विक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उच्च शिक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री क्रोएशिया के साथ आगरा किला भी पहुंचे। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर, पर्यटन संभावनाओं और सांस्कृतिक विविधता पर चर्चा करते हुए प्रदेश में बढ़ते वैश्विक आकर्षण को रेखांकित किया। मंत्री उपाध्याय ने आगरा और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास की योजनाओं की भी जानकारी दी। भ्रमण कार्यक्रम के बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री क्रोएशिया को औपचारिक विदाई दी गई।

## शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल



**लखनऊ।** राजधानी में आयोजित विशेष गुरमत समागम अत्यंत सफल रहा। इस समागम में खालसा पंथ के महान प्रचारक एवं कथा वाचक भाई साहिब भाई पिन्दरपाल सिंह और शिरोमणी रागी सभा (श्री अमृतसर) अध्यक्ष भाई ओंकार सिंह ने अपनी पवित्र वाणी से संगत को निहाल किया। समागम के तहत सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे कीर्तन गुरूद्वारा साहिब सदर कैण्ट, सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे कथा गुरूद्वारा साहिब सदर कैण्ट, वहीं, शाम 09:30 बजे से 10:30 बजे कीर्तन गुरूद्वारा साहिब यहियागंज और शाम 10:30 बजे से 11:30 बजे कथा गुरूद्वारा साहिब यहियागंज में हुआ। संगत ने 1000 से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर समागम को सफल बनाया। गुरू का लंगर अटूट वितरित किया गया। संयोजक स. ईशप्रीत सिंह साहनी, स. चरनजीत सिंह साहनी, और स. ईश्वजीत सिंह साहनी ने संगत का आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## समान न्याय संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** समान न्याय संघर्ष समिति की बैठक आज शहर के आर0बी0 निवास राघव नगर में पंडित टी0एन0 मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन को और अधिक गति देने हेतु आगामी 19 मार्च तक पूरे जनपद में सघन महाजनसंपर्क चलाने का निर्णय लिया गया। महाजनसंपर्क के माध्यम से जनपद के जनप्रतिनिधियों, बुद्धजीवियों, छात्रों, व्यापारियों, अधिवक्ता एवं किसानों से संवाद स्थापित कर यूजीसी रेगुलेशन 2026 की खामियों को उजागर करते हुए आम जन को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत कल दिनांक 22 फरवरी को प्रातः सुभाष चौक से किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अनिल मिश्र, नित्यानंद उपाध्याय, रविप्रकाश मिश्र छोटे, सच्चिदा सिंह राना, अरुण कुमार मिश्र, देव शुक्ला, डा0 सौरभ श्रीवास्तव, बालमुकुंद मिश्र, मार्कण्डेय पति त्रिपाठी, अनिल सिंह, सौरभ मणि त्रिपाठी भान आदि उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** तमकुहीराज के तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं नियमसम्मत समाधान किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश, कानून-व्यवस्था एवं अन्य संवेदनशील मामलों में तत्परता बरतते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को

**● कई प्रकरणों मौके पर हुआ निस्तारण**

अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 28, पुलिस विभाग के 11, विकास विभाग के 5 तथा अन्य विभागों के 10 प्रकरण शामिल रहे। राजस्व विभाग के 6 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रेषित करते हुए उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद, वरासत, पैमाइश, सीमांकन एवं राजस्व अभिलेखों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, अतः प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता को समझते हुए कार्य करें। कार्यक्रम के उपरांत तहसील निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने न्यायालय की पत्रावलियों का अवलोकन कर लंबित मामलों की समीक्षा की तथा उपजिलाधिकारी को शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षों का भी निरक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश वर्मा, उपजिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित तहसीलदार महेश कुमार, नायब तहसीलदार कुंदन कुमार, समस्त थाना प्रभारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुल का शिलान्यास एवं भूमि पूजन आज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम भरहेचौरा के समीप छोटी गंडक नदी पर बनने वाले पक्के पुल का शिलान्यास एवं भूमि पूजन आज मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाटपाररानी के विधायक सभाकुंवर कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया (प्रस्तावक) के नेतृत्व में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छोटी गंडक नदी पर बनने वाले इस पुल का निर्माण लगभग 24 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। पुल के निर्माण के बाद भटनी से भरहेचौरा होते हुए भाटपाररानी जाने वाला मार्ग काफी सुगम हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। शिलान्यास एस्थित मंगल बाबा घाट पर आज प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में 26 को आंदोलन की घोषणा

**बरहज, देवरिया।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र बरहज पर टेट अनिवार्यता के विरोध में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में जूनियर शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष उमेश चंद्र ने किया बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सड़क से सदन तक इस काले कानून के विरोध में लड़ने के लिए तैयार हैं, जिसमें चरणबद्ध आंदोलन की बात कही गई। 22 फरवरी को सभी शिक्षक देशव्यापी एक ट्विटर अभियान पर अपनी बात रखेंगे। 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया। बैठक में जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक मंत्री लक्ष्मण यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील यादव एवं मंत्री आशुतोष शाह ने अपनी बात रखी। इस दौरान मनोज कुमार, विक्रम प्रताप राव, ओम प्रकाश अकेला, विजय खरवार, संजय प्रजापति, महातम लाल, अरुण कुमार, मोहम्मद इशाफिल, विनोद यादव, संजय कुमार, अजय यादव, मदन गोंड, अंबरेश, रामश्रृंगार गोंड आदि उपस्थित रहे।

## बोलेरो में ठोकर लगने से नाराज युवकों ने किया पथराव

**बरहज, देवरिया।** बरौली चौराहे पर खड़ी बोलेरो में ठोकर लगने के बाद टेलर चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। पीछा करते हुए कुछ युवक जब कपरवार तिराहे स्थित चौकी तक पहुंचे, तो वहां दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि युवकों ने टेलर पर ईंट-पत्थरों से पथराव शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इस दौरान टेलर में गिट्टी खाली कर वापस आ रहे एक मजदूर को हल्की चोट लग गई। घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर 17 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**कुशीनगर।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में तहसील तमकुहीराज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाए जाने पर 17 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि तहसील दिवस/सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसका उद्देश्य तहसील स्तर पर आमजन की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करना है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अधिकारियों की अनुपस्थिति न केवल शासन के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि जनसमस्याओं के समाधान में भी बाधा उत्पन्न करती है। 21 फरवरी 2026 को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस, तहसील तमकुहीराज में निम्न अधिकारी अनुपस्थित पाए गए– प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता (लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय/निर्माण), अधिशासी अभियन्ता (बाढ़ खण्ड, सिंचाई खण्ड प्रथम व द्वितीय), अधिशासी अभियन्ता (जल निगम ग्रामीण एवं शहरी), जिला आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक (बैंकिंग), सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) तथा खण्ड विकास अधिकारी फाजिलनगर। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तीन दिवस के भीतर अनुपस्थित रहने का स्पष्ट एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वार्षिक प्रतिकूल प्रविसिक्षम प्राधिकारी को विभागीय कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

# फरियादी सामने, अफसर मोबाइल में गुम

**कुशीनगर।** जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए हर शनिवार को आयोजित होने वाला ह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्ल इस बार खुद कठघरे में खड़ा नजर आया। पडरौना तहसील में आयोजित कार्यक्रम की एक तस्वीर ने पूरे तंत्र की

**● समाधान के मंच पर संवेदनहीनता**

कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कैमरे में कैद तस्वीर बयां कर रही है कि सामने फरियादी हाथ में प्रार्थना पत्र लिए खड़ा है और जिम्मेदार अधिकारी मोबाइल स्क्रीन में व्यस्त हैं। यह कोई सामान्य दृश्य नहीं, बल्कि उस दूरी का प्रतीक है जो व्यवस्था और जनता के बीच बढ़ती जा रही है। उपजिलाधिकारी की अगुवाई और पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में चल रहे इस समाधान दिवस में उम्मीद थी कि शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई होगी, लेकिन मौके की तस्वीर ने कुछ और ही कहानी बयान कर दी।

?? फरियादी की आवाज या नोटिफिकेशन की घंटी?



ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग अपनी जमीन, कब्जे, पुलिस कार्रवाई, पेंशन और राजस्व विवाद जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर घंटों इंतजार करते रहे। लेकिन जब उनकी बारी आई, तो संवाद के बजाय उदासीनता का सामना करना पड़ा। कई फरियादियों ने बताया कि उनकी बात पूरी सुनी ही नहीं गई, कुछ को औपचारिक आश्वासन देकर टाल दिया गया। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि फरियादी की उपस्थिति के बावजूद अधिकारी मोबाइल स्क्रीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। सवाल उठता है क्या डिजिटल व्यस्तता अब जनसुनवाई पर भारी पड़ने लगी है?

### शासन की मंशा बनाम जमीनी हकीकत

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार प्रशासनिक जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशीलता पर जोर दिया है। समाधान दिवस को जनविश्वास का सशक्त माध्यम बनाने का संकल्प भी दोहराया गया है। लेकिन पडरौना की यह तस्वीर उन संकल्पों की जमीनी हकीकत पर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

### तस्वीर से उठे तीखे सवाल

क्या समाधान दिवस औपचारिकता बनकर रह गया है? क्या फरियादियों की पीड़ा से ज्यादा जरूरी हो गए हैं मोबाइल संदेश? क्या ऐसे रवैये पर जवाबदेही तय होगी? जनता का भरोसा कागजी घोषणाओं से नहीं, बल्कि संवेदनशील व्यवहार और ठोस कार्रवाई से बनता है। यदि जिम्मेदार मंच पर ही गंभीरता न दिखे, तो फिर ह्यसम्पूर्ण समाधानह्ल का दावा कैसे सार्थक होगा? फिलहाल, कैमरे में कैद यह तस्वीर प्रशासन को आईना दिखा रही है। जनता उम्मीद लेकर खड़ी है, और व्यवस्था स्क्रीन में उलझी हुई।

## ए एस पी (उत्तरी) ने थाना तरकुलवा का किया निरीक्षण

**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा थाना तरकुलवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की समग्र व्यवस्था, कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना प्रबंधन, हवालात की सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में थाना कार्यालय में संधारित विभिन्न रजिस्टरों, अपराध पंजिका, लंबित विवेचनाओं एवं अन्य अभिलेखों की बारीकी से समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों पर पड़े पुराने माल मुकदमाती एवं अन्य जब्त माल के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को विधिक प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाना में रखे माल की सूची, अभिलेखीकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। हवालात का निरीक्षण करते हुए बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का परीक्षण किया गया। साथ ही मेस एवं आरक्षी बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को संतोषजनक बनाए रखने के निर्देश दिए गए। शस्त्रागार में उपलब्ध शस्त्रों की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं नियमित परीक्षण की समीक्षा करते हुए उन्हें मानकानुसार सुरक्षित एवं कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश प्रदान किए गए। सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण कर अपराध संबंधी सूचनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि, डेटा अपडेट की स्थिति एवं तकनीकी दक्षता की समीक्षा की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी एवं प्रभारी थानाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## वंचित छात्रों के सत्यापन व अपात्रों को ब्लॉक करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी

**देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देश के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत अन्य दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) कक्षाओं के समस्त वर्ग के वंचित छात्र-छात्राओं के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गई है उन्होंने बताया कि संबंधित विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा संस्थानों में अध्ययनरत वास्तविक छात्रों का सत्यापन किया जाएगा तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम और संस्थानों को ब्लॉक किया जाएगा। साथ ही संस्थानों में वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित करना होगा। इस संबंध में अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्थानों को ब्लॉक करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी निर्धारित की गई है।

# संस्कृत और संस्कृति ही विकसित भारत का आधार: रमेश अवस्थी

**देवरिया।** पंडित सुरति नारायण मणि त्रिपाठी की स्मृति में बने संस्कृत विकास परिषद द्वारा देवारण्य संस्कृत समागम का आयोजन बरपार गांव स्थित जेईसीपी के बरगद सभागार में किया गया। इस समागम में पहुंचे प्रबुद्धजनों ने संस्कृत भाषा को भारतीय संस्कृति, स्वावलंबन और स्वदेशी आधारित विकसित भारत के साथ विकसित देवरिया लोकसभा के निर्माण का प्रमुख आधार बताया।

देवारण्य संस्कृत समागम में संस्कृत विकास परिषद के संरक्षक एवं देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने चर्चा के लिए तीन प्रमुख बिदुंओं को रखा जिसमें पहला, देवरिया-कुशीनगर को संस्कृत भाषा का देश में अग्रणी कैसे बनाया जाए।

दूसरा संस्कृत भाषा के माध्यम से अपनी संस्कृति को कैसे मजबूत करें। तीसरा, संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए स्वालंबन और स्वदेशी के माध्यम से विकसित भारत और विकसित देवरिया लोकसभा के लिए संकल्पित अमृत प्रयास में कैसे योगदान दे सकते हैं।



इस समागम में मुख्य अतिथि के तौर पर कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी और विशिष्ट अतिथि के रुप में पैकौली कुटी के पीठाधीश्वर कौशलेंद्र दास जी महाराज ने अपनी बात रखी।

सांसद रमेश अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और ज्ञान परंपरा की वाहक है। विशिष्ट अतिथि और पैकौली कुटी के पीठाधीश्वर एवं पवहारी महाराज कौशलेंद्र दास जी ने कहा कि देवरिया से प्रारंभ हुआ यह आंदोलन पूरे देश में फैलाया जाएगा। संस्कृत एक ऐसी भाषा है जो राष्ट्र को एकजुट कर सकती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की पहचान को सशक्त कर सकती है। अमृत काल के दौरान हमें संस्कृत को पुनर्जीवित करने का प्रयास करना चाहिए। वहीं संस्कृत विकास परिषद के संरक्षक और देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने परिषद के उदेश्यों को साझा करते हुए कहा कि पूर्वांचल की धरती विशेषकर देवरिया कुशीनगर को ऋषि-मुनियों की तपो भूमि बताया। उन्होने कहा कि यहां ऋषियों ने लगभग 3,000 साल पहले तप किया और महाग्रंथ वेदों की रचना की। प्रभु राम और अयोध्या से जुड़ी पवित्र सरयू नदी इसके दक्षिण में बहती है। नारायणी नदी इसके उत्तर और पूर्व में बहती है, महर्षि वाल्मीकि ने यहां रामायण की रचना की। उन्होने परिषद के माध्यम से संस्कृत भाषा को वैश्विक बनाने पर जोर दिया जिसमें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, अक और आधुनिक तकनीकी के साथ संस्कृत को जोड़कर इसे और अधिक प्रासंगिक बनाने की बात कही।

इस समागम में संस्कृत विकास परिषद के सदस्यों ने तीन प्रमुख प्रस्तावों पर मुहर लगाई। जिसमें संस्कृत भाषा को बोलचाल की भाषा बनाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जय। परिषद के सदस्य, कौशल मिश्रा, मधुसूदन मणि त्रिपाठी, गिरीजेश मणि त्रिपाठी, हेमंत मिश्रा, डॉ. अभय द्विवेदी, डॉ. वीना कुमारी, अनिल मिश्र, मार्कंडेय मणि, वैदुर्य शाही, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, आशुतोष मणि ने परिषद के संरक्षक के नेतृत्व में प्रस्तावों को आगे ले जाने का संकल्प लिया। इस समागम में देवरिया जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, देवरिया सदर के विधायक, डा शलभ मणि त्रिपाठी, बीजेपी देवरिया के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की दिशाएं विषय पर चर्चा



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के विशेष शिविर में चतुर्थ दिवस बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि कृष्ण कुशवाहा ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की दिशाएं विषय पर बोलते हुए कहा कि हम सभी प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए हुए पौधों को सेवित करते हुए अगले वर्ष पर्यावरण दिवस पर उसी पौधे के साथ एक सेल्फी पोस्ट करें तब पर्यावरण के प्रति हमारी वास्तविक संवेदनशीलता का पता चलेगा। आपने बताया कि पौधों का रोपण जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण उसका संरक्षण है क्योंकि प्रत्येक वर्ष जितने पौधे लगाए जाते हैं उसमें तीन चौथाई एक वर्ष के भीतर ही नष्ट हो जाते हैं। भारत की धरती को हरा भरा बनाने के लिए हमे पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण को जनांदोलन बनाना होगा। यही वास्तविक संवेदनशीलता है। हमे विभिन्न पर्वों, विवाह, जन्मदिन, वर्षगांठ आदि अवसरों पर अतिथियों को पौधा भेंट करने की शुरूआत करें। इससे समाज में पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता की भावना का पोषण होगा। विकास हमेशा पर्यावरण का विरोधी नहीं होता है। पर्यावरण के सह - अस्तित्व की भावना के साथ सतत विकास का मार्ग चुन सकते हैं। हमें प्रकृति से जितना लेना है संवेदनशील तरीके से उतना वापस भी करना है।

मुख्य वक्ता डॉ शंभू दयाल कुशवाहा ने बताया कि प्रकृति में हो रहे क्षरण को मानवीय संवेदना के साथ समझना ही पर्यावरण के प्रति वास्तविक संवेदनशीलता है। नदी अपनी मौलिक अवस्था में कल-कल निनाद करते हुए बहती है लेकिन यही नदी प्रदूषित होकर जब गंदे नाले में बदल जाती है तब न केवल उसकी गति खो जाती है अपितु उसकी कल - कल निनाद की मंगल ध्वनि भी खो जाती है। नदी की पीड़ा को और उसके मौन को समझना ही नदी के प्रति सच्ची संवेदनशीलता है। आपने कहा कि सतत विकास की अवधारणा प्रकृति के संसाधनों का संवेदनशील उपयोग के बिना साकार होना संभव नहीं है। प्रकृति हमारी समस्त आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखती है किन्तु हमारे हवस को पूरा नहीं कर सकती है। आज का समस्त विकास पर्यावरण विनाश की शर्तों पर हो रहा है। इससे पूरी मानवता ही संकट में पड़ गई है। विकसित देशों ने अपनी आर्थिक प्रगति के विकासशील देशों को उत्पादन केंद्र बनाकर उनके पर्यावरण को जमकर नुकसान पहुंचाया है। आपने विकसित देशों द्वारा आर्थिक विकास हेतु विकासशील देशों के प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुन दोहन करते हुए पर्यावरण को अपूरणीय नुकसान पहुंचाया है। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में वनस्पतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अनुज कुमार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता ही पर्यावरणीय संवेदनशीलता है। हम भारतीय जल, जंगल और जमीन के साथ जीने वाले लोग है। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हमें यह बताती है कि प्रकृति के साथ कैसे जीना है। हमे पर्यावरण को कंट्रोल नहीं करना है अपितु उसके साथ सहचर भाव से जीना है। चीजें अपने दैनिक जीवन कैसे उतारते हैं इसी से वास्तविक फर्क पड़ता है। आपने तीन प की बात करते हुए कहा कि हमें तीन प के प्रति संवेदनशीलता बनना होगा। पहला है- प्लास्टिक, द्वितीय-पानी और तीसरा है- पेड़। आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ पारस नाथ ने किया जबकि संचालन स्वयंसेविका मुस्कान शर्मा ने किया। इससे पूर्ण बौद्धिक सत्र में आए अतिथियों का परिचय, विषय स्थापना और स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य ने किया।

## बुद्धा पर आधारित प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाये मनमोहक पेंटिंग

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मॉनेस्ट्री में आयोजित पांच दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के दूसरे दिन बच्चों ने भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में चित्र बनाकर प्रदर्शित किया। जिसे देशी और विदेशी अतिथियों ने सराहा। शनिवार को थाई मंदिर में प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के निर्देशन में मॉनेस्ट्री से जुड़े भिक्षुओं ने पूजन अर्चन किया। आयोजित बुद्ध पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुरातत्व अधिकारी शादाब खान ने फीता काटकर किया। बुद्ध के जीवन पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र - छात्राओं ने महा परिनिवाण टेंपल, बुद्ध की मनमोहक आकृति, पीपल वृक्ष सहित अन्य चित्र बनाकर उन्हें विविध रंगों से भरा। सभी प्रतिभागियों को 24 फरवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। पेंटिंग में सरदार पटेल प्राथमिक विद्यालय, लोहिया पब्लिक स्कूल, छत्रपति शिवाजी इंटर कालेज, लिंह सन इंटर कालेज, भगवान बुद्ध समाज कल्याण विद्यायल, भिक्षु चंद्रमणि प्रावि, लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल सहित तीस विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। संचालन टीके राय और अमिताभ त्रिपाठी ने किया। आभार भंते सोन क्रान ने व्यक्त किए। इस दौरान अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव, नंदलाल दूबे, अमोद सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, रविन्द्र सिंह, रविन्द्र शर्मा, सहित शिक्षक मौजूद थे।

## कानून-व्यवस्था पर सख्ती: जनपद में 34 व्यक्तियों को किया गया जिला बदर

**कुशीनगर।** जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 34 व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत जिला बदर किया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेशों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को निर्धारित अवधि के लिए जनपद कुशीनगर की सीमा से निष्कासित किया गया है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इन व्यक्तियों की गतिविधियां जनहित एवं लोकशांति के प्रतिकूल पाई गईं, जिसके दृष्टिगत विधिक प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई। आदेशानुसार निष्कासन अवधि में संबंधित व्यक्ति बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा आदेश की शर्तों का कड़ाई से पालन करेंगे। अमरजीत पुत्र श्रीनारायण निवासी अवरही कृतपुरा बढ़ई टोला, थाना कप्तानगंज, प्रमोद पुत्र राधेश्याम निवासी अवरही कृतपुरा बढ़ई टोला, थाना कप्तानगंज, जिला गोड़ पुत्र तीरथगोड़ निवासी खोट्टा, थाना अहिरौली बाजार, सतीश उर्फ.रामसतीश पुत्र धर्मदेव यादव निवासी सेन्दुआर, थाना अहिरौली बाजार, सत्येंद्र पुत्र रामेश्वर निवासी भटगांवा, थाना अहिरौली बाजार, राम केवल पुत्र रामेश्वर निवासी भटगांवा, थाना अहिरौली बाजार, आकाश साहनी पुत्र जयप्रकाश उर्फ भोली निवासी पटनी, थाना अहिरौली बाजार, दीपक पुत्र इंद्रासन निवासी एकवनही थाना जटहाँ बाजार, कमलेश तिवारी पुत्र पिंटू निवासी जंगल बेलवा देवकी नगर, थाना कोतवाली पडरौना, भोला उर्फ समीम पुत्र मुस्तकीम निवासी लेहनी, थाना अहिरौली बाजार, मुन्ना उर्फ आलमीन पुत्र मजीद निवासी रामनगर मिश्रौली, थाना नेबुआ नारंगिया, रामनिवास पुत्र लालसा साकिन मठिया लालबिहारी, थाना जटहाँ बाजार, रमेश पुत्र त्रिवेनी साकिन सिरसिया कला टोला पलट छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया, मूरत पुत्र त्रिवेनी साकिन सिरसिया कला टोला पलट छपरा, थाना नेबुआ नौरंगिया, शैलेन्द्र सिंह पुत्र लालता सिंह साकिन डुमरी सवांगी पट्टी, थाना हाटा, विनय यादव पुत्र हीरा यादव साकिन कुडवा उर्फ दिलीप नगर गुरम्हिया, थाना कसया, अंजुन अली पुत्र अमानत अली निवासी पचार थाना कप्तानगंज, आदि है।

# डीएम की अध्यक्षता में सलेमपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**देवरिया।** जनपद देवरिया की तहसील सलेमपुर में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 28 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 30, पुलिस विभाग के 7, विकास विभाग के 23 तथा अन्य विभागों के कुल 13 मामले तथा 4 अंत्योदय कार्ड, 8 आवासीय पट्टे, 5 खतौनी सुधार तथा 3 दिव्यांग प्रमाण पत्र शामिल रहे। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, देवरिया द्वारा मुख्यमंत्री के सीधे प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को धनराशि के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के साथ मानवीय पहल भी की गई। रावतपार अमेठिया, लार निवासी अत्यंत गरीब दंपति–बबलू प्रसाद एवं गुड्डन देवी–को रेडक्रॉस सोसाइटी एवं तहसील प्रशासन के सहयोग से बर्तन, कंबल, गेहूं, चावल, दाल, सोलर लाइट सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय है कि इस दंपति के पुत्र विनय की दिनांक 02-02-2026 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।



जिलाधिकारी ने कहा कि परिवार को अन्य शासकीय योजनाओं से भी आच्छादित किया जाएगा। तहसील दिवस के अंतर्गत बूथ संख्या 129 के बीएलओ श्री कमलेश कुमार रजक, बूथ संख्या 195 के बीएलओ श्री मुहम्मदुद्दीन तथा बूथ संख्या 03 के बीएलओ श्री महफूज आलम को 100 प्रतिशत मैपिंग, लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी एवं फोटो डिस्क्रीपेंसी का कार्य पूर्ण करने पर शॉल, माला एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी के साथ उनका सामूहिक भोजन भी कराया गया। इसके अतिरिक्त 4 अंत्योदय कार्ड, 8 आवासीय पट्टे, 5 खतौनी सुधार तथा 3 दिव्यांग प्रमाण पत्रों का वितरण भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। अंश निर्धारण हेतु विशेष मंगा कैंप का भी आयोजन किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर 15 क्षयरोग (टीबी) पीड़ित व्यक्तियों को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील द्वारा गोद लिया गया तथा उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। जिलाधिकारी ने एसडीएम एवं एएसडीएम न्यायालयों में समय से आख्या/रिपोर्ट प्राप्त न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों की रिपोर्ट समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए। एक आवेदक की शिकायत पर समय से रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के मामले में एक लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। समाधान दिवस में जनप्रतिनिधिगण, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

सीतापुर। सीतापुर जनपद के संदना थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक हृदयविदारक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना कमलापुर क्षेत्र के खरगापुर निवासी कौशल (30) और थाना रामकोट क्षेत्र के रसेउरा निवासी करन (24) शुक्रवार को संदना थाना क्षेत्र के नगवा गांव में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों युवक बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि जैसे ही वे संदना कस्बे में धर्मकांटा के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोटों के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही संदना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं तथा अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त मार्ग पर रात में भारी वाहनों की तेज आवाजाही के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं।

## सिधौली में एपीओ पर दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के आरोप

सीतापुर। विकास खंड सिधौली में ग्राम रोजगार सेवकों ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) पर गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को संबोधित ज्ञापन सौंपकर एपीओ पर दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं तथा निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम रोजगार सेवक शासन की मंशा के अनुरूप मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का संचालन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, इसके बावजूद एपीओ द्वारा अनावश्यक आपत्तियां लगाकर कार्यों में बाधा डाली जा रही है। आरोप है कि संबंधित अधिकारी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और तकनीकी सहायकों सहित अन्य कर्मचारियों को अपमानित करते हैं। रोजगार सेवकों का कहना है कि 6 फरवरी 2025 को इस संबंध में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, अधिकारी का व्यवहार और अधिक कठोर हो गया है। मानदेय भुगतान और पंजीकरण संबंधी मामलों में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद फाइलों को निरस्त कर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो 21 फरवरी 2026 से बीडीओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मनरेगा सहित सभी विकास कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# अधिकारी मौके पर ही निपटायें समस्याएं: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनता की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

तहसील महोली में कार्यक्रम की अध्यक्षता महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। यहां कुल 83 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को समय से लाभ मिल सके। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर देते हुए कहा कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता के साथ समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस के दौरान शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील बिसवां में 13 में से 4, मिश्रिख में 26 में से 3, सिधौली में 94 में से 12, महमूदाबाद में 20 में से 3, सदर में 30 में से 4 तथा लहरपुर में 31 में से 7 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी महोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा, शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों में खुशी



सीतापुर। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा मित्रों का मानदेय 18,000 रुपये तथा अनुदेशकों का मानदेय 17,000 रुपये अप्रैल माह से तत्काल प्रभाव से देने की घोषणा किए जाने पर जिले भर में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी उपलक्ष्य में शिक्षा मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला ने कहा कि काफी लंबे अंतराल के बाद यह बढ़ोत्तरी हुई है।

यदि सरकार समय-समय पर मानदेय में वृद्धि करती रहे तो शिक्षा मित्रों का जीवन संघर्ष काफी हद तक आसान हो सकता है। वहीं अनुदेशक जिलाध्यक्ष प्राची मिश्रा ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमल किया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का यह लंबा संघर्ष रहा है। वर्ष 2017 से लंबित 17,000 रुपये मानदेय बढ़ोत्तरी को वर्ष 2026 में लागू कराने का निर्णय सराहनीय है। इसके लिए सभी अनुदेशक सरकार के आभारी हैं। उन्होंने सरकार से अपेक्षा जताई कि शीघ्र ही एरियर का भुगतान किया जाए, वार्षिक मानदेय बढ़ोत्तरी सुनिश्चित की जाए तथा शिक्षकों की भांति अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएं, जिससे समस्याएं जटिल न हों। इस अवसर पर ममता, आरती गुप्ता, खुशबू सिंह, स्वप्निल, रंजीता, श्वेता, आसमा बेगम, पुष्पेंद्र, धनंजय, प्राचेतश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एडीजी का चौरासी कोसीय परिक्रमा के बीच निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और सख्त

सीतापुर। पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा इस समय नैमिषारण्य और मिश्रिख क्षेत्र में आस्था व श्रद्धा के साथ जारी है। देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालु परिक्रमा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार शाम एडीजी प्रवीण कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। एडीजी ने नैमिषारण्य पहुंचकर चक्रतीर्थ में



विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा ललिता देवी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह मिश्रिख स्थित दधीचि कुण्ड पहुंचे, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, मार्ग प्रबंधन और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी निगरानी, ड्रोन कैमरों से सतत मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत और लटक रहे विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। हनुमान मंदिर के पास मार्ग और बैरिकेड व्यवस्था को भी व्यवस्थित रखने को कहा। एडीजी ने स्पष्ट किया कि परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, चिकित्सा सुविधाएं और आपात सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि आयोजन निर्बाध और शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता, मेला प्रभारी संतोष उपाध्याय, कोतवाल प्रदीप सिंह तथा नैमिषारण्य थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## बंद गोदाम में भीषण आग 20 लाख का सामान जलकर राख

सीतापुर। महमूदाबाद कस्बे के बेलदारी टोला वार्ड अंतर्गत पैंतेपुर रोड पर शुक्रवार देर रात एक बंद पड़े गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में गोदाम में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 20 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बन्नी वार्ड निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता पुत्र राजेंद्र प्रसाद गुप्ता का गोदाम बेलदारी टोला में स्थित है। देर रात मोहल्ले के लोगों ने स्टोर के अंदर से धुआं निकलता देखा, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। तत्काल गोदाम मालिक को सूचना दी गई। बताया गया कि गोदाम में दर्जनों मोबाइल फोन, मोबाइल एसेसरीज, किराना और अन्य दैनिक उपयोग का सामान रखा था। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों व उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग विकराल रूप ले चुकी थी। निवासियों का आरोप है कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। जब तक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। लपटें और धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है।

## हरगांव में मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा का समापन



सीतापुर। हरगांव विधानसभा क्षेत्र में सात दिवसीय मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा का समापन तेज राजनीतिक हमलों और बड़े ऐलानों के साथ हुआ।

यात्रा के दौरान 43 ग्राम सभाओं में बैठकें आयोजित की गईं और 3616 परिवारों का मनरेगा में पंजीकरण कराए जाने का दावा किया गया। यात्रा के केंद्रीय संयोजक शिवप्रकाश सिंह और विधानसभा प्रभारी विष्णु गौतम ने बताया कि 29 मार्च को हरगांव में संविधान बचाओ संवाद रैली आयोजित की जाएगी। नवीनगर में आयोजित सभा में विष्णु गौतम ने भाजपा पर मनरेगा को खत्म करने की मंशा का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस इसे बचाने के लिए निर्णायक संघर्ष करेगी। वहीं जैतापुर में शिवप्रकाश सिंह ने भाजपा पर जनहितैषी कानूनों को समाप्त करने और जनविरोधी कानून थोपने का आरोप लगाया। राधेश्याम कनौजिया ने लोकतंत्र बचाने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान कन्हैयालाल कश्यप, आनंद, अनिल गुप्ता, प्रहलाद चौधरी, माधव राजवंशी, फूल सिंह और रामकिशन राजवंशी सहित अन्य नेताओं ने भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। हरगांव बाजार में आयोजित जनसभा में डॉ. बृजबिहारी ने क्षेत्रीय राजनीतिक नेतृत्व पर स्थानीय समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा और सपा पर भय दोहन की राजनीति करने का आरोप लगाया। यात्रा के समापन के साथ ही क्षेत्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है।

## पटेल नगर में बीजेपी का आक्रोश प्रदर्शन

फतेहपुर, । एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा किया गया अभद्र प्रदर्शन देश की साख को ठेस पहुंचाने वाला बताया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा फतेहपुर ने पटेल नगर चैराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंककर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें देशद्रोह के आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन का कारण और मधुराज का तीखा प्रहारजिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अक और भविष्य की तकनीक में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है, जबकि कांग्रेस संकुचित राजनीति के चलते अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को शर्मसार कर रही है। दिल्ली के भारत मंडपम में शर्ट उतारकर किया गया प्रदर्शन न केवल अमर्यादित था, बल्कि विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि खराब करने का कुत्सित प्रयास था। उन्होंने राहुल गांधी पर समिट को 'पीआर तमाशा' बताने और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उनकी हताशा दर्शाता है।मधुराज ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस की राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध तक सिमट गई है? डेटा सुरक्षा और चीनी उत्पादों के नाम पर फैलाया भ्रम निराधार है, जबकि यह समिट आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की सफलता का प्रतीक है। प्रदर्शनकारियों का फर्जी तरीके से स्थल में घुसना सुरक्षा चूक का प्रयास था, जिसके लिए ब्लैकलिस्टिंग और कानूनी कार्रवाई जरूरी है।कड़ी मांगें: माफी से सदस्यता रद्द तकराहुल गांधी को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।यदि कोई सांसद संलिप्त पाया गया तो संसद की विशेषाधिकार समिति से सदस्यता निरस्त की जाए।ऐसे अराजक तत्वों को भविष्य के आयोजनों से ब्लैकलिस्ट किया जाए।मधुराज ने चेतावनी दी कि जनता कांग्रेस के 'टॉपलेस और ब्रेनलेस' प्रदर्शन का जवाब देगी।यह आयोजन देशहित में प्रशासन की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।प्रमुख उपस्थित कार्यकर्ताप्रदर्शन में जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, आलोक सिंह, गौरव गुप्ता, अभिषेक सैनी, रोहित अवस्थी, सचिन विश्वकर्मा, आर्यन गुप्ता, तनिष्क, हर्षित पांडे, दीपक कश्यप, प्रवीण चौरसिया, विमलेश पाल, अरुण शुक्ला, आशीष, आयुष चौधरी, प्रखर, राघव गुप्ता, राज दीक्षित, रितिक ठाकुर, शिवम पांडे, अमन गुप्ता आदि बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीजेपी ने देशभर में इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किए, जो कांग्रेस के खिलाफ जनाक्रोश को दशार्ता है।

## सभी आत्माओं का पति है परमात्मा: इंद्रेश जी महाराज

नैमिषारण्य/सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिषारण्य स्थित हनुमान गढ़ी कथा प्रांगण में बड़े महंत बजरंग दास के सानिध्य में चल रही भव्य श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सुप्रसिद्ध कथाव्यास इंद्रेश जी महाराज ने भक्तों को आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि सभी आत्माओं का वास्तविक पति परमात्मा है। उन्होंने कहा कि ह्यये तेरा, ये मेराह्व जैसे सांसारिक संबंध क्षणभंगुर हैं, जबकि आत्मा और परमात्मा का संबंध शाश्वत और अनंत है। इसलिए मनुष्य को परमात्मा से जुड़कर अंततः उसी में विलीन होने की तैयारी करनी चाहिए। महाराज श्री ने भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए गोविंद द्वारा अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि सात दिन तक वर्षा होने के बाद देवराज इंद्र को यह अहसास हुआ कि यह कोई साधारण बालक नहीं, बल्कि स्वयं श्रीहरि हैं। अपराधबोध होने पर इंद्र ने क्षमा याचना की और भगवान ने उन्हें क्षमादान दिया।

## सिधौली में यादव जी की लव स्टोरी पर बवाल, फिल्म की रिलीज रोकने की मांग

सीतापुर। सिधौली में प्रस्तावित फिल्म ह्यादव जी की लव स्टोरीह्व को लेकर विवाद गहरा गया है। यादव समाज के लोगों ने फिल्म के निर्माण और संभावित रिलीज पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतीश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में फिल्म निर्माता और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अधिवक्ता चित्रकेश यादव ने कहा कि फिल्म एक विशेष जाति की भावनाओं को आहत कर सकती है, जिससे सामाजिक तनाव उत्पन्न होने की आशंका है। जयकरन यादव ने फिल्म के निर्माण और रिलीज पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं अधिवक्ता राम पाल भार्गव ने आरोप लगाया कि इस तरह की फिल्में समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती हैं और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकती हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि फिल्म के प्रोड्यूसर संदीप तोमर हैं और मुख्य भूमिका यूट्यूबर प्रगति तिवारी निभा रही हैं। ज्ञापन दाताओं ने फिल्म यूनिट के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान रमेश यादव, रामकरन यादव, प्रमोद यादव, आशीष यादव, अंकित यादव, अजय यादव, कुलजीत सिंह, कुन्हा लाल, रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

## ताला तोड़कर नगदी व लाखों का माल चोरी



उन्नाव। पुरवा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन चोरियो से नागरिकों में दहशत का माहौल है। मामला पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव का बताया जा रहा है शुक्रवार की रात रेशमा पत्नी स्वर्गीय नंदकिशोर के घर से चोरों ने ताला तोड़कर नगदी वा लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया। मामले की जानकारी गृह स्वामी को तब हुई जब वह निमंत्रण से लौटकर अपने घर आई मकान का ताला और बक्से के ताले खुले देखकर भौंचक्का रह गई पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में उसने गुल्लक से नगदी वा लाखों रुपए के जेवर जाने का आरोप लगाया है ग्रामीणों के मुताबिक रेशमा 2 दिन पहले किसी रिश्तेदारी निमंत्रण में गई हुई थी पति की पहले ही मौत हो चुकी है बेटा वा बहू बाहर रहकर नौकरी करते हैं रेशम के साथ रहने वाली उसकी ब्याही बेटी भी कुछ दिन पहले अपनी ससुराल चली गई थी इधर दो दिन से घर का ताला बंद था मिरी कला कांथा मार्ग पर रेशमा का मकान बना हुआ है आसपास के अन्य मकान भी है परंतु घटना की जानकारी किसी को नहीं हो पाई ऐसा ग्रामीणों का कहना है बताते हैं कि आए दिन हो रही क्षेत्र में चोरियों से लोग घर छोड़कर बाहर निमंत्रण में जाने से कतरा रहे हैं।

## पंचायत भवन व सड़कों पर मवेशियों का कब्जा




सीतापुर। विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत संदना में लाखों रुपये की लागत से बनी गौशाला व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

कागजों में गोवंश संरक्षण के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बेसहारा मवेशी सड़कों, पंचायत भवन परिसर और कस्बे की गलियों में खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार द्वारा गौशाला संचालन पर हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद व्यवस्था पूरी तरह फेल है। ब्लॉक मुख्यालय, पंचायत भवन, पुरानी सब्जी मंडी और संदना कस्बे की मुख्य सड़कों पर सुबह से शाम तक मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे जहां एक ओर राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं आए दिन सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि छुट्टा गोवंश खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है। करोड़ों रुपये की सरकारी फंडिंग के बावजूद जमीनी हकीकत दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब गौशालाएं बनी हैं और बजट भी जारी हो रहा है, तो आखिर गोवंश सड़कों पर क्यों भटक रहे हैं? लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## डिजी हेल्थ ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

उन्नाव (वीओएल)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक ने शनिवार दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने दवा वितरण कक्ष, ओपीडी , जन औषधि केंद्र व वार्डो का निरीक्षण किया। गंदगी व अन्य व्यवस्था ठीक न मिलने पर उन्होंने फटकार लगाई। साथ ही निर्देश दिए को अपनी नहीं शासन की मर्जी के अनुसार कार्य करे। महानिदेशक डॉ.पवन कुमार जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। जहां सिर्फ दो तरह की एंटीबायोटिक मिलने पर डिप्टी सीएमस पुरुष डॉ. संजीव कुमार से पूछा कि कितनी तरह की एंटीबायोटिक दवाई उपलब्ध है। इस पर उन्हें बताया गया कि चार प्रकार की एंटीबायोटिक उपलब्ध है। इस पर वह नाराज हुए।



जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद वह महिला अस्पताल के वार्ड में पहुंचे यहां उन्होंने आयुष्मान वार्ड व जरनल वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से भोजन व दवाओं के मिलने की जानकारी ली। नर्सों को बुलाकर ब्रीफ किया मरीजों की सेवा करना पहला धर्म है। कहा कि यही शासन की मर्जी है। इसलिए अपनी मर्जी से कार्य न करे। पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि डिमांड भेजे अगले बजट में नए बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद वे महिला चिकित्सालय की ओर बढ़े तब महिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ.अरविंद आनंद को महानिदेशक के निरीक्षण की जानकारी हो पाई। जब वे पहुंचे तो उन्हें महानिदेशक ने फटकार लगाई। महिला पैथोलॉजी में उन्होंने जांच के लिए आया पर्चा मांगा तो उसमें लिखी जांचे स्पष्ट नहीं लिखी थी। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि जांच स्पष्ट लिखी जाए। जिससे किसी मामले के कोर्ट में जाने पर दिक्कत न हो। सफाई व्यवस्था को लेकर वे नाराज दिखे। महानिदेशक पवन कुमार ने बताया कि सफाई व्यवस्था खराब मिली है। ठेकेदार को सोमवार को तलब किया है। वहीं पुरुष पैथोलॉजी में मरीजों की लंबी कतार को लेकर कहा कि वहां यदि मैन पावर बढ़ाने की जरूरत पड़ी तो किया जाएगा। डिप्टी सीएमएस के ओपीडी में न बैठने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ओपीडी करनी होगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ.हरिनंदन प्रसाद, सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता, एसीएमओ डॉ. जेआर सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ की बैठक, 11 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)



उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, जनपद उन्नाव की शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं संयुक्त बैठक अध्यक्ष अनूप मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय प्रकाश गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

बैठक में प्रमुख रूप से चयन वेतनमान से संबंधित प्रकरण उठाया गया। बताया गया कि दिसंबर व जनवरी में चयन वेतनमान के आदेश निर्गत होने के बावजूद अब तक कई ब्लॉकों से पत्रावलियां जनपद स्तर पर प्राप्त नहीं हुई हैं। संघ ने अविलंब कार्रवाई की मांग की है। पुरवा ब्लॉक में जीपीएफ लेखा पर्ची शिक्षकों को न मिलने का मुद्दा भी सामने आया। इसके अतिरिक्त जनपद में एक दिन का रोका गया वेतन शीघ्र बहाल करने, सभी शिक्षकों के एरियर भुगतान कराने तथा भविष्य निधि ऑनलाइन प्रक्रिया को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। संघ ने वर्ष 2016 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों को लंबित नोशनल इंक्रीमेंट स्वीकृत करने तथा वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावलियां समय से लखनऊ प्रेषित करने की भी मांग रखी, जिससे जीपीएफ एवं पेंशन का समय से भुगतान हो सके। कुछ ब्लॉकों में सेवा पुस्तिकाएं पोर्टल पर अपलोड न होने और विवरण त्रुटिपूर्ण दर्ज होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही विद्यालयों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। बैठक में डिजिटल उपस्थिति को लेकर भी चर्चा हुई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में शासन स्तर पर समिति गठित कर निर्णय लेने की बात हुई थी, किंतु समिति के अंतिम निर्णय से पूर्व ही डिजिटल उपस्थिति का दबाव बनाया जा रहा है, जो उचित नहीं है। अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि विभाग द्वारा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्यवाही नहीं हो रही है। महामंत्री रामजनम सिंह ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने के लिए बाध्य होगा।

## बीएसए की कार्यशैली पर उठे सवाल

उन्नाव। जनपद में शिक्षक हित से जुड़े मामलों को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन सौंपते हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। आरोप है कि कई मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। जानकारों का मानना है कि जब जिला स्तर के अधिकारी सक्रिय नहीं होते, तो इसका सीधा असर स्थानीय व्यवस्थाओं पर पड़ता है। चर्चा है कि लखनऊ स्तर पर भी अधिकारियों के बीच यह माना जा रहा है कि उन्नाव के बीएसए से कार्यों में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है।

पत्रकारों के प्रति भी विभाग का रवैया चर्चा में है। स्थानीय स्तर पर यह बात सामने आ रही है कि बीएसए पत्रकारों से मिलने में रुचि नहीं दिखाते। जबकि पत्रकार सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। संवाद की कमी से न केवल योजनाओं का सही प्रचार-प्रसार प्रभावित होता है, बल्कि कमियों की ओर ध्यान भी समय पर नहीं जा पाता। कार्यालय के बाहर अक्सर यह भी सुनने को मिलता है कि बीएसए द्वारा बार-बार नए निर्देश जारी किए जाते हैं, जिन्हें कर्मचारी ह्लतुगलकी फरमानह्व तक कह रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, उच्च अधिकारी भी उन्हें अभी अनुभवहीन मान रहे हैं और निकट भविष्य में कड़े निर्देश दिए जाने की चर्चा है।यदि यही स्थिति बनी रही तो विभागीय कार्य और अधिक प्रभावित हो सकते हैं। पहले से ही लंबित अवकाश मामलों में जिला पिछड़ चुका है, जिसका जिम्मा भी वर्तमान कार्यकाल पर डाला जा रहा है। अब देखना यह है कि विभाग इन आरोपों पर क्या रुख अपनाता है और शिक्षक हित से जुड़े मामलों में कितनी तेजी से सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

## क्या बोले मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक लखनऊ

श्याम किशोर तिवारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक लखनऊ आपके द्वारा जो भी चीजे संज्ञान में दी गयी है उन्नाव के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेशित करके समस्त चीजों का निदान दिया जाएगा। साथ ही पत्रकारों से न मिलने के सवाल पर कहा कि पत्रकारों से बीएसए अच्छा तालमेल व संवाद बनाकर रखे। इसके लिए सख्त निर्देश दिए जाएंगें।

## सोमवार को लगेगा निःशुल्क हेल्थ कैंप

सीतापुर। लहरपुर मे घुमंतू समाज के लोगों की सुविधा के लिए कस्बे की रायपुर गंज कॉलोनी में श्री पीतांबरा शिक्षा समिति द्वारा जरूरतमंद परिवारों को कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान 40 पुरुषों को पैंट-शर्ट तथा 13 बच्चों को पहनने के लिए वस्त्र प्रदान किए गए। वितरण के समय समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप संस्था लगातार घुमंतू समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को बंजारा कॉलोनी में एक निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित होगा। संस्था के चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह शिविर और कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। शिविर में कॉलोनी के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। साथ ही शिक्षा के महत्व पर जागरूक कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के जनशिकायतों को सुनकर दिये गये समाधान के निर्देश

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शनिवार को जनपद की सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने आये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को बुलाकर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

उन्होंने एक-एक कर शिकायकताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि तत्काल शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करायें और यदि तत्काल सम्भव न हो तो मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें।शेष बची शिकायतों के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करायें। शिकायतकताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए।

**● लाभार्थी की शिकायत पर डीएम ने दिये निर्देश 40 लाभार्थियों के बैंक खातों में अगले तीन दिन में धनराशि अंतरित करने के दिये निर्देश**

दिव्यांग पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन दिलाये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण व समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर शिकायतकताओं के आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र की तत्काल जांच करवायी और पेंशन योजनाओं में आवेदन कराने के निर्देश दिये।आदिवासी समुदाय की दो महिलाएं वर्षा और रजनी ने जिलाधिकारी से आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को फोन कर महरौनी क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर आदिवासी महिलाओं को खेती की भूमि व आवास योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में ग्राम झरकौन के गरीब किसानों की भूमि पर दबंगों अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सीओ चकबंदी व तहसीलदार सदर को संयुक्त रुप से जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये।




एक कृषक द्वारा मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना बीमा योजना का लाभ न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पटल सहायक को 03 दिनों में शिकायतकर्ता के साथ अन्य और भी 40 लाभार्थियों के बैंक खाते में धनराशि अंतरित करने के निर्देश दिये।

जनपद भर से 107 शिकायतें तहसील दिवसों में प्राप्त हुईं जिनमें कुछ का मौके पर समधान किया गया एवं अन्य को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसामान्य की शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार निस्तारण करें: डीएम



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए, यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को राहत प्राप्त हो।उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस की समाप्ति के बाद जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा तहसील धामपुर कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया जहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी व सीओ सिटी, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षेप

### थायराइड मशीन की खराबी हुई दूर

ललितपुर। विटामिन डी और थायराइड की जांच न होने से मरीज परेशान के बाद स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन हरकत में आ गया है। झांसी मंडल के आयुक्त के निर्देश पर मामले की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि पैथोलॉजी विभाग में स्थापित थायराइड जांच मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण कुछ समय के लिए जांच बाधित हो गई थी। अब मशीन को दुरुस्त कर दिया गया है और थायराइड की जांच पुनरू शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि विटामिन डी की जांच पैथोलॉजी विभाग में प्रतिदिन नियमित रूप से की जा रही है। 20 फरवरी 2026 को थायराइड की लगभग 80 जांचें की गईं, जबकि 24 फरवरी 2026 को अब तक करीब 50 जांचें पूरी की जा चुकी हैं।प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में विटामिन डी और थायराइड दोनों की जांच सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं।

### बोलेरो की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम छिल्ला निवासी रामेश्वर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे उनका पुत्र राहुल मोटरसाइकिल से अपने परिजनों को लेने जा रहा था। इसी दौरान मिर्चवारा और मसरौरा कलां के बीच पड़ौरिया बांध स्थित ढाबे के पास ललितपुर की ओर से आ रही बोलेरो (यू.पी.78 बी.ई.7346) के चालक जंगपाल ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। परिजनों के अनुसार राहुल के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, दाहिना हाथ काम नहीं कर रहा तथा पैर में फ्रैक्चर है और वह अभी भी बिस्तर पर है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पूराकलां मजरा झिट्टीपुरा निवासी काशीराम पुत्र गिरजा कुशवाहा ने तहरीर देकर बताया कि उनके लगभग 70 वर्षीय पिता 15 फरवरी 2026 को शाम करीब 6रू30 बजे पूराकलां से सारसेड़ जा रहे थे। जैसे ही वह सारसेड़ जाने वाले रोड पर साहू की पुलिया के पास पहुंचे, तभी पूराकलां की ओर से आ रही बाइक संख्या यू.पी.94 ए.के. 5292 के चालक नरेंद्र पुत्र विंद्रावन राजपूत निवासी सारसेड़ ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें पहले सीएचसी तालबेहट ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाद में जेएमसी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल झांसी में उपचार चला, लेकिन सुधार न होने पर ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106(1) के तहत एफआईआर संख्या 0017 दर्ज कर ली है।

### सोहावल में पशु शेड निर्माण में भ्रष्टचार का उठा मुद्दा

सोहावल-अयोध्या। शनिवार को सोहावल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सुश्री सविता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान पशु शेड निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की शिकायत का मुद्दा बड़ी तेजी से उठा।इस दौरान 91 शिकायती पत्र आए।

मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण करवा दिया गया। निवासी राजेंद्र तिवारी ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020 -21 में ग्राम मुस्तफाबाद निवासी लाल जी तिवारी उर्फ मुनिदेव पुत्र केदार नाथ व अंजू पत्नी जितेंद्र तिवारी के नाम से पशु शेड स्वीकृत किया गया है।

# आयुक्त ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये



**बांदा।** नरैनी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त अजीत कुमार व पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। आयुक्त ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना। समाधान दिवस में 40 शिकायती पत्र मिले, इनमें पेंशन स्वीकृति, विद्युत बिल संशोधन, परिवार रजिस्टर में नाम जोड़े जाने, नाली निर्माण और अन्य जन समस्याएं शामिल हैं। आयुक्त ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी शिकायती पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं और तीन दिन के अंदर आयुक्त कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होने अन्य अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण करें और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाएं। इसके पश्चात आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिषद में शौंचालय गंदा मिला और ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक स्थान पर लगा नही मिला। आयुक्त अजीत कुमार ने अव्यवस्था मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था शीघ्र दुरूस्त कराई जाए और रोस्टर को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए। उन्होने साफ लहजे में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। आयुक्त ने इसके बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवरार का निरीक्षण किया। यहां चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद मिले और डॉक्टर ने बताया कि 14 मरीजों की ओपीडी की गयी है और उन्हे जरूरी परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गयी हैं।

# स्कूल में बच्चों, अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण




**बांदा।** इंटरनेशनल एमिटी स्कूल एवं बचपन स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना, उन्हें विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व को समझाना था।शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की।शिविर में डॉ. प्रग्या प्रकाश, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. एस. पी. गुप्ता, डॉ. ऋषिका सिंह, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. अनीता अग्रहरी एवं डॉ. एस. के. यादव ने सेवाएँ प्रदान कीं। सभी चिकित्सकों ने अत्यंत समर्पण एवं सेवा भाव से बच्चों एवं अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने बच्चों से कहा कि ह्लस्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। यदि विद्यार्थी नियमित दिनचर्या अपनाएँ, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लें, प्रतिदिन व्यायाम करें तथा मोबाइल और टीवी का सीमित उपयोग करें तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।ह्व डॉक्टरों ने यह भी सलाह दी कि बच्चे प्रतिदिन पर्याप्त नींद लें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करें। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह समय-समय पर बच्चों की स्वास्थ्य जाँच अवश्य कराएँ और उनकी दिनचर्या, खानपान एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि ह्लबचपन की सही देखभाल ही भविष्य के स्वस्थ और सफल नागरिक तैयार करती है। स्वास्थ्य शिविर में कुल 564 विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विद्यालय की प्रबंधक प्रभा यादव ने चिकित्सकों का आभार जताया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार युवक की मौत

**बिजनौर।** नाबार्ड की परीक्षा देने के लिए मुरादाबाद जा रहे नगीना मार्ग स्थित फोरलेन हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

धामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 8:30 बजे डायल 112 पुलिस द्वारा सूचना मिली कि एक युवक मोटर साइकिल यूपी 20 बीएन 4088 अपाची से धामपुर की तरफ आ रहा था। जैसी ही वह धामपुर-नगीना मार्ग स्थित ग्राम चक सहजानी के सामने पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी धामपुर लाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि मृतक शिवांकर भारती पुत्र सुरेन्द्र कुमार भारती निवासी अम्बेडकर नगर थाना नगीना का निवासी है जो मोटर साइकिल द्वारा मुरादाबाद में नाबार्ड की परीक्षा देने जा रहा था। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 25 हजार का इनामिया दुष्कर्मी गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे इनामियाए पुरस्कार घोषित व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी व थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम के नेतृत्व में थाना श्रीनगर पर पंजीकृत धारा 352ध्74ध्62ध्64;2द्ध;एमद्धध्87 बीएनएस व धारा 351;4द्ध बीएनएस से सम्बन्धित एक वांछित एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्त रामजी यादव पुत्र अशोक यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम मझगंवा खुर्द थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा।

# अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने वाले जनसेवा केन्द्र संचालकों पर डीएम ने की कार्रवाही

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जगजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगीना एवं हल्दौर में अवैध रूप से आधार कार्ड बनाए जाने तथा संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त होने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगीना में नायब तहसीलदार नगीना तथा हल्दौर में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर द्वारा संयुक्त रूप से जांच कराई गई। जांच में शिकायत दुरुस्त पाए जाने पर तत्काल मशीन एवं अभिलेखों को जप्त कर अतिरिक्त जांच के लिए यूएआईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि तहसील नगीना गेट के पास पूर्व में अवैध रूप से संचालित जनसेवा केंद्र में ऑनलाइन आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। शिकायत संज्ञान में आने के बाद उक्त मांमले की जांच नायब तहसीलदार नगीना द्वारा कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार नगीना द्वारा मशीन तथा वहां मौजूद सामग्री को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दूसरे प्रकरण में हल्दौर स्थित पेट्रोल पंप के पास जन सेवा केंद्र पर अवैध रूप से आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य करने की शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, नायब तहसीलदार सदर तथा डिस्टिक मैनेजर सीएससी द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई। जांच के दौरान संज्ञान में आया कि बिना अनुमति के आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है तथा जांच के दौरान यह भी पाया गया कि नामांकन संशोधन कार्य के लिए प्रति व्यक्ति 300 से 500 रुपए तक वसूल किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनो जन सेवा केंद्रों को संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है तथा जन सेवा केंद्र पर जब्त की गई अभिलेखों को अतिरिक्त जांच के लिए यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को भेज दिया गया है।



# स्टेडियम की बदलेगी सूरत, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों के चलते शासन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 912 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इसके लिए 237 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त हो गयी है। स्वीकृत परियोजना के तहत प्रशासनिक भवन का निर्माण, बाउंड्री वॉल का निर्माण, कैंपस का विद्युतीकरण, स्टेडियम मैदान में मिट्टी का भराव, स्विमिंग पूल का जीर्णोद्धार, बास्केटबॉल कोर्ट का नवनिर्माण, सिंथेटिक पाथवे का निर्माण कराया जाएगा।

सदर विधायक ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से जिले के युवा खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने और प्रदेश व देश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलेगी। यह पहल शहर को एक महत्वपूर्ण खेल केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सदर विधायक के इस प्रयास को जिले के लोगों ने महत्वपूर्ण कदम बताया है। लोगो ने कहा कि स्टेडियम विकसित होने के बाद जिले के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया होंगी।सदर विधायक ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं खेलकूद मंत्री गिरीश यादव का आभार जताया है।



# बिजली का तार चोरी करते समय पुलिस ने पकड़ा

ललितपुर। बिजली तार चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अमरपुर मंडी में बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अमरपुर मंडी में एक व्यक्ति बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार निकाल रहा था और उसे एक प्लास्टिक की बोरी में भर रहा था। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और उसका नाम पता पूछा। आरोपी का नाम अमरपुर निवासी करन सिंह पुत्र रविंद्र सिंह बताया गया है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक प्लास्टिक बोरी में एल्युमिनियम तार और दो हथियार बरामद हुए।इसके अलावा, उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। पूछताछ में करन सिंह ने बताया कि वह जुए की लत के कारण बिजली के तार काटकर बेच देता था। उसने बताया कि वह अमरपुर मंडी में धरमकांटा पर काम करता था और उसे मंडी की जानकारी थी कि अमरपुर मंडी में बिजली सप्लाई नहीं है।इसलिए वह बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार निकालता था और उसे कबाड़ में बेच देता था। पुलिस ने आरोपी करन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ धारा 303/317 बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बरामद एल्युमिनियम तार का वजन 25.850 किलो ग्राम पाया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है और बिजली चोरी की घटना पर रोक लगाने का प्रयास किया है।

# महरौनी क्षेत्र में 85 जोड़ों के साथ द्वितीय चरण का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शरिवार को सरदार पटेल एमएसडी महाविद्यालय मिचवार्रा में 85 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें नगर निकायों से 16 जोडें तथा विकास खण्डों के 69 जोडे सम्मिलित हुये।कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप निदेशक समाज कल्याण इन्द्रा सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगणों ने भगवार श्री गणेश जी का पूजन कर वर-बधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लिए पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं, व्यवस्थाओं के लिए पंचायती राज विभाग, नगर पंचायत महरौनी, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को तैनात किया गया और आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया, साथ ही बायोमेट्रिक मशीन व फेस रीडर के माध्यम से जोड़ों का सत्यापन कराया गया। आयोजन में पूरे विधिविधान से धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ नवयुगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया और योजनान्तर्गत प्रत्येक जोड़े को उपहार आदि दिये गये।

**● दाम्पत्य सूत्र में बंधे 85 जोड़े, जनप्रतिनिधि व अधिकारीगणों सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने दिया आशीर्वाद**



कार्यक्रम में आशीर्वाद देते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि सभी जोड़े अपने परिवारजनों की सेवा करें, उनके साथ मधुर व्यवहार करें और सुखमय जीवन व्यतीत करें।सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आज यहां बिना किसी भेदभाव के सभी जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है, सबका साथ-सबका विकास ही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों के सपने साकार कर रही है, वर्तमान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा जनता के कल्याण के लिए जो भी कार्य कराये जा रहे हैं, वे सराहनीय है, जिनका लाभ आज प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सीधे मिल रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि आज बहुत खुशी का मौका है कि एक ही स्थान पर सभी जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हो रहा है।

# महामाई की प्राण-प्रतिष्ठा, भंडारे का आयोजन



**बांदा।** थाना मटौंध क्षेत्र के मरौली गांव में महामाई की प्राण-प्रतिष्ठा पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। राकेश मोहन मिश्रा व पुजारी पीयूष मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा कराई। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं और महामाई की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं। समाजसेवी रमेश साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने कहा कि विशाल भंडारे का आयोजन करने से गांव में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ती है और लोग एक दूसरे के साथ जुड़ते हैं। इस दौरान बदलूराम साहू, राजेश साहू, सुभम साहू, सचिन, लवलेश द्विवेदी, संदीप अवस्थी, सुशील शुक्ला, आकाश, पवन कुमार, अज्जू मिश्रा, अमन तिवारी व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

संक्षेप

## जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे बंदी की मौत

एटा। एटा जिला कारागार में एक सजायाफ्ता बंदी की शनिवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बंदी की पहचान जितेन्द्र उर्फ भूरा (53) निवासी ग्राम बिजौरी, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी को शनिवार सुबह अचानक बायीं तरफ सीने में तेज दर्द और उच्च रक्तचाप की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया। वहां से उसे सुबह करीब 10:35 बजे अवन्ती बाई स्वशासी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि जितेंद्र हत्या समेत कई गंभीर मामलों में निरुद्ध था। उन्होंने बताया कि वह हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो किशोरों की मौत

कानपुर। कानपुर के कोहना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगा बैराज रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक स्कूटी पर सवार दो किशोरों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान अर्श (15) और मोहम्मद अहमद (16) के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। पुलिस और पीड़ित परिवार के सदस्यों के अनुसार, शुक्रवार रात लड़के रमज़ान के दौरान घर लौट रहे थे तभी गंगा बैराज के पास यह दुर्घटना हुई। उन्होंने अपने माता-पिता को बताया था कि वे नमाज पढ़ने जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मारदी और भागने की कोशिश में किशोरों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त उनका एक अन्य दोस्त एक अलग स्कूटी पर उनके पीछे आ रहा था और उसके घटना देखी तथा परिजनों को सूचना दी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासी मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। कोहना थाने से पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को लाला लाजपत राय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) अर्चना सिंह ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह ले जाया गया है। पुलिस ने फरार चालक का पता लगाने और वाहन को जब्त करने के लिए तलाश अभियान शुरू किया है।

## गत्ते का डिब्बा बनाने वाली फैक्टी में लगी आग

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर जिले के बादलपुर थाना क्षेत्र के बिश्नौली गांव में स्थित गत्ते का डब्बा बनाने वाली फैक्टरी में शनिवार को भयंकर आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जिले के मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शनिवार को थाना बादलपुर क्षेत्र के बिश्नौली गांव में स्थित गत्ता बनाने की फैक्टरी में अज्ञात कारण से भयंकर आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की 12 गाड़ियां पहुंचीं। अधिकारी ने बताया कि तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग से कोई जन हानि नहीं हुई है तथा आग लगने के कारण और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## विकास प्राधिकरण बोर्ड की 51वीं बैठक संपन्न

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, अध्यक्ष शहरी नगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) राजेश प्रकाश की 51वीं बैठक आयुक्त सभागार मीरजापुर में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी सोनभद्र बीएन सिंह, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया तथा साडा बोर्ड की सचिव, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन आख्या के बारे में जानकारी देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित निर्माण, विकास कार्यों के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में उप निदेशक अर्थ एवं संख्या के अलावा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, राज्य विद्युत उत्पादन निगम, उत्तर प्रदेश जल निगम के नामित प्रतिनिधि के अलावा शासन द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्यों में धर्मवीर तिवारी व केसी जैन उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सचिव साडा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत बजट के सापेक्ष 31 दिसंबर 2025 तक वास्तविक आय व्यय, अधिष्ठान एवं निर्माण, विकास कार्यों पर व्यय के वास्तविक आकड़े तथा वित्तीय वर्ष 2026-26 का कार्य पूर्ति दिग्दर्शन आय व्यय बजट का लेखा जोखा बोर्ड के सामने प्रस्तुत किया गया।

# शिकायतों का करें अविलंब निस्तारण



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में फरवरी महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में डीएम बीएन. सिंह, एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुने। श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि जन मानस के शिकायतों का निस्तारण जनपद स्तर पर हो जाये उन्हें इसके लिए अन्यत्र भटकाना न पड़े उन्होंनें कहा कि प्रत्येक कार्यालय दिवस पर अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित होकर जनसामान्य की समस्याओं/शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाये गये प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन शहरी को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वृद्वा पेंशन के 04 लाभार्थियों का निस्तारण, राशकार्ड में 02 लाभार्थियों का नाम जोड़ कर निस्तारण, दिव्यांगजनो को कृत्रिम उपकरण हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुआ, समाज कल्याण विभाग के स्टाल पर वृद्धजनों की समस्याओं को सुनते हुए, अपूर्ण आवेदनों को मौके पर ही दुरुस्त कराया गया, कई पात्र वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर डीएम, एसपी, एसडीएम राबर्ट्सगंज ने 127 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 5 टीम को क्षेत्र में भेजकर 10 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 20 मामले निस्तारित हुए, बाकी 107 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## जमीन पर कब्जा करने का दबंग कर रहे प्रयास

घोरावल/सोनभद्र। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ढुटेर गांव में दलित की भूमिधरी जमीन को दबंग कब्जा करने के प्रयास में है। उक्त गांव निवासी ज्ञानदास ने शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस घोरावल में दिये प्रार्थना पत्र में बताया है। कि गांव में स्थित उनके आराजी संख्या-638 ख की भूमिमधरी श्रेणी-1 की पुस्तैनी जमीन की नापी व सीमांकन कराये जाने के लिए पूर्व में प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आज तक इस जमीन की नापी और सीमांकन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप आसपास के कुछ लोग धन और बल के बूते उक्त पुस्तैनी भूमि पर अवैध रूप से पुल, रास्ता का निर्माण कर जबरन कब्जा करने का मन बना रहे है। ऐसी चर्चा सुनने को मिल रही है। यहि समय रहते इस पर आवश्यक कार्यवाही नहीं की गयी तो भविष्य में दबगों द्वारा किसी आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा सकता है। ऐसे स्थिति में उन्होने इस भूमि की तत्काल नापी व सीमांकन कराये जाने का अनुरोध विभागीय उच्चाधिकारियों से किया है। जिससे भूमि स्वामी के साथ दबंगों द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की आशंका खत्म हो जाये और सुकुन से जीवनबसर कर सके।

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को मा. प्रशासनिक न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद (लखनऊ बेंच) राजीव सिंह ने जिला जज शिव कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग संग जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान सीजेएम प्रमोद



कुमार यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने पुरुष और महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। महिला बंदी ग्रह में निरुद्ध महिलाओं को साड़ी, उनके शिशुओ को गिफ्ट उपहार भेंट किए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने बंदियों से जाना कि वह किस मुकदमे में और कब से निरुद्ध है। उन्होंने बेल, पैरवी और हिस्ट्री टिकट की जानकारी ली। इस दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जेल बैरक, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों, महिला बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। चिकित्साधिकारी डॉ पंकज कुमार ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर सहित कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रासलीला में अभिमन्यु के पराक्रम का मंचन



सोनभद्र। नगर के राममलीला मैदान में चल रहे 11 दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के छठवें दिन वीर अभिमन्यु के शौर्य पराक्रम की लीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बतादें कि स्वामी दाऊद दयाल उपाध्याय की रासलीला मडंली के द्वारा रासलीला, रासविहार, मयूर नृत्य, वीर अभिमन्यु वध, जयद्रथ वध का मंचन किया गया।

रास विहार मयूर नृत्य देख कर दर्शक भक्ति विभोर हो गये। रात में खेली गई रासलीला के मंचन मे पांडवों और कौरवो का युद्ध दिखाया गया। युद्ध के दौरान अर्जुन की अनुपस्थति में कौरवों ने चक्रवयूह की रचना की। कौरवो को मालूम था कि पांडवों की सेना मे अर्जुन के अतिरिक्त चक्र व्यूह तोड़ना किसी को नही आता है। च्रकव्यहू की सूचना मिलते ही पाडवों की सेना में खलभली मच गई कि कौन योद्धा च्रकव्यूह को तोड़ेगा। युद्ध में अभिमन्यु धीरे धीरे विजय की तरफ बढ़ रहा था कि सातों महारथियो ने अभिमन्यु का छल कपट से वध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, समिति के जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, गुप्ता, राम प्रसाद यादव, मनोज सिंह, रामू मिश्र, सत्येंद्र पांडेय, धर्मेश सिंह खरवार, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, अशोक श्रीवास्तव, विजय कानोड़िया, संतोष सिंह चंदेल, कमला कांत पांडेय, मिठाई लाल सोनी, शीतल सोनी, गिरीश पांडेय, ब्रजेश शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

पाटन, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डी एम के न पहुंचने पर सी डी ओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डीएम के न आने से सैकड़ो फरियादी मायूस हो गए।

लंबे इंतजार के बाद फरियादियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। सी डी ओ लगभग 11:50 पर तहसील मुख्यालय पहुंची उन्होंने तहसील मुख्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया तथा स्टाल पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। उसके बाद सी डी ओ कृतिराज ने तहसील सभागार में बारी-बारी से शिकायते सुनी। इस मौके पर कुल 139 प्रार्थना पत्र है इसमें 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। दूंदपुर निवासी हुबलाल ने बताया कि 20 अगस्त 2014 को बरासत दर्ज कराने के न्यायालय के आदेश के बावजूद भी आज तक वरासत नहीं हुई। लगभग सात बार तहसील दिवस की गणेश परिक्रमा कर चुके हैं साहबगंज निवासी राम जानकी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके खेत में खड़ी फसल को पड़ोसियों द्वारा बर्बाद किया जा रहा है थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। गोसी खेड़ा निवासी मोनू देवी पत्नी अनिल ने पात्र होने के बावजूद कॉलोनी न मिलने की शिकायत कर कालोनी दिलाए जाने मांग की। तलिहई निवासी राम प्रताप ने सीडीओ को प्रार्थना पत्र लेकर पट्टे की भूमि लोगो द्वारा जबरन कब्जा किए जाने का आरोप लगाया। कब्जा हटवाकर अवैध कबजेदारो के ऊपर कारवाई की मांग की। थाने से आई संबंधित शिकायतों को एसपी जयप्रकाश सिंह, सी ओ मधुपनाथ मिश्रा ने सुना तथा तत्काल थाना अध्यक्षों को समाधान के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व से संबंधित 59 मामले रहे विकास से संबंधित 29 पुलिस से संबंधित 22 समाज कल्याण एक अन्य 28 मामले रहे कल 139 मामले आए जिसमें 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर डीपीआरओ आशीष सिंन्हा, डी डी ओ देव कुमार चतुर्वेदी, पी डी आर ए तेजवंत सिंह, एक्सीएन विद्युत विमल कुमार ,एसडीएम रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश प्रसाद, बी डी ओ पंकज कुमार, कोतवाल राजपाल ,थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ,बिहार थाना अध्यक्ष राहुल सिंह आदि रहे।

## भोजपुरी फिल्म की रिलीज रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

दुद्धी, सोनभद्र। शनिवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासंघ के जिलाध्यक्ष जगतनारायण की अगुवाई में एक कथित भोजपुरी फिल्म को जारी होने से रोकने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अंजनी गुप्ता को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया हैं कि वर्तमान समय में कुछ अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सामाजिक एवं जातीय सामंजस्य को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से हम सभी को ज्ञात हुआ है कि कुछ विशेष लोगों द्वारा समाज का माहौल खराब करने तथा धार्मिक एवं जातीय भेदभाव बढ़ाने के उद्देश्य से एक फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का निर्माण कर उसे रिलीज करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त फिल्म में लड़की को यादव जाति की तथा लड़के को मुस्लिम धर्म का दशार्या गया है, जिससे हिन्दू समाज एवं यादव समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं और समाज में आक्रोश व्याप्त है। इससे सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के बिगड़ने की प्रबल संभावना है। इसलिए सामाजिक हित एवं कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उक्त फिल्म की रिलीज पर तत्काल रोक लगाया जाय। इस दौरान दिनेश यादव, अभिनाथ यादव, नरेश यादव, कार्तिक यादव, अजय यादव, दीपक यादव, प्रमोद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## कारागार में विचाराधीन बन्दी ने दम तोड़ा

जौनपुर। जिला कारागार में बंद एक विचाराधीन बन्दी की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामला जनपद के सरपतहा थाना क्षेत्र का है। सरपतहा थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी अजीत कुमार गौतम के पुत्र बनवारी लाल गौतम को पुलिस ने 15 फरवरी की देर रात चोरी के आरोप में घर से हिरासत में लिया था। परिजनों का आरोप है कि युवक को चार दिन तक थाने में रखा गया और बाद में उसे जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि बीती रात जिला कारागार में बंदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन द्वारा उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने कहा कि उनके बेटे को झूठे मामले में फंसाया गया। उनका आरोप है कि पुलिस ने उसके जेब में जेवरात रखकर उसे चोरी के आरोप में जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। प्रकरण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उच्चाधिकारियों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## फर्जी कंपनी के जरिए 6.5 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के आरोप में केस दर्ज

बलिया। जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में एक फर्जी कंपनी द्वारा सुनियोजित तरीके से छह करोड़ 59 लाख रुपये की राजस्व क्षति पहुंचाने के आरोप में उसके मालिक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, राज्य के कर अधिकारी सिकंदर वर्मा की तहरीर पर शुक्रवार को सिकंदरपुर थाने में सिसोटार गांव स्थित शर्मा इंटरप्राइजेज के मालिक अखिलेश शर्मा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि शर्मा ने कथित तौर पर खरीद और बिक्री के लिए 18 जनवरी 2025 को वस्तु एवं सेवा एवं सेवा कर पहचान संख्या हासिल की थी। हालांकि राज्य के सहायक कर आयुक्त राहुल कुमार ने 28 फरवरी 2025 को कंपनी का पंजीकरण रद्द कर दिया था। सहायक आयुक्त राहुल कुमार ने अपने निष्कर्ष में कहा कि कंपनी ने वास्तविक रूप से अस्तित्वहीन और फर्जी कंपनियों से माल की आपूर्ति किए बिना केवल दस्तावेजों के आदान-प्रदान के माध्यम से आवक आपूर्ति की घोषणा की और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध रिकॉर्ड की समीक्षा के अनुसार, धोखाधड़ी से प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट का उपयोग बाहरी कर देयता को पूरा करने के लिए किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6,59,38,960.41 रुपये का राजस्व नुकसान हुआ। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि फर्जी कंपनी का इस्तेमाल इनपुट टैक्स क्रे डट लाभों को धोखाधड़ी से हस्तांतरित करने के लिए किया गया था। राज्य कर उपायुक्त अनिल कुमार द्वारा 14 जनवरी को जारी निर्देशों के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। सिकंदरपुर थाने के प्रभारी अधिकारी मूल चंद्र चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मथुरा जेल के बंदी फल-सब्जियों से बना रहे हर्बल गुलाल

मथुरा। जिला कारागार में बंदी इन दिनों फल और सब्जियों से हर्बल गुलाल बना रहे हैं, जो न केवल त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि अब जेलों को बंदी सुधार गृह के रूप में तब्दील किया जा रहा है जिससे उम्मीद की जा रही है कि सजा पूरी कर जेल से बाहर निकलने वाले बंदी अपराध की राह छोड़कर खुद के उद्यम से न केवल एक सम्मानजनक जिंदगी जी सकेंगे, बल्कि औरों को भी रोजगार देने लायक कौशल हासिल कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों के तहत बंदियों को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिलाया गया है। जिसके बाद वे बड़े पैमाने पर गाजर, चुकंदर, पालक आदि सब्जियों और हल्दी से लाल, हरा, पीला गुलाल तैयार कर रहे हैं। जेल प्रशासन इस गुलाल की बिक्री के लिए मुलाकात घर के समीप स्टॉल लगवाएगा, जहां 100 व 200 ग्राम की पैकिंग में हर प्रकार के गुलाल की बिक्री की जाएगी। 22 फरवरी को डैम्पीयर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में लगाए जाने वाले विधिक साक्षरता शिविर में भी बंदियों द्वारा निर्मित प्राकृतिक गुलाल की बिक्री की जाएगी। इस शिविर में बंदियों द्वारा ही बनाई गईं ठाकुरजी की पोशाकों, हथकरघा से बनी साड़ी, तौलिया आदि उत्पादों का भी प्रदर्शन व बिक्री की जाएगी। फिलहाल करीब 24 विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदी गुलाल बना रहे हैं और लगभग इतनी ही महिला बंदी ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण ले रही हैं।

## विशेष अभियान दिवस का आयोजन आज

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बीएन. सिंह ने अवगत कराया है कि आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा पढ़े जाने संबंधी कार्यकम हेतु 22 फरवरी 2026 (रविवार) की तिथि निर्धारित की गयी है विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश से समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। तिथि विशेष को पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे और दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे।

उक्त के सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में रविवार को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया गया है। निर्धारित उक्त विशेष अभियान दिवस को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बूथों पर आलेख्य निर्वाचक नामावलियाँ पूर्वाह्न 10:30 बजे से 01:30 बजे तक पढ़े जाने के कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है पदाभिहित स्थलों पर आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था तथा पदाभिहित अधिकारी की प्रत्येक दशा में ससमय उपस्थिति (पूर्वाह्न 10:30 अपराह्न 01:30 बजे तक) सुनिश्चित की जाए तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सभी प्रकार के फार्मों यथा-6 (घोषण-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषण-पत्र सहित) इत्यादि की पर्याप्त संख्या



में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर एक हेल्प डेस्क बनायी जायेगी, जो मदताताओं को फार्म भरने में सहायता करेंगे। प्राप्त होने वाले सभी दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों का अभिलेखीकरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाय जिससे समय-समय पर निर्वाचक नामावलियों के पर्यवेक्षक और निरीक्षण अधिकारी को उनकी मांग पर तुरन्त उपलब्ध कराया जा सके। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्टों को भी उक्त तिथियों के बारे में अवगत कराते हुए उनका सहयोग प्राप्त किया जाए।

## ई कांटा री-स्टंपिंग के लिए तहसील में दिनभर कोटेदार करते रहे इंतजार



जिला संवाददाता

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील परिसर में शनिवार को पचासो कोटेदार ई कांटा री-स्टंपिंग के लिए सुबह करीब 11 बजे से इंतजार करते-करते थक गए लेकिन बाट-माप विभाग का कोई कर्मचारी सायं करीब 4 बजे तक दुद्धी नहीं पहुच सका इसलिए निराश होकर विभिन्न गाँव के कोटेदार बिना ई कांटा स्टंपिंग कराए ही घर लौट गए। कोटेदारों ने का कहना हैं कि ई कांटा स्टमपिंग के लिए ग्रुप के माध्यम से सूचना दी गई थी,

पूर्व सूचना के अनुसार विभिन्न गाँव के करीब 50 कोटेदार सुबह 11 बजे तहसील पहुंच गए और सायं करीब 4 बजे तक बाट-माप विभाग के कर्मचारी के आने का इंतजार करते रहे लेकिन समाचार लिखें जाने तक बाट-माप का कोई भी कर्मचारी री स्टमपिंग के लिए दुद्धी नहीं पहुंच सका इसलिए निराश होकर कोटेदार घर लौटने को मजबूर हो गए। कोटेदारों का आरोप हैं कि बाट-माप विभाग हर बार इसी तरह बुलाकर बेवजह परेशान करते हैं, आज शनिवार का दिन हमलोगों का फालतू चला गया।

तहसील में बुलाकर बांट -माप विभाग के कर्मचारी के नहीं आने से कोटेदारों में आक्रोश व्याप्त हैं। इस दौरान डुमरडीहा कोटेदार चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, पतरिहा फूलवार अनिल, हरपुरा कोटेदार अब्दुल अजीज, बघाडू कोटेदार राजू, पकरी के कोटेदार केताररााम, कोलिनडूबा कोटेदार मेवालाल गुप्ता, बोम कोटेदार बैजनाथ, तुरीर्डीह कोटेदार राजकुमार, देवड़ी कोटेदार चुरामणी, गोहड़ा के कोटेदार लखपतिया देवी, दिघुल गाँव कोटेदार भागवत, निमियाडीह कोटेदार मजमुद्दीन, सुन्दरी कोटेदार रामप्यारे, टेढ़ा कोटेदार कृष्ण कुमार सहित करीब 50 कोटेदार दिन भर इंतजार के बाद निराश होकर सायं करीब 4 बजे के बाद अपने-अपने घर लौटे। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक परवेज असलम ने बताया कि बाट-माप विभाग द्वारा ई कांटा री-स्टमपिंग के लिए बुलाया गया था लेकिन बाट-माप का कोई भी कर्मचारी के नही आने का कारण मुहर नही लग सका।

## फेरे लेने के बाद सीधे परीक्षा केंद्र पहुंची दुल्हन, पेश की मिसाल

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी तहसील मुख्यालय स्थित बीआरडी पीजी कॉलेज के परीक्षा भवन में जब शादी के जोड़े में दुल्हन पहुंची तो यहां एक सुंदर और प्रेरणादायक नजारा देखने को मिला। परीक्षा भवन के अंदर दुल्हन एग्जाम दे रही थी, तो दूल्हा बाहर उसका इंतजार कर रहा था। लोगों ने दूल्हे और उसके पूरे परिवार के इस कदम की खूब सराहना की।



बताया जाता हैं कि दुद्धी थाना क्षेत्र के बघाडू गाँव के रहने वाले इंद्रजीत की बेटी प्रियंका कुमारी एम ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है और उसकी शादी विंढमगंज थाना क्षेत्र के पतरिहा गाँव निवासी शैलेश पुत्र राजकुमार से 20 फरवरी को शादी तय थी। शादी की अगली सुबह 21 फरवरी को प्रियंका का एग्जाम था। 20 फरवरी की रात उसकी बारात आई, जिसके बाद रात से 21 फरवरी की सुबह तक वरमाला समेत शादी की अन्य रस्में पूरी की गई। दुल्हन प्रियंका ने बताया कि शादी कि तिथि पहले तय थी, उसके बाद परीक्षा की टाइम टेबल आ गई जिसमें 21 फरवरी को सुबह पाली में परीक्षा निश्चित हो गई। परीक्षा को लेकर प्रियंका ने दूल्हे शैलेश से परीक्षा देने की बात कही जिसके बाद सभी ने विदाई की रस्म पूरी की और दूल्हा अपनी नई नवेली ब्राइडल सूट में सजी-धजी दुल्हन को लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचा। वहीं प्रियंका कुमारी ने अपनी शादी के अगले ही दिन, दुल्हन के परिधान में परीक्षा देने का साहसिक फैसला लिया और अपने पति के सहयोग से वह परीक्षा केंद्र पहुंची और परीक्षा पूरी करने के बाद ही ससुराल गई। आपको बता दें कि शनिवार को दुद्धी तहसील मुख्यालय के बीआरडी पीजी कॉलेज में एक अनोखा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। यहां एक दुल्हन सात फेरे लेने के कुछ ही समय बाद, प्रियंका अपने पति के साथ सीधे परीक्षा केंद्र पहुंची और दुल्हन के जोड़े में ही अपनी परीक्षा दी। दुल्हन प्रियंका ने शादी के बीच ही अपने पति शैलेश से परीक्षा देने की बात कही। दूल्हा शैलेश भी इस फैसले में प्रियंका के साथ खड़ा रहा। शादी की सभी रस्में पूरी करने के बाद, शैलेश अपनी नई नवेली दुल्हन को अपने घर ले जाने के बजाय सीधे परीक्षा केंद्र ले गया। वहां प्रियंका ने दुल्हन के परिधान में ही परीक्षा दी। कॉलेज के बाहर उसका पति परीक्षा समाप्त होने तक उसका इंतजार करता रहा, वहीं प्रियंका ने कहा कि परीक्षा उसके लिए बेहद अहम थी और वह किसी भी हाल में इसे छोड़ना नहीं चाहती थी।

दुल्हन प्रियंका ने अपने पति से आग्रह किया कि वह पहले परीक्षा देगी, फिर ही ससुराल जाएगी. उसका यह निर्णय उसके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति समर्पण को दशार्ता है प्रियंका और शैलेश के इस कदम की जमकर सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग इसे प्रेरणादायक और साहसी कदम बता रहे हैं। खासकर एक नई नवेली दुल्हन का शादी के बाद इस तरह परीक्षा देना लोगों को हैरान ही नहीं, बल्कि भावुक भी की। बीआरडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य/केंद्र व्यवस्थापक डॉ रामसेवक सिंह यादव ने दुल्हन के रूप में परीक्षा देने पहुंची प्रियंका की कदम की सराहना करते हुए वर एवं वधू दोनों परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं।

# समाधान दिवस में आये 121 मामले, 9 मौके पर निपटे



जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** जिले की मिल्कीपुर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 121

**● सीडीओ ने मिल्कीपुर तहसील में सुनी फरियाद**

शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 9 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश के साथ प्रेषित किया गया। ग्राम बकचुना निवासी पवन कुमार शुक्ला ने जल जीवन मिशन योजना के तहत शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इस पर सीडीओ ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 535 योजनाएं निमार्णाधीन हैं। इनमें से लगभग 200 योजनाओं में जल आपूर्ति शुरू की जा चुकी है, जबकि शेष योजनाएं विभिन्न निर्माण चरणों में हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर पंप हाउस या ओवरहेड टैंक का कार्य अधूरा है, जिसे शीघ्र पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनपद एवं प्रदेश स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि सभी लाभार्थियों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस चैकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के सागर पट्टी गांव निवासी दिव्यांग हरेंद्र कुमार ने रास्ता बंद किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर एसडीएम ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और अवैध निर्माण को जल्द हटाया जाएगा।

इसी प्रकार पारा ब्रम्हनान निवासी दिनेश कुमार ने अपनी आबादी भूमि पर मकान निर्माण में विपक्षी द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए गए। सभी विभागों के अधिकारी रहे मौजूद। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, जल निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण का भरोसा दिलाया और कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में किसान ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का किया प्रयास



**अयोध्या।** जनपद की रुदौली तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पीड़ित किसान ने अधिकारियों के समक्ष पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की तत्परता से बड़ी घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान सत्रोहन अपनी शिकायत लेकर समाधान दिवस में पहुंचा था। उसका आरोप है कि वह लंबे समय से संबंधित मामले में न्याय न मिलने से आक्रोशित था। इसी दौरान उसने कथित रूप से ज्वलनशील पदार्थ अपने उपर डाल कर स्वयं को आग लगाने की कोशिश की, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

घटना के समय उपस्थित पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए किसान को पकड़ लिया और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। अधिकारियों व कर्मचारियों में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति रही।

पुलिस ने एहतियातन मौके पर मौजूद लोगों और मीडिया कर्मियों को भी सुरक्षित दूरी पर कर दिया। बताया जा रहा है कि किसान अपनी समस्या के समाधान को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगा चुका था। फिलहाल उसे सुरक्षित कर लिया गया है तथा प्रशासन ने मामले की गंभीरता से जांच कराने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की वस्तुस्थिति की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अंतिम दिन 45 वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्टरो ने ली वन टाइम टैक्स योजना की जानकारी



**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर छोटे कामर्शियल वाहन स्वामियों को टैक्स में राहत देने के लिए शुरू की गई वन टाइम टैक्स योजना के तहत उप संभागीय परिवहन कार्यालय सभागार में अंतिम दिन आयोजित परिवहन मेले में 45 वाहन स्वामियों ने टैक्स संबंधी जानकारी ली और 3 वाहन स्वामियों ने वन टाइम टैक्स जमा कर प्रदेश सरकार की लाभकारी योजना का लाभ उठाया। आज संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव ने आए हुए वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्टरो को बकाया कर भुगतान के लिए वन टाइम टैक्स सेटलमेंट योजना की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन स्वामियों को राहत दिलाए जाने को लेकर वन टाइम टैक्स लागू किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप से वाहन पोर्टल पर लागू की जा चुकी है। इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार टैक्स भुगतान की जटिल प्रक्रिया से राहत प्रदान करने में मदद करना है। इस दौरान प्रदेश सरकार की इस जनहितकारी योजना वन टाइम टैक्स व्यवस्था से संबंधित नियमों, टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया, टैक्स गणना, भुगतान की विधि और दायित्वों के संबंध में वाहन स्वामियों की शंकाओं का दूर करते हुए समाधान कराया गया। बैठक में प्रधान सहायक रामकिशोर मौर्या, वरिष्ठ सहायक अमन वर्मा, कनिष्ठ सहायक अनिकेत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीटीओ ने मानकों का उल्लंघन मिलने पर किये 6 वाहन सीज, 20 चालान



**बाराबंकी।** मानको का उल्लंघन कर सड़को पर फर्राटा भरने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान चलाते हुये 6 वाहनो को सीज एंव अन्य अभियोग में 20 चालान किये। आज शनिवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने हाइवे बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, परमिट, एचएसआरपी, हेलमेट सीटबेल्ट, रेटो रिफ्लेक्टर टेप, ओवरलोड़ के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की। पीटीओ श्री त्यागी ने 1 प्राइवेट वाहन का कमर्शियल उपयोग, वर्ष 2017 से बिना फिटनेस, बकाया टैक्स परमिट के संचालित 1 टैम्पो, बिना परमिट फिटनेस के 1 मैजिक सहित 3 ओवरलोड़ वाहनो को थाने पर सीज किया। तथा अन्य अभियोग में 20 चालान किये। तो वही बिना फिटनेस, परमिट व बकाया टैक्स के संचालित टैक्टर-ट्राली पर कार्यवाही कर चालान किया।

## कल आयोजित होगी चकबंदी

**बहराइच।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में ग्राम वासियों की चकबन्दी सम्बन्धी समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु माह फरवरी 2026 में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चैपाल का आयोजन होगा। ग्राम चैपाल आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम लख्खारामपुर में 23 फरवरी तथा मंझारातौकली में 27 फरवरी को चकबन्दी अधिकारी सदर तृतीय के नेतृत्व में ग्राम चैपाल आयोजित होगी। इसी प्रकार ग्राम मैकूपुरवा में 24 फरवरी व मीरपुरकोनिया में के नेतृत्व में ग्राम चैपाल आयोजित होगी।

## राम की पैड़ी और गुप्तार घाट की निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक सोमेन बर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ पर्यटन विकास योजनान्तर्गत राम की पैड़ी स्थित घाटों एवं गुप्तार घाट का निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, निर्माण इकाई-11. अयोध्या के परियोजना प्रबन्धक, सहायक परियोजना प्रबन्धक व अवर अभियन्ता एवं सम्बन्धित फर्म के इंजीनियर उपस्थित रहे। अयोध्या सरयू नदी के नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्गीकरण कार्य जिसकी लागत धनराशि रू0 2328.80 लाख है, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के निरीक्षण के समय मंडलायुक्त द्वारा आगामी रामनवमी पर्व के दृष्टिगत कार्यस्थल पर साफ-सफाई के साथ कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हस्तान्तरित करने के निर्देश दिये। जनपद अयोध्या के सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम मन्दिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य, जिसकी लागत धनराशि रू0 2282.53 लाख हैं, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के निरीक्षण के समय मंडलायुक्त द्वारा आगामी रामनवमी पर्व के दृष्टिगत कार्यस्थल पर साफ-सफाई के साथ कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हस्तान्तरित करने के निर्देश दिये। जनपद अयोध्या में राम की पैडी पर विजिटर गैलरी/सेल्फी प्वाईंट और पर्यटन सुविधाओं का कार्य, जिसकी लागत धनराशि रू0 2367.61 लाख हैं, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त द्वारा आगामी पर्व के दृष्टिगत कार्यस्थल पर साफ-सफाई के साथ कुछ स्थल पर मिट्टी से लेबल सही करने इत्यादि निर्देश दिये। गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्गीकरण के निर्माण कार्य, जिसकी लागत धनराशि रू० 1833.63 लाख हैं, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त द्वारा आगामी रामनवमी पर्व के दृष्टिगत कार्यस्थल पर साफ-सफाई के साथ कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हस्तान्तरित करने के निर्देश दिये। अयोध्या में सरयू नदी के राजघाट के सन्निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ट का कार्य, जिसकी लागत धनराशि रू० 2272.28 लाख हैं, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**बाराबंकी।** तहसील हैदरगढ़ में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे जिलाधिकारी ने फरियादियो की समस्याओ को सुन जिन प्रकरणों में तत्काल राहत संभव उनका निस्तारण करवाया। जिलाधिकारी ने अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आज जनपद में समस्त तहसीलों में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 554 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही 41 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आबकारी की राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ी चौकसी, बार्डर सीमा पर दिखाई दी सतर्कता

**बाराबंकी।** अवैध शराब के काले कारोबार पर अंकुश लगाये जाने को लेकर जिले का आबकारी विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ शराब माफियाओ की कमर तोड़ने मे जुटा हुआ है। शासन के निर्देश व होली पर्व पर शुरू किये जाने वाले विशेष प्रवर्तन अभियान के

**जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन मे शुरू हुई ताबड़तोड़ कार्यवाहिया**

**तराई इलाको मे आबकारी निरीक्षक का छापा, संदिग्ध ग्रामो मे दी गई दंबिश**

अन्तर्गत विभाग पैनी नजर के साथ राष्ट्रीय राजमार्गो पर भी चैकसी बढ़ाये हुये दिखाई दे रहा है। जिले की अंतिम सीमा पर भी विभाग ने अपनी पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है।

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के सख्त निर्देश एंव राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले अवैध शराब कारोबारियो पर भी नकेल कसने का काम आबकारी निरीक्षको द्वारा किया जा रहा है।



आज शनिवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने अभियान को गति देते हुये तराई इलाको मे बसे संदिग्ध ग्रामो मे दंबिश दी। टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम बेलखरा, अकबर, आल्हनमऊ सहित 14 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। 2 आरोपियो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुये उनके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके पर 300 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक वाहनो व टैकरो की चेकिंग की गई। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायन वर्मा, आबकारी सिपाही दीपक मिश्रा, विशाल सिंह, महिला आबकारी सिपाही रामसवारी शामिल रही।

## 21126 कृषकों के खातों में पहुंची प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की धनराशि



**बहराइच।** 05, कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अन्तर्गत संचालित किसानों से सम्बन्धित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति धनराशि का अन्तरण किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद बहराइच के 21126 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल क्षतिपूर्ति के रूप में धनराशि रू. 01 करोड़ 12 लाख 82 हजार 685 का अन्तरण किया गया। जिला मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, विधानसभा कैसरगंज के संयोजक गौरव वर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अवर अभियंता कृषि नितिन कुमार मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुधाकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मौजूद महिला किसानों तथा प्रगतिशील कृषकों द्वारा सजीव प्रसारण को देखा गया व सुना गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता व मुन्ना लाल वर्मा, जिला ऊल हक को सुझाव दिया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करें। सीडीओ श्री चन्द्र कार्यक्रम में मौजूद महिला कृषकों से आयुष्मान कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी पात्र लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। उल्लेखनीय है कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को सजीव दिखाया गया।

## पिता के हत्यारे पुत्र को मिली राहत, कोर्ट से दोषमुक्त

**अयोध्या।** तारून थाना क्षेत्र में सात साल पहले अवैध संबंधों के चलते अपने पिता ओम प्रकाश पर बांके से जानलेवा हमला कर हत्या करने के बहुचर्चित मामले में आरोपित सूरज कुमार पर अपराध साबित न होने पर दोषमुक्त हो गये। यह फैंसला प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मोहन सहाय ने मामले में सुनवाई के पश्चात संदेह का लाभ देकर दिया है। यह घटना तारून थाना क्षेत्र का वर्ष 2019 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राम गोपाल शर्मा व मोहम्मद अहसान ने जोरदार पैरवी करते हुए आरोपी सूरज कुमार को बेकसूर बताया है। तर्क दिया कि गवाहों के बयान में विरोधाभास है। हत्या का कोई चश्मजीद गवाह नहीं है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 27 जून 2019 की रात 12 बजे अवैध संबंधों को लेकर ओम प्रकाश पर बांके से नृशंस हत्या कर दी गयी थी। मृतक झाड़फूंक का काम करता था। दूसरे दिन मृतक के पुत्र ने अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ थाना तारून में मु.अ.सं. 166/2019 अन्तर्गत धारा 302 के तहत दर्ज कराया गया। विवेचना के दौरान विवेचक ने मृतक की पहली व दूसरी पत्नी सहित आधा दर्जन गवाहों का बयान तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुत्र सूरज को ही दोषी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने आधा दर्जन गवाहों को न्यायालय में पेश किया जहां कई गवाह मुकर गये।

## एकमुश्त कर जमा करने को परिवहन मेला आयोजित



**बांदा।** परिवहन यानों व गैर परिवहन यानों को एक बार में ही कर जमा करने की शासन की व्यवस्था को लेकर प्रचार-प्रसार तथा वाहन स्वामियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संभागीय परिवहन कार्यालय में 20 व 21 फरवरी को परिवहन मेला का आयोजन हुआ। शनिवार को उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र केडी सिंह ने बस, ट्रक, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों एवं अन्य वाहन स्वामियों को शासन के नये निदेर्शों के बारे में एक बारीय कर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि 7500 किलोग्राम भार वाहन से कम के माल वाहनों पर एक बारीय कर यान के मूल्य का 3 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम जी वी डब्ल्यू तक 6 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम से अधिक 7500 जी वी डब्ल्यू तक जमा कराने का प्राविधान किया गया है साथ ही टैक्सी व मैक्सी में संचालित वाहनों पर भी एक बारीय कर 10 लाख रुपये तक के मोटर कैब, तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर और मैक्सी कैब पर यान के मूल्य का 10.5 प्रतिशत एक बारीय कर देय होगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये से अधिक के माटर कैब और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत एक बारीय कर देय होगा। इसी प्रकार कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट यान पर यान के मूल्य का 6 प्रतिशत, एक बारीय कर देय होगा। पहले से पंजीकृत यान पर कर की छूट 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दी जाएगी। इसी प्रकार प्राइवेट वाहन से व्यवसायिक वाहन में परिवर्तन करने पर पूर्व का जमा एक बारीय कर समायोजित करते हुए अंतर कर जमा कराया जाएगा। परिवहन मेले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्यामलाल, वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी, बस यूनियन अध्यक्ष संतोष पटेल, महासचिव मयंक गुप्ता, ट्रक यूनियन अध्यक्ष जय सिंह व वाहन स्वामी मौजूद रहे।

## डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता



**बहराइच,।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक सीएमओ सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से ह्यउम्मीदह्ण परियोजना के अंतर्गत किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन तभी प्रभावी होगा जब इसमें पति-पत्नी दोनों की सक्रिय भागीदारी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में परिवार नियोजन के सभी साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और लोगों को जागरूक होकर उनका उपयोग करना चाहिए। पुरुष सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित कंडोम बॉक्स को नियमित रूप से सक्रिय एवं भरा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पुरुषों के लिए सरल और सुलभ माध्यम है, जिससे वे बिना झिझक साधन प्राप्त कर सकते हैं। सीएमओ ने अनचाहे गर्भ और असुरक्षित गर्भपात पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग बचाव को गंभीरता से नहीं लेते, लेकिन गर्भ ठहरने के बाद गर्भपात को मजबूरी मानते हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते परिवार नियोजन अपनाया जाए तो गर्भपात की नौबत ही न आए। बार-बार गर्भपात से महिलाओं में पेल्विक इंफ्लेमेटरी डिजीज (पीआईडी) जैसी जटिलताओं का खतरा बढ़ता है, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता और समग्र स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

उन्होंने एक नवाचारी सुझाव भी दिया कि जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर परिवार नियोजन संबंधी संक्षिप्त संदेश या हेल्पलाइन नंबर अंकित किए जाएं, ताकि जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचे और उसका स्थायी प्रभाव पड़े।

बैठक में जनपद के प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की भी समीक्षा की गई, जिसमें बाल विवाह की दर 37.8 प्रतिशत और किशोर गर्भावस्था 8.4 प्रतिशत पर चिंता व्यक्त की गई। इन संकेतकों में सुधार के लिए सामुदायिक काउंसलिंग, नवविवाहित दंपतियों से संवाद और किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सशक्त करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. संतोष राना, डॉ. आरबी वर्मा, डीसीपीएम मो. राशिद, मोबियस फाउंडेशन के स्टेट प्रतिनिधि प्रभात कुमार, आरकेएसके से राकेश गुप्ता, यूपी टीएसयू से बृजभान यादव, पीएफआई के स्टेट प्रतिनिधि वीके जैन, जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव, साफिया जमीर, समाज कल्याण विभाग से किशन लाल, शिक्षा विभाग से चंद्रेश पांडेय सहित सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम एवं बीसीपीएम उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने के मामले में दो सगे भाई समेत तीन आरोपी बरी

**अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र में रास्ता बंद करने का विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी डंडों से प्राणघातक हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दिलीप कुमार, मनोज कुमार व अमित सिंह पर अपराध सिद्ध न होने पर दोषमुक्त हो गये। यह फैसला तृतीय मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट बलराम दास ने सुनवाई के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है। यह मामला इनायतनगर थाना अन्तर्गत मीठेगांव का वर्ष 2012 का है। बचाव पक्ष से अधिवक्ता संजीव यादव ने आरोपित पक्ष से जोरदार पैरवी किया। तर्क दिया कि तीनों आरोपित निर्दोष हैं पुरानी रंजिश को लेकर फर्जी फंसाया गया है। वादिनी विमला व गवाह सतीश कुमार के बयानों में भारी विरोधाभाष है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 30 जुलाई 2012 की सुबह 9.30 बजे मीठे गांव में विपक्षियों ने लकड़ी के बोटे रखकर विमला देवी का रास्ता बंद कर दिया था इसका विरोध करने पर विमला देवी के घर में घुसकर लाठी डंडा से लैस तीनों लोगों ने हमला कर दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट चोटहिल विमला देवी की तहरीर पर थाना इनायतनगर में दिलीप कुमार, मनोज कुमार व अमित सिंह के विरूद्ध मु.अ.सं. 722/2012 के तहत गम्भीर अपराधों में दर्ज करया गया था।

## टोल मुक्त संघर्ष समिति के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**सोहावल-अयोध्या।** जनपद में चल रहे टोल प्लाजा को लेकर टोल मुक्त संघर्ष समिति के कार्यक्रम में फेर बदल हुआ है। तहसील प्रशासन पुलिस प्रशासन और टोल संघर्ष समिति के लोगों के बीच वार्ता तहसील मुख्यालय सोहावल में दोपहर 12 बजे तहसील सभागार में होगी। इस बात की जानकारी देते हुए अधिवक्ता दीपक सिंह युवा नेता अभिषेक सिंह टिंकू लाखौरी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता के दौरान दी है। और शासन प्रशासन के सुझाव को सराहनीय बताया है।

संक्षेप

## अनियंत्रित होकर खाई में पलटी बोलेरो

**तिलोई, अमेठी।** शनिवार को शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरौता कठौरा मार्ग पर गंगागनर चौराहे के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। चालक अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि वह एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने गांव गौरा से बाजारशुकुल जा रहे थे तभी सामने सड़क पर एक कुत्ता आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई। जिससे सड़क के दाहिनी तरफ खाई में पलट गई। गाड़ी पलटने के कारण गाड़ी के शीशे हेडलाइट आदि में भारी नुकसान हुआ है। हालांकि चालक सहित तीनों सवारी जानकी मौर्य, वीरेंद्र तिवारी, रवींद्र तिवारी को मामूली चोटें आई हैं।

## प्रधान के घर बमबारी केस में किशोर की जमानत पर सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात थाने के जुड़ारा ग्राम प्रधान अनिल मिश्र के घर पर बीते 10 फरवरी को हुई बमबारी केस में किशोर की जमानत पर सुनवाई टल गई है। प्रधान अनिल मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि पुलिस की ओर से प्रपत्र नहीं भेजे जाने के कारण जमानत पर 23 फरवरी को सुनवाई होगी। प्रधान अनिल मिश्र के बीते 10 फरवरी की रात में लोहरामऊ सुदपुर स्थित घर पर बम से हमला करने के आरोप में दो नामजद व कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में दो किशोर को गिरफ्तार कर सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया था।


## तिलक चढ़ाने वधू पक्ष समय पर नहीं पहुंचा तो जमकर हुई मारपीट

**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयाब का पुरवा गांव में तिलक समारोह के दौरान एक हिंसक झड़प हुई। यह घटना उस समय हुई जब अमन नाम के युवक के तिलक का कार्यक्रम चल रहा था, लेकिन तिलक चढ़ाने वाले वधू पक्ष समय पर नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि युवक (अमन) और पड़ोस की एक युवती के बीच पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। तिलक चढ़ाने वालों के न आने से नाराज अमन के परिजनों ने युवती और उसके परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। इस झड़प में लगभग आधा दर्जन घायल हुए हैं। घायलों में खुशी, श्रीमती देवी व चंद्रकली शामिल है। सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचंदपुर पहुंचाया गया। जिसमें श्रीमती देवी की हालत को गम्भीर देखते हुए, डॉक्टर ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। मौके पर पहुंची हरचंदपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर काफी तनाव का माहौल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## मानदेय बढ़ने पर शिक्षामित्र व अनुदेशकों में प्रसन्नता

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश शिक्षक शिक्षा मित्र संघ ने योगी सरकार के द्वारा शिक्षामित्र और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने पर प्रसन्नता जताई है और सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। शनिवार को लालगंज के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित शिक्षामित्र व अनुदेशकों को भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और मानदेय बढ़ने पर बधाई भी दी।

# वंदे भारत प्रोटोटाइप रैक का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न



**रायबरेली।** वंदे भारत प्रोटोटाइप रैक का प्रारंभिक ट्रायल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। एमसीएफ के महाप्रबंधक प्रशा-?त कुमार मिश्रा ने कारखाना परिसर में वंदे भारत प्रोटोटाइप रैक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारखाना परिसर में प्रथम चरण के गति परीक्षण सम्पन्न किए गए। यह वंदे भारत परियोजना की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर एमसीएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण, मेसर्स सीमेन-?स के प्रतिनिधि तथा अन्य उद्योग सहयोगी उपस्थित रहे। ड्राइवर केबिन से प्रमुख ऑनबोर्ड प्रणालियों का परीक्षण किया गया। सीमेंस की टीम द्वारा पैंटोग्राफ, वीसीबी (वैक?यूम सर्किट ब्रेकर) संचालन तथा उच्च वोल्टेज आदि का निरीक्षण किया गया। ये सभी क्रियाएं ड्राइवर डेस्क यूनिट से सफलतापूर्वक संचालित की गईं, जिससे प्रणाली की समन्वित कार्यक्षमता एवं परिचालन तत्परता प्रदर्शित हुई।

एक लघु ट्रायल रन भी किया गया, जिसमें ट्रैक्शन, गति तथा ओवरहेड इक्विपमेंट से लिए गए करंट जैसे प्रमुख परीक्षण मानकों का अवलोकन किया गया। ट्रायल शेड से प्रारंभिक संचालन के दौरान रेक की गति को 10 किमी/घंटा की सीमित निर्धारित गति पर परीक्षण किया गया। ब्रेक प्रतिक्रिया, पैसेंजर एनाउंसमेंट एवं पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम की कार्यप्रणाली तथा ट्रैक्शन के दौरान प्रणाली के व्यवहार का भी परीक्षण किया गया। रेक का विस्तृत निरीक्षण भी किया गया, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रकाश व्यवस्था का सत्यापन शामिल था। महाप्रबंधक ने प्रकाश व्यवस्था के समुचित एलाइनमेंट तथा विद्युत क्यूबिकल्स की वैक्यूम एवं मैग्नेटिक क्लीनिंग के माध्यम से गहन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी धात्विक अवशेष को हटाकर उच्चतम सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। यह उपलब्धि एमसीएफ एवं उसके उद्योग सहयोगियों के बीच सुदृढ़ समन्वय एवं सहयोग का प्रतीक है, जो वंदे भारत परियोजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर विवेक खरे, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, विजय, मुख्य विद्युत डिजाइन अभियंता, अनुराग दत्त त्रिपाठी, सीडब्ल्यूई/फर्निशिंग; मेसर्स सीमेंस के अनुराग गुप्ता; तथा आरडीएसओ के अनुपम गुप्ता और विष?णु शंकर प्रसाद सहित सभी उद्योग सहयोगियों को उनके समर्पण, समन्वय एवं उत्कृष्ट टीमवर्क के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया। यह ट्रायल एमसीएफ की अत्याधुनिक, उच्च गति वाली ट्रेनसेट के निर्माण हेतु उसकी प्रतिबद्धता, नवाचार क्षमता एवं उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को पुनः स्थापित करता है।

## तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। डीएम ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 24, पुलिस 07, विकास 16 एवं अन्य 9 कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा, एसडीएम महराजगंज गौतम सिंह, बीडीओ वर्षा सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीउपस्थित रहे।

## डीएम ने पेशकार शिशुपाल को किया निलंबित

**महराजगंज, रायबरेली।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान न्याय की आस में पहुंचे एक 76 वर्षीय बुजुर्ग की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर का पारा चढ़ गया। जमीन विवाद के मामले में पिछले 13 वर्षों से बुजुर्ग को परेशान करने और आदेश हो जाने के बावजूद फाइल लटकाए रखने के आरोप में डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए पेशकार/नाजिर शिशुपाल यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

राजामऊ निवासी 76 वर्षीय दुर्गा प्रसाद ने जिलाधिकारी के सामने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि 13 साल से एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में उनका जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि पेशकार शिशुपाल यादव ने केस में कई बार हेरा-फेरी की। एक बार वादी को जानबूझकर अनुपस्थित दिखाकर केस खारिज कर दिया गया था। जब बुजुर्ग ने इसकी शिकायत राजस्व परिषद और मुख्यमंत्री से की, तो संबंधित कर्मचारी ने माफी मांगी। लेकिन हद तब हो गई जब आदेश पारित हुआ तो उसमें राजामऊ की जगह तिलेंडा दर्ज कर दिया गया, ताकि बुजुर्ग फिर से चक्कर काटता रहे। लिपिकीय त्रुटि सही होने के बाद केस में अंतिम आदेश होने के बाद 31 जनवरी 2025 से नाजिर शिशुपाल यादव ने फाइल को अपने पास दबा रखा था और हस्ताक्षर नहीं होने दे रहे थे।

## वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद किया पुतला दहन



**अमेठी।** एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया और बार एसोसिएशन के मध्य उपजा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 54 दिन से लगातार बार एसोसिएशन न्यायिक कार्य से विरत रहकर एसडीएम का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में शनिवार को वकीलों ने धरना प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर में एसडीएम अभिनव कनौजिया का पुतला दहन किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एसडीएम अभिनव कनौजिया के भ्रष्ट कारनामों के विरुद्ध आज उनका पुतला दहन किया गया है। उनके द्वारा जो भ्रष्टाचार किया जा रहा है, उनके द्वारा गांव की जमीनों पर कब्जा कराया जा रहा है, मुकदमे के पूर्व ही आदेश पारित कर दिए जा रहे हैं। जिस पत्रावलियों में उन्हें आदेश करने का अधिकार ही नहीं है उसमें वह आदेश पारित करते रहे हैं। इसके लिए हम लोगों ने जिलाधिकारी महोदय को जांच के लिए दिया है। लेकिन एक महीने से अधिक समय हो गया है अभी तक उन्होंने जांच भी नहीं कराई। ऐसे में पूरे देश प्रदेश एवं जिले का अधिवक्ता समाज क्षुब्ध है। ऐसे में हम लोगों ने एसडीएम कनौजिया के भ्रष्ट कारनामे के विरुद्ध उनकी भ्रष्टता का पुतला जलाया है। हम लोगों को प्रदर्शन करते 54 दिन हो गए हैं लेकिन जिला प्रशासन किसी राजनीतिक दबाव के चलते उप जिलाधिकारी महोदय को हटाना नहीं चाह रहे हैं। ऐसे में अधिवक्ता समाज बहुत आहत है। हमारा यह आंदोलन अनवरत रूप से तबतक चलता रहेगा जब तक की एसडीएम के खिलाफ कोई कार्यवाही और स्थानांतरण नहीं हो जाता है।

## वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने वाले को गिरफ्तार किया

**तिलोई, अमेठी।** एसपी अमेठी सरवणन टी के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 21 फरवरी को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त शिव बहादुर यादव पुत्र स्व0 भगौती प्रसाद यादव निवासी पूरे दल सिंह मजरे चिलूली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 55 वर्ष को एक 12 बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि 14 फरवरी को उसके नये घर पर भागवत कथा का आयोजन था जिसमें उसने उसके पास से बरामद उसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की गई थी। अभियुक्त ने लाइसेंस की शर्तों का का उल्लंघन करते हुए हर्ष फायरिंग की थी जिसके संबंध में थाना मोहनगंज पर धारा 25(9)/30 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मानदेय में वृद्धि की घोषणा से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में खुशी की लहर

**अमेठी।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ोत्तरी की घोषणा से सभी शिक्षामित्र और अनुदेशकों ने खुशी जताई और सीएम को धन्यवाद ज्ञापित किया है। शनिवार को बृजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्वेश कृष्ण यादव ने बीएसए कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी को बुकें भेंट कर मिठाई खिलाकर बधाई दी है। जिलाध्यक्ष रामजी यादव, राजेश चौधरी, प्रमोद मौर्य, बृजेंद्र यादव, उमेश त्रिपाठी, विनोद कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, सुमन, अल्कमा कौशर, बविता सिंह, रामनारायण वर्मा, सरोज सिंह आदि अनुदेशकों ने सीएम की घोषणा का स्वागत करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीएम की ओर की गई घोषणा में एक अप्रैल 2026 से 17000 रुपए मानदेय दिया जाएगा। अब कुछ संतोषजनक मानदेय मिलेगा।

## अफसरों समेत ग्रामीणों से अभद्रता, शांति व्यवस्था कायम करवाने में पुलिस नाकाम

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ ब्लॉक के दरबानीहार गांव में पिछले दो-तीन महीनों से जलनिकासी को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क किनारे स्थित एक मकान से पाइप के जरिए पानी खड़ंजे वाले मार्ग की ओर छोड़े जाने से दलित और मुस्लिम बहुल बस्ती के आवागमन में दिक्कत हो रही है। जलभराव के कारण बच्चों और बुजुर्गों के फिसलने की घटनाएं भी सामने आई हैं, हालांकि कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई है। शिकायत के बाद बीडीओ डलमऊ, वीडीओ सरांयदिलावर और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित घर के लिए तीन सीमेंट पाइप उपलब्ध कराकर वैकल्पिक जलनिकासी की व्यवस्था कराई। अधिकारियों का मत है कि मुख्य सड़क की ओर का पानी गांव की अंदरूनी नाली में ले जाना तकनीकी रूप से संभव नहीं है; भविष्य में पीडब्ल्यूडी द्वारा नाला निर्माण होने पर ही स्थायी समाधान संभव होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि व्यवस्था के बावजूद समस्या जस की तस है और अतिरिक्त पानी गांव की नाली में मिलाने का दबाव बनाया जा रहा है। कुछ ग्रामीण महिलाओं ने यह भी कहा कि शिकायतों के बाद भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। हाल में पुनः निरीक्षण के दौरान पहुंचे अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार की चर्चा भी सामने आई, जिसके चलते उन्हें लौटना पड़ा। पुलिस के अनुसार शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संबंधित पक्षों के खिलाफ धारा 107/116 के तहत कार्रवाई की गई है। हालांकि ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर असंतोष है। उनका कहना है कि पूर्व में थाना दिवस में दी गई शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है और गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, स्थायी जलनिकासी समाधान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि नियमों के अनुरूप जनहित में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दरबानीहार का यह मामला अब केवल जलनिकासी तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशासनिक समन्वय और सामाजिक सौहार्द की परीक्षा भी बनता जा रहा है।

# डीएम ने संकुल भवन का किया उद्घाटन



**महराजगंज, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड महराजगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को 15 लाख तथा आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भेंट किये। निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन 17 मई 2022 को हुआ था, जिसके अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम संगठन तथा उनमे गठित 228 महिला स्वयं सहायता समूह आते है। संकुल भवन का निर्माण में मनरेगा (9.97 लाख) राज्य वित्त (1.5 लाख) तथा निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति द्वारा अपने स्टार्टअप फण्ड से ऑफिस सेटअप हेतु (49 हजार) से व्यय किया गया है। कार्यक्रम में निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं से निर्मित उत्पाद (सजावटी झालर, अचार, आलू पापड़, आलू चिप्स, देशी घी, कम्पोस्ट खाद, हर्बल गुलात, नर्सरी के पौधे आदि प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया गया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सविता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संत लाल सहित संकुल स्तरीय समिति के पांच पदाधिकारी अध्यक्ष किरन, उपाध्यक्ष रामरानी, सचिव शाहजहाँ बानो, उपसचिव माधुरी, कोषाध्यक्ष तारावती, स्वयं सहायता समूह की दीदियों तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रासेयो शिविर का विधिवत शुभारंभ



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह ग्राम पंचायत भवन, सौरमऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अंग्रेज सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रासेयो से राष्ट्र सेवा का प्रशिक्षण मिलता है। अध्यक्ष संजय सिंह ने युवाओं की सामाजिक सहभागिता को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से ग्राम विकास गतिविधियों में सक्रिय योगदान का आह्वान किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने एनएसएस को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए स्वयंसेवकों के उत्साह एवं समर्पण की सराहना की।

प्रो. एम.पी. सिंह ने सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता को विद्यार्थी जीवन के जरूरी गुणों के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रभात श्रीवास्तव ने किया जबकि आभार ज्ञापन डॉ. विभा सिंह ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक सुरेन्द्र नाथ सिंह, उप-प्राचार्य प्रो. निशा सिंह, कार्यक्रमाधिकारी वीरेंद्र गुप्ता, प्रो. धीरेंद्र कुमार, प्रो. शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. इंद्रमणि कुमार, डॉ. विनय विश्वकर्मा, डॉ. वीना सिंह, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. बृजेश प्रताप डॉ. शिव भोले मिश्रा, डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप, डॉ.संतोष अंश, दिलीप सिंह, विनय सिंह, समर बहादुर सिंह, विजय सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आनंद सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, ऋषिराम वसंजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## अनुशासनहीन शिक्षक पर गिरी गाज जांच में दोषी, बीएसए ने किया बर्खास्त

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के कम्पोजिट विद्यालय कस्बा, विकास क्षेत्र कूरेभार में तैनात सहायक अध्यापक शुभम त्रिपाठी के विरुद्ध लंबे समय से चल रहा विवाद अंततः बर्खास्तगी की कार्रवाई पर समाप्त हुआ। ग्राम प्रधान, ग्रामीणों, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तथा अन्य शिक्षकों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। शिकायतों में अभद्र भाषा का प्रयोग, अमर्यादित टिप्पणियां, अनुशासनहीन व्यवहार और अधिकारियों व सहकर्मियों के प्रति असम्मानजनक रवैया अपनाने जैसे गंभीर आरोप शामिल थे। इसके साथ ही शिक्षक द्वारा सोशल मीडिया पर विभाग, शिक्षकों और प्रशासन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जिम्मेदारी बल्दीराय ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई। जांच के दौरान सभी आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित शिक्षक ने कार्यालय में हंगामा किया, तोड़फोड़ की और अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपेंद्र गुप्ता ने कई बार शिक्षक को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। सभी आरोप सिद्ध होने और सुधार की संभावना न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ॢउपेंद्र गुप्ताॢ ने सहायक अध्यापक शुभम त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## पावन प्रज्ञा पुराण व गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न




**अमेठी।** गायत्री परिवार द्वारा मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष तथा गत वर्ष अमेठी में सम्पन्न 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की प्रथम वर्षगांठ के पावन उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में 15 से 19 अप्रैल 2026 तक ॣपावन प्रज्ञा पुराण कथा, गायत्री महायज्ञ एवं पुस्तक मेलाॣ का भव्य आयोजन गायत्री शक्तिपीठ, अमेठी में किया जाएगा, इस बात को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में होने वाला कार्यक्रम वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी, अखण्ड दीप के प्राकट्य की शताब्दी एवं युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी की साधना शताब्दी वर्ष को समर्पित है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने बताया कि इन पावन अवसरों के साथ-साथ गत वर्ष सम्पन्न 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ को स्मरण करते हुए यह कार्यक्रम राष्ट्र चेतना, सांस्कृतिक जागरण एवं नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन का संदेश देगा। आगामी आयोजन की सफलता हेतु आयोजित कार्यकर्ता बैठक में व्यापक रणनीति बनाई गई। टोली बनाकर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने, नगर में भव्य मशाल जुलूस निकालने, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, स्वागत व्यवस्था, मंच संचालन एवं पुस्तक मेले की तैयारियों को सुव्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया। जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने 15झ19 अप्रैल 2026 तक चलने वाले कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी कार्यकताओं को दायित्व सौंपे और शताब्दी वर्ष में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## संग्रामपुर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं महिलाएं 11 किमी दूर जानेको मजबूर

**संग्रामपुर अमृता।** सीएचसी संग्रामपुर पर अल्ट्रासाउंड सुविधा का अभाव गर्भवती महिलाओं के लिए बड़ी चिंता बन गया है। जांच उपलब्ध न होने के कारण महिलाओं को 11 किमी दूर अमेठी सीएचसी या फिर महंगे प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों का रुख करना पड़ रहा है। समय पर जांच न होने से इलाज में देरी के मामले भी सामने आ रहे हैं। संग्रामपुर सीएचसी को वर्ष 2012 में पीएचसी से सीएचसी का दर्जा मिला था, लेकिन करीब 13 वर्ष बीतने के बाद भी यहां महिला डॉक्टर और अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था नहीं हो सकी है। अस्पताल में प्रसव की सुविधा होने के बावजूद गर्भवती को जांच और इलाज के लिए सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह सीएचसी डेढ़ लाख से अधिक आबादी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभा रहा है। महिलाओं की संख्या अधिक होने के चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में गर्भवती और महिला मरीज केंद्र पर पहुंचती है, लेकिन अल्ट्रासाउंड सुविधा न होने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना या बाहर जाना पड़ता है। सीएचसी पर पहुंची नीता, नीलम, वर्षा, सुशीला, मेहरुन्निसा और लालती ने बताया कि उन्हें 11 किमी दूर अमेठी कस्बे में मजबूरी में बाहर के प्राइवेट सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ा, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हुई।

## फरीदीपुर मे हॉस्टल प्रीमियर लीग का समापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआईपीएसएस फरीदीपुर परिसर मे चल रहे हॉस्टल प्रीमियर लीग का समापन हो गया। आयोजित लीग मे रायल चैंपियन टीम को विजय मिला। समापन अवसर पर संस्थान प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अतुल सिंह, होस्टल वार्डन डॉ. पंकज सिंह, तथा कृषि संकाय के प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह सहित अनेंको शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। समापन के दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए रायल चैम्पियन टीम विजयी हुई जिसकी कप्तानी मोहम्मद सद्दाम ने की। वहीं रायल ब्रदर्स टीम प्रिय रंजन की कप्तानी मे उपविजेता घोषित हुई। पूरे टूनार्मेंट के दौरान कमेंट्री की बागडोर दिव्यांशु हर्ष ने अत्यंत उत्साह के साथ संभाली। वहीं आयोजन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी छात्र सत्यम तिवारी एवं विपुल द्वारा निभाई गई। मंच संचालन कर रहे डॉ. नीरज सिंह ने उपस्थित सभी जनो का आभार ज्ञापन किया व विद्यार्थी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कटका क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** यातायात के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में पयागीपुर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान आने-जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया और नियमों का पालन करने वाले राहगीरों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने जोर देते हुए बताया कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए चालान के डर से नहीं, बल्कि अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना चाहिए। यातायात नियमों का पालन ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक नरेंद्र बहादुर सिंह ने कटका क्लब के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हेलमेट वास्तव में सुरक्षा कवच है। वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी नियमों के प्रति जागरूक करें। कटका क्लब के आईटी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्र ने बताया कि संस्था निरंतर यातायात नियमों को लेकर समाज को सजग करने का कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश भर में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसके लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## युवक की हत्या करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** युवक की हत्या करने के मामले में जेल में निरुद्ध अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली के पिंडारा ठाकुर गांव निवासी शिवपूजन यादव की जमानत अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी है। जमानत का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने कहा, 23 दिसंबर 2025 को आरोपियों ने रत्नेश मिश्र उर्फ शिवा की नहर की पटरी पर धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता संतोष मिश्र ने गांव के शिवपूजन यादव, राहुल यादव, अमित यादव, ललित यादव, पंकज यादव व अंकित यादव उर्फ लालू यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

संक्षेप

## मारुति की इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा जिपं अध्यक्ष ने की लांच

**मथुरा**।आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उमा मोटर्स नेक्सा शोरूम में ऑटोमोबाइल जगत के एक नए युग का आगाज हुआ। मारुति सुजुकी की बहुप्रतीक्षित और पहली पूर्णतः इलेक्ट्रिक एसयूवी ई विटारा का भव्य समारोह के बीच अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी एवं उमा मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलन व पफीता काटकर किया। लोकार्पण के अवसर पर ब्रजबिहार ग्रुप के ब्रह्मानंद चतुर्वेदी ब्रज हीरो के निदेशक विजय चतुर्वेदी उमा मोटर्स के निदेशक गौरव चतुर्वेदी पीयूष चतुर्वेदी एवं पार्थ चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विस्टा आर्किटेक्ट्स के समर्थ चतुर्वेदी सहित शहर के प्रतिष्ठित उद्यमी और ऑटोमोबाइल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उमा मोटर्स के निदेशक पीयूष चतुर्वेदी ने बताया कि ई-विटारा मारुति सुजुकी की तकनीक और भरोसे का नया चेहरा है। इसकी प्रारंभिक कीमतः 10.99 लाख से 19.99 लाख तक एक्स शोरूम हैं। एक बार पुल चार्ज होने पर यह लगभग 550 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। डीसी फास्ट चार्जर से मात्र 45 से 50 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज। 10.25 इंच टचस्क्रीन 360 डिग्री कैमरा और वायरलेस एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो। इस मॉडल में 40.5 किलोवाट घंटा की उन्नत बैटरी दी गई है। साथ ही एलईडी हेडलाइट्स टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और स्मार्टफोन ऐप कंट्रोल जैसी सुविधाएं इसे भविष्य की कार बनाती हैं। लॉन्च के दौरान ही ग्राहकों में भारी उत्साह देखा गया। चोला फाइनेंस के डिविजनल मैनेजर मोहितए केनरा बैंक के डिविजनल मैनेजर मानस सेल्स मैनेजर सौरभ भाटिया और दीपक चैधरी ने भी शिरकत की। जानकारों का मानना है कि ई-विटारा का आगमन पर्यावरण संरक्षण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## डीएम और एसएसपी ने श्रद्धालुओं संग खेली सद्भाव की होली

**मथुरा**। शनिवार को गोकुल स्थित विख्यात कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज के रमण रेती आश्रम में होली महोत्सव का ऐसा भव्य रंग बरसा कि हर कोई सराबोर हो उठा। इस महोत्सव की खास बात यह रही कि यहाँ जिले के आला अधिकारियों ने पद की गरिमा और सुरक्षा के घेरे से बाहर निकलकर आम श्रद्धालुओं के साथ जमकर होली खेली और भाईचारे का संदेश दिया। महोत्सव के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने आश्रम पहुँचकर पहले संतों का आशीर्वाद लिया और फिर होली के हुड़दंग में शामिल हुए। जैसे ही दोनों अधिकारी जनसमूह के बीच पहुँचे श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उन पर अबीर और गुलाल की वर्षा कर दी। जिलाधिकारी और एसएसपी ने भी मुस्कुराते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया और श्रद्धालुओं पर गुलाल उड़ाकर होली की बधाई दी। डीएम और एसएसपी का यह दोस्ताना अंदाज चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने भीड़ के बीच जाकर न केवल होली का आनंद लिया बल्कि जनता को सुरक्षित सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का संदेश भी दिया।

# गोवर्धन में बनेगा गुरुकुल छात्र निःशुल्क लेंगे वेदों का ज्ञान




**मथुरा**। भगवान कृष्ण की भूमि गोवर्धन में राधा कुंड के पास गुरुकुल भूमि पूजन एवं शिलान्यास का कार्यक्रम संस्कृत संस्कृति विकास संस्थान द्वारा विधिवत वेदों के मंत्रोच्चार से किया गया। भूमि पूजन एवं शिलान्यास संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राधा गोविंद त्रिपाठी प्रोफेसर रवि शंकर मेनन और डॉक्टर कांता भाटिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के पास बन रहे इस गुरूकुल का नाम श्रीश्रीविश्वेशतीर्थ वैदिक गुरुकुल पूज्य गुरु जी के नाम पर रखा जाएगा। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा गोविंद त्रिपाठी के अनुसार इस 3 मंजिला गुरुकुल के छात्रों को नि शुल्क वेद और आधुनिक शिक्षा दी जाएगी. सबसे बड़ी बात यह है कि इस गुरुकुल के निर्माण में कोई सरकारी मदद नहीं ली जा रही है बल्कि संस्थान के सदस्यों पदाधिकारियों और समाज सेवियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहयोग दिया जा रहा है। इसी क्रम में लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धमार्नंद राउत ने गुरुकुल निर्माण के लिए 11 लाख रुपये अनुदान के तौर पर देने का ऐलान किया. इसी तरह गुरुकुल प्रकल्प की

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कांता भाटिया ने 5 लाख रुपए, संस्थान के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट अरुण कुमार मंगल ने भी 5 लाख रुपये सहयोग देने का ऐलान किया। संस्था के सह संस्थापक सुनील शर्मा के मुताबिक समाज सेवियों के सहयोग से उन्हें गोवर्धन में ही गौशाला के लिए भी जमीन दान में मिली है ये डेढ़ एकड़ जमीन समाज सेवी सुरेन्द्र पटेल ने संस्थान को दान की है इसी तरह राजस्थान में भी गुरुकुल और गोशाला के लिए भूमि दान में मिली है समाजसेवी श्री विष्णु सिंघल के द्वारा जमीन और इसके निर्माण के लिए राशि दान की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर के रवि शंकर मेनन महामंडलेश्वर सचिदानंद महाराज और स्वामी रविंद्रानंदजी परमहंस थे जिन्होंने संस्था को सनातन को बढ़ावा देने के कार्य को आगे बढ़ाने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के वाइस चांसलर श्रीनिवास वरखेड़ी उपस्थित रहे, कार्यक्रम के आयोजन में गौसेवा प्रकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विनोद जिंदल, समाजसेवी राम मोहन लवानिया ह्यरॉकीह्ल और संस्थान के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय गर्ग का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. आरती शर्मा, डॉ. एस सविता, डॉ. ऋतिका, डॉ. मोनिका मिश्रा और अन्य का सहयोग रहा।

## समाधान दिवस में अधिकारियों ने किया समस्याओं का निस्तारण

**मथुरा**। गोवर्धन तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने विभिन्न गांवों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग से संबंधित कई मामले सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए। एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि विवादों के प्रकरणों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता को अपनी समस्याओं के लिए भटकने से बचाना है। इस अवसर पर एसडीएम गोवर्धन, सीओऔर अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई। तहसील मांट के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुरेश चंद्र रावत, एएसपी (ग्रामीण) ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के समाधान हेतु संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग से संबंधित कुल 09 प्रकरण सामने आए। इन मामलों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार निरोधात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि भविष्य में माध के प्रथम व तृतीय शनिवार में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनशिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

## एआई समिट को लेकर भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया



**टूण्डला**। दिल्ली के एआई इंपैक्ट समिट 2026 में राहुल गांधी के इशारे पर भारतीय युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं द्वारा शर्टलेस प्रदर्शन और सरकार विरोधी नारेबाजी की जिसको लेकर नगर के सुभाष चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया,जिसमें राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि राहुल गांधी देश में विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों विशेषकर एआई को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि एआई समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा किया गया प्रदर्शन देश और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि के खिलाफ है।एआई आज के समय में भारत के विकास रोजगार सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन कांग्रेस नेता इसे लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीकी क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और एआई जैसे नवाचार देश के युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। पुतला दहन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 200 पेटी अंग्रेजी शराब भरा ट्रक पकड़ा

**फिरोजाबाद**। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक ट्रक जिसमे 200 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए है, बरामद किया है। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त नरेश पुत्र बाबूलाल निवासी बायतू ग्राम सभा पंजी थाना बायतू जिला बाडमेर राजस्थान को थाना रसूलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक ट्रक जिसमे 200 पेटी भिन्न भिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब 300 बोतल अवैध इम्पीरियल ब्लू शराब व 1800 अध्धे अवैध इम्पीरियल ब्लू शराब व 4800 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब मैकडावेल्स के बरामद हुए। अभियुक्त से कुल 1764 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त नरेश के विरूद्ध आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। पूछताछ मे अभियुक्त नरेश ने बताया कि वह ट्रक नम्बर इन्जन नम्बर व चैसिस नम्बर की जानकारी को छिपाते हुये शराब को लादकर पीपली खरखौदा हरियाणा से कानपुर होते हुए बिहार मे सप्लाई करता है। बिहार मे शराब बंदी होने के कारण इससे भारी मुनाफा कमाते है।

## गंदगी व जलभराव को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**वृंदावन**। मथुरा दरवाजा क्षेत्र में भीषण गंदगी एवं जलभराव की समस्या को लेकर सीएफसी चैराहा के समीप धोबी गली के निवासी और दुकानदारों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा साफ सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर दावे शून्य ही नजर आते हैं। हालत यह हैं कि नगम निगम के पास उपकरणों, कर्मचारियों से लेकर संसाधनों का जितना जखीरा बढ़ है, तीर्थनगरी में गंदगी और जलभराव की समस्या उतनी ही व्यापक होती जा रही है। इतना ही नहीं नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए एक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, तब से हालात पूरे नगर में सुधरने के बजाय बद से बदतर हो रहे हैं। ऐसे ही हालात इन दिनों मथुरा दरवाजा क्षेत्र में भी देखे जा सकते हैं। जहां जगह-जगह गंदगी के साथ ही नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों के सब्र का बांध आखिरकार शनिवार को फूट ही पड़ा। सीएफसी चैराहा के समीप धोबी गली के निवासी और दुकानदारों द्वारा नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित लोगों का कहना है कि गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्रीय लोगों का घरों से निकलना दूभर हो रहा है। वहीं राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं रमजान का महीना चल रहा है, इसके बावजूद सफाई व्यवस्था की ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं है। इस क्षेत्र में मंदिर और मस्जिद भी हैं। नमाजी और पूजा करने वाले लोग भी इस गंदे पानी से होकर निकलने के लिए मजबूर हैं। इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने करने के बावजूद हालात जस के तस हैं। अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने बताया कि प्रदर्शन के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही उनसे कोई शिकायत की गई है। अब गंदगी और जलभराव का मामला संज्ञान में आने पर टीम भिजवा रहे हैं और समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। रोष जताने वालों में शबनम कुरैशी, भरत शर्मा, समीर, राजा दिवाकर, इरशाद, डब्बू, मुन्ना, आश मोहम्मद, मनीष चैहान, मनोज शर्मा आदि शामिल थे।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण में समझा मशीनों का काम



**मथुरा**। संस्कृति विवि के स्कूल आफ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने एमएसएमई आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक निर्माण तकनीकि, एसएसएमई द्वारा दिए जाने वाले सपोर्ट सिस्टम और उद्यौगिक क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली मशीनों, रोबोटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग, एआर और वीआर, प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस का निरीक्षण कर व्यवहारिक अनुभव लिया।

विद्यार्थियों ने एमएसएमई, आगरा के भ्रमण के दौरान सीएनसी मिलिंग मशीन, टर्निंग मशीन, कंप्युटर न्यूमेरिकल कंट्रोल का बड़ी रुचि लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान एमसएमई के प्रशिक्षक मनीष वर्मा ने अत्यधिक सटीकता का परिणाम देने वाली मशीनों के बारे में विद्यार्थियों को बड़े विस्तार से समझाया। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को दिखाया गया कि इंडस्ट्री में ऑटोमेशन और रोबोटिक्स का इस्तेमाल कैसे किया जाता है। वहीं विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स आर्म लैब का पिक एंड प्लेस आपरेशन, इंडस्ट्रियल आटोमेशन में प्रयोग और उत्पादन में इनके सहयोग को प्रत्यक्षतः देखकर विशेष ज्ञान अर्जित किया। संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के इस दल ने प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग लैब में प्लास्टिक की वस्तुओं के निर्माण व मशीनों के कार्य को बहुत उत्सुकता से देखा। फाउंड्री रिसाक्लिंग के काम को देखकर विद्यार्थियों ने रॉ मटीरियल के तौर पर इस्तेमाल होने वाला स्क्रैप मेटल, मेल्टिंग और रीकास्टिंग, रीसाइक्लिंग प्रोसेस को भी जाना। इसके अलावा सामान की जांच और थ्री डी प्रिंटिंग लैब का भी निरीक्षण किया। मशीनों के बारे में और अन्य तकनीकियों की जानकारी देने में एमएसएमई के शिक्षक इनोक लाल ने भी संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को विशेष सहयोग दिया। संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन एमएसएमई के सहायक निदेश योगेश श्रीवास्तव ने किया। विद्यार्थियों के 63 सदस्यीय इस दल का नेतृत्व संस्कृति विवि की फैकल्टी मेंबर डॉ. रीना रानी, मिस ऐश्वर्या, मिस्टर ऋषभ, डॉ. सैकत दास, मिस्टर बिक्रम रॉय ने किया।

## 3 मार्च को धूमधाम से निकलेगा चतुर्वेदी समाज का होली डोला

**मथुरा**। आगामी 3 मार्च को चतुर्वेदी समाज का होली डोला शहर में धूमधाम से निकाला जायेगा। यह जानकारी देते हुए माथुर चतुर्वेदी परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने बताया कि इस बार चतुर्वेदी समाज का होली डोला भव्यता के साथ सामाजिक रीति रिवाज एवं ठाकुरजी के स्वरूप के अनुसार निकलेगा। इस डोले में चतुर्वेदी समाज के लोग होली की तानें गाते हुए निकलेंगे। उन्होने अपील की कि डोले में विदेश से आए हुए तीर्थयात्री भी आते हैं इसलिए किसी भी तीर्थयात्री के साथ कोई अभद्रता ना हो और सभी लोग केवल टेशू के फूल के रंग व अबीर गुलाल ही उड़ाए, किसी भी प्रकार के गीले रंग या सादा पानी किसी के ऊपर ना डालें। इस अवसर पर संरक्षक नवीन नागर, गिरधारीलाल पाठक आदि मौजूद थे।

# रमणरेती में उमड़ा भक्तों का सैलाब टेसू और फूलों की बारिश में भीगे श्रद्धालु



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**।कान्हा की बाल-लीलाओं की साक्षी रही महावन की पावन माटी रमणरेती आज दिव्य रंगों और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठी। अवसर था रमणरेती आश्रम में आयोजित वार्षिक होली महोत्सव का, जहां कार्ष्णि गुरु शरणानंद महाराज के सानिध्य में हजारों भक्तों ने ठाकुर रमणबिहारी के संग प्रेम की होली खेली। आश्रम का कोना-कोना राधे-कृष्ण के जयघोष से गुंजायमान रहा और समूचा वातावरण इंद्रधनुषी छटा में तब्दील हो गया। होली उत्सव के लिए विशेष रूप से मध्य प्रदेश की रतलाम मंडी से ढाई क्विंटल टेसू के फूल मंगाए गए थे। इन फूलों को उबालकर लगभग 10 हजार लीटर शुद्ध केसरिया रंग तैयार किया गया, जिसे टैंकरों के माध्यम से श्रद्धालुओं पर बरसाया गया। आयोजन में 11 क्विंटल गेंदा और गुलाब के ताजे फूलों का प्रयोग किया गया। इसके साथ ही 6 क्विंटल अबीर-गुलाल, चंदन और असली केसर की सुगंध ने माहौल को महका दिया। कलाकारों ने होली रास के मंच पर होली के गीतों और रसियाओं पर लठामार होली की अपनी प्रस्तुति से उपस्थित संतों और भक्तजनों को आनंदित कर दिया। दोपहर करीब 11 बजे उत्सव का आगाज सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मंच पर वृंदावन के कलाकारों ने जब पारंपरिक भजनों की तान छेड़ी, तो भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात सखियों ने हाथ में लठ और कान्हा ने ढाल लेकर प्रतीकात्मक लठामार होली का मंचन किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण वह क्षण था जब गुरू शरणानंद महाराज ने स्वयं अपने हाथों से भक्तों पर गुलाल और फूल बरसाने शुरू किए। संतों और भक्तों के बीच की यह दूरी मिट गई और हर कोई केवल रमण बिहारी के रंग में रंगा नजर आया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ यह सिलसिला शाम 3 बजे तक अनवरत चलता रहा।

## नाबालिग बच्चों की चोरी बेचने वाले को कोर्ट ने सुनायी दस वर्ष की सजा

**मथुरा**। थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन ने ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत नाबालिक बच्चों की चोरी और उन्हें बेचने की आरोपी को न्यायालय से कड़ी सजा दिलाई है। प्रभावी पैरवी सशक्त साक्ष्य प्रस्तुतीकरण और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के परिणामस्वरुप अदालत में आरोपी को कठोर दंड से दंडित किया है। अपर जिला न्यायाधीश-6 (एडीजे-6) की अदालत ने अभियुक्त दीप कुमार शर्मा उर्फ दीपक को दोषी करार दिया। दीप कुमार शर्मा हाथरस की नवल नगर का निवासी है और वर्तमान में यज्ञ दत्त उपाध्याय के मकान में किराए पर रहता था।अदालत में उसे भारतीय दंड संहिता( भादविं )की धारा 363 अपहरण के तहत 5 वर्ष के कारावास और एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त दीप कुमार शर्मा को भादविं की धारा 370 मानव तस्करी के अंतर्गत दस वर्ष के कठोर कारावास और दो हजार के अर्थ दंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड न देने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास घटना पड़ेगा। न्यायालय के आदेश अनुसार दोनों सजाएं प्रभावी रहेगी। थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन की विवेचक ने इस मामले की गहन जांच की। उन्होंने लोक अभियोजन के साथ समवन्य स्थापित कर न्यायालय में ठोस साक्षय प्रस्तुत किए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में दोषियों को शीघ्र सजा दिलाना है। इससे अपराधियों में कानून का भय व्याप्त होगा होता है और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। इस न्यायिक कार्यवाही से मानव तस्करी जैसे जगन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश गया है।

## सांसद ने किया पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र और श्वान गृह का निरीक्षण



**मथुरा**। सिविल लाइन स्थित पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र एवं श्वान गृह का सांसद श्रीमती हेमा मालनी द्वारा नगर आयुक्त जग प्रवेश के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सांसद द्वारा केंद्र में संचालित समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। उन्होंने श्वानों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, नसबंदी के उपरांत श्वानों को कितने दिनों तक केंद्र में रखा जाता है, स्वस्थ होने के पश्चात उन्हें किस प्रक्रिया के अंतर्गत छोड़ा जाता है, श्वानों को पकड़ने की विधि, दवाइयों एवं वैक्सीनेशन की प्रक्रिया सहित संपूर्ण कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। सांसद द्वारा केंद्र परिसर की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं श्वानों की देखभाल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने वेटरनरी स्टाफ से संवाद कर नसबंदी, उपचार एवं टीकाकरण से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। निरीक्षण के अवसर पर नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, डॉ.विकास पाठक (डीन, वेटरनरी कॉलेज), प्रोफेसर डॉ. संजय पुरोहित, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. आर.सी. पांडे, एबीसी सेंटर के लिपिक भगवान सिंह तथा वैक्सीनेशन टीम उपस्थित रही। निरीक्षण के उपरांत सांसद द्वारा नगर निगम द्वारा मानवीय एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से पशु कल्याण एवं जनस्वास्थ्य की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

## मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी कुंडल लुटेरा रामजीत गिरफ्तार

**मथुरा**। स्वाट टीम और फरह पुलिस ने कुंडल लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी रामजीत को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी फायरिंग में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात स्वाट टीम और थाना फरह पुलिस परखम रोड स्थित गोवर्धन पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया और टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इसके दोनों पैरों में गोली मार दी। पुलिस ने पकड़े गये रामजीत पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम पिपरोठ थाना फरह के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखे कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, लूट की घटनाओं में इस्तेमाल की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। रामजीत से कुंडल बेचकर मिले 24 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। घायल रामजीत को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामजीत शातिर किस्म का अपराधी है और मथुरा के अलावा पड़ोसी जिले आगरा में भी सक्रिय रहा है। इस संबंध में सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवान ने बताया कि कुंडल लूट की घटनाओं में शामिल दो आरोपी, रवि और महेंद्र, पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। रामजीत तीसरा मुख्य आरोपी था जो फरार चल रहा था। इस पर आगरा और मथुरा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल घायल बदमाश का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसने पूछताछ में कुंडल लूट की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील जसराना में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में दूर-दराज क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्या प्रस्तुत की, जिलाधिकारी द्वारा न केवल उनकी समस्याओं को सुना गया, बल्कि उनके निस्तारण की गुणवत्ता की भी सूक्ष्म समीक्षा की गई, इस दौरान कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 10 का मौके पर ही समाधान किया गया, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति के आधार पर पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान राजस्व




भूमि विवाद पुलिस, विकास कार्य विद्युत आपूर्ति सामाजिक पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, इस दौरान एक प्रार्थिनी निशा ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कहा कि प्रार्थिनी का नाम राशन कार्ड में गलत दर्ज हो गया है, जिससे उसे नया राशन कार्ड बनवाने में काफी परेशानी हो रही है, उसने जिलाधिकारी से प्रार्थना की है, कि प्रार्थिनी का राशन कार्ड से नाम हटाकर सही नाम दर्ज किया जाए, जिससे उसे लाभ प्राप्त हो सके, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि इनकी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए, इसी तरह एक नागरिक धर्मेंद्र कुमार ने अवैध अतिक्रमण ध्वस्त कराए जाने के संबंध में आवेदन पत्र दिया,जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार व राजस्व निरीक्षण को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर मामले की सही स्थिति जांच करने हेतु निर्देशित किया, इस तरह जिलाधिकारी ने अपने समक्ष आई, समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनका समाधान प्रस्तुत किया, साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान का अर्थ कागजी खाना पूर्ति नहीं होना चाहिए, बल्कि पीड़ित की संतुष्टि अवश्य होनी चाहिए, जनता की समस्याओं के निस्तारण में विलंब या हीला-हवाली किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि किसी भी शिकायत को बिना ठोस कारण के लंबित पाया गया तो, संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी, बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी राजेश शुक्ला परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी आदि उपस्थिति रहें।

## फसल बीमा व कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**फिरोजाबाद**। जनपद के विकास भवन स्थित एनआईसी रूम में शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन एवं कृषि भवनों के शिलान्यास समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद में भी इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, साथ ही इस दौरान 30 लाभार्थियों के खाते में 1 करोड 47 लाख 50 हजार रू0 भेजा गया तथा इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के हाथों 10 लाभार्थियों को एनआईसी में चैक भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह एवं फसल बीमा मैनेजर रवि प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को योजना की बारीकियों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत जनपद के दर्जनों लाभार्थी किसानों को मौके पर ही उनकी फसल बीमा पॉलिसी सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह पॉलिसी किसानों को बेमौसम बारिश ओलावृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से सुरक्षित करेगी। इस दौरान एचडीएफसी ईआरजीओ की टीम एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## दो मार्च को देशव्यापी हड़ताल करेंगे आईओबीओए

नयी दिल्ली। इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ (आईओबीओए) ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं। परिसंघ ने आरोप लगाया कि अधिकारियों को बैंक में जबरन देर तक बैठने के लिए मजबूर किया जा रहा है और एकतरफा एंड-ऑफ-डे पाबंदियां लगाई जा रही हैं, जो उनके सम्मान और पेशेवर स्वायत्तता को प्रभावित करती हैं। एंड-ऑफ-डे पाबंदियों का मतलब है कि बैंक का रोजमर्रा का कामकाज और सिस्टम क्लोजर पूरा होने तक अधिकारियों को अनिवार्य रूप से बैंक में मौजूद रहना है। एक बयान के मुताबिक, मनोबल, मानसिक स्वास्थ्य और संस्थागत कामकाज से जुड़ी चिंताओं को बार-बार उठाने के बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई उचित प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट

नयी दिल्ली। सरकार की तरफ से पुराने तिलहन का स्टॉक बेचने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। विदेशी बाजारों में गिरावट आने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल में भी गिरावट दर्ज हुई। शिकॉगो एक्सचेंज में बीती रात लगभग 1.75 प्रतिशत की गिरावट थी और फिलहाल भी यहां गिरावट चल रही है। मलेशिया एक्सचेंज साढ़े तीन बजे गिरावट के साथ बंद हो गया और शुक्रवार को यहां शाम का कारोबार नहीं होगा। बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकॉगो और मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट रहने तथा सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की कमजोर मांग रहने और सरकर की ओर से पुराने स्टॉक की बिकवाली करने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

## सैमसंग ने वन यूआई 8.5 में नया बिक्सबी पेश किया

नयी दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज बिक्सबी के अपने नवीनतम वर्ज़न के बीटा प्रोग्राम की शुरूआत की घोषणा की। अब बिक्सबी को एक 'कन्वर्सेशनल डिवाइस एजेंट' के रूप में अपग्रेड किया गया है। इस अपडेट के बाद गैलेक्सी डिवाइसेस के साथ तालमेल बिठाना और भी आसान हो जाएगा, क्योंकि यूजर्स अपनी जरूरत की बात अपनी आम बोलचाल की भाषा में कह सकते हैं। इसके साथ ही, अब यह ओपन वेब के जरिए ताजा और सटीक जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। जब हमने 2024 में अपना पहला एआई फोन पेश किया था, तभी से हमारी प्रतिबद्धता इसे उपयोग में इतना आसान बनाने की रही है कि अधिक से अधिक लोग एआई का लाभ उठा सकें। इसीलिए हमने डिवाइस एजेंट को सीधे यूजर अनुभव का हिस्सा बनाने का फैसला किया। हमने बिक्सबी को इस तरह दोबारा तैयार किया है कि यह अधिक स्वाभाविक तरीके से बातचीत कर सके और फोन को सहजता से कंट्रोल कर सके, जिससे रोजमर्रा के कामों की मुश्किलें कम हो जाएं।

## रेड जायंट मूवीज की केएच एक्स आरके के साथ कमल हासन और रजनीकांत होंगे एक साथ

मुंबई। रेड जायंट मूवीज की फिल्म केएच एक्स आरके के साथ भारतीय सिनेमा एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े और प्रतिष्ठित दिग्गज कमल हासन और रजनीकांत, 47 वर्षों बाद एक बार फिर एक साथ नजर आने वाले हैं। गौरतलब है कि इन दोनों महान कलाकारों ने आखिरी बार 1970 के दशक में एक साथ काम किया था। अब, लगभग पाँच दशकों बाद उनका एक बार फिर साथ आना भारतीय फिल्म इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक मानी जा रही है क्योंकि यह फिल्म दो ऐसी विरासतों का संगम है, जिन्होंने न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी पीढ़ियों तक दर्शकों को प्रभावित किया है। फिलहाल इस फिल्म का निर्माण रेड जायंट मूवीज द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने इन दोनों सिनेमाई दिग्गजों को एक साथ लाने का सपना साकार किया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म को भव्यता, विरासत और बेहतरीन कहानी कहने के जश्न के रूप में पेश करने का बीड़ा है।

# अमेरिका में शुल्क से जुड़ी घटनाओं का अध्ययन कर रही सरकार: वाणिज्य मंत्रालय




नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार अमेरिका में सीमा शुल्क से जुड़े ताजा घटनाक्रम और उसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, शुक्रवार को सीमा शुल्क के बारे में आया अमेरिकी उच्चतम न्यायालय का फैसला हमारे संज्ञान में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया है। बयान में कहा गया, अमेरिकी प्रशासन की तरफ से कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों का उनके प्रभावों के संदर्भ में अध्ययन कर रहे हैं। ट्रंप की तरफ से पिछले साल भारत समेत करीब 60 देशों के खिलाफ जारी शुल्क आदेशों को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को रद्द घोषित कर दिया। इसके बाद ट्रंप ने 10 प्रतिशत वैश्विक सीमा शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। ट्रंप की नवीनतम घोषणा के मुताबिक, अमेरिका 24 फरवरी से 150 दिनों की अवधि के लिए आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अस्थायी एड-वेलोरम (मूल्य आधारित) आयात अधिभार लगाएगा। इससे पहले अमेरिका ने अगस्त में भारत पर 25 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था। बाद में रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया जिससे कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि, फरवरी महीने की शुरुआत में दोनों देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति बनी, जिसके तहत अमेरिका शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हुआ है। रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए लगा दंडात्मक 25 प्रतिशत शुल्क हटाया जा चुका है जबकि शेष 25 प्रतिशत शुल्क प्रभावी चल रहा था। हालांकि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले और ट्रंप की नई घोषणा के बाद भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 10 प्रतिशत रह जाएगा। यह 10 प्रतिशत अधिभार अमेरिका में सर्वाधिक तरजीही देशों (एमएफएन) पर लागू मौजूदा शुल्क या अन्य आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा। ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह प्रक्रिया जारी है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 फरवरी, 2026 से वॉशिंगटन में अपने समकक्षों से मुलाकात करेगा। वर्ष 2021-25 के दौरान अमेरिका भारतीय उत्पादों का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और कुल द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही।

वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

# चिनाब नदी पर सबसे ऊंचा रेल पुल बनने में साइरस मिस्त्री के भरोसे ने निभायी बड़ी भूमिका



नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल आज भारतीय इंजीनियरिंग की एक मिसाल है लेकिन साल 2008 के आसपास एक वक्त ऐसा भी आया था, जब इस परियोजना का भविष्य अधर में लटक गया था। उस मुश्किल वक्त में दिवंगत साइरस मिस्त्री ने वित्तीय नुकसान की आशंका के बावजूद इस परियोजना को बीच में छोड़ने से साफ इनकार कर दिया था।

इस ऐतिहासिक पुल के 20 साल लंबे सफर को याद करते हुए बातचीत में उस घटना का ब्योरा दिया जब एक कानूनी चुनौती और वैकल्पिक मार्ग की तलाश के कारण रेलवे बोर्ड ने इस ऊंचे रेल पुल के निर्माण का काम रोक दिया था। शापूरजी पलोनजी समूह से जुड़ी कंपनी एफकांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को वर्ष 2004 में इस रेलवे पुल के निर्माण का ठेका मिला था। साइरस मिस्त्री उस समय एफकांस के निदेशक मंडल में शामिल थे। सुब्रमण्यम ने कहा, रेलवे बोर्ड ने कानूनी चुनौती की वजह से 90 दिनों से अधिक समय तक काम रोक दिया था। अनुबंध के मुताबिक, हमारे पास परियोजना से बाहर निकलने का कानूनी विकल्प था। रेलवे बोर्ड के तत्कालीन सदस्य (इंजीनियरिंग) ने मुझसे कहा भी था कि यदि आप चाहें तो यह आपके पास हटने का मौका है। हालांकि सुब्रमण्यम ने इस पर तुरंत फैसला लेने के बजाय तत्कालीन कंपनी चेयरमैन साइरस मिस्त्री के साथ लंबी चर्चा की। सुब्रमण्यम ने कहा, "हमने लंबी बहस की। हम जानते थे कि इसमें अतिरिक्त पैसा खर्च होगा और घाटा भी हो सकता है। लेकिन हम दोनों इस बात पर सहमत थे कि अगर हम हट गए, तो इस जटिल परियोजना को पूरा करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। साइरस ने मुझसे पूछा क्या तुम्हें भरोसा है? मैंने कहा बिल्कुल, हम इसे पूरा करेंगे। एफकांस प्रमुख ने कहा कि जहां दुनिया को लग रहा था कि इतने मुश्किल पहाड़ी इलाके में इस रेल पुल को बनाना लगभग नामुमकिन है।

# झारखंड की अर्थव्यवस्था के 5.96 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान: समीक्षा

रांची। झारखंड की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2026-27 में 5.96 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर 6.17 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विधानसभा में शनिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह संभावना जताई गई। वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में झारखंड की आर्थिक वृद्धि दर 7.02 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत 6.5 प्रतिशत से अधिक है।

यह लगातार चौथा वर्ष है जब झारखंड की वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर रही है। समीक्षा के मुताबिक, वास्तविक सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के वित्त वर्ष 2025-26 में 3,21,892 करोड़ रुपये और वित्त 2026-27 में 3,41,064 करोड़ रुपये तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि 2025-26 में अर्थव्यवस्था 6.17 प्रतिशत और 2026-27 में 5.96 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। समीक्षा कहती है कि वर्तमान कीमतों पर जीएसडीपी वित्त वर्ष 2025-26 में 5.6 लाख करोड़ रुपये को पार कर सकती है और वित्त वर्ष 2026-27 में इसके करीब 6.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में इस आर्थिक समीक्षा को पेश किया।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट और ट्रंप के निर्णय से भारत को राहत

नयी दिल्ली। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्कों को रद्द किए जाने और अमेरिका की ओर से 10 प्रतिशत का अस्थायी आयात शुल्क लगाने के नए आदेश के बाद अब भारतीय वस्तुओं पर 24 फरवरी से केवल 10 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगेगा, जिससे पहले के मुकाबले बोझ काफी कम हो जाएगा।

अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से दिए फैसले में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क कानून के दायरे से बाहर थे। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने लिखा। इसे ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के आर्थिक एजेंडे के लिए झटका माना जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद 20 फरवरी को जारी घोषणा में ट्रंप ने कहा कि 24 फरवरी 2026 से 150 दिनों के लिए अमेरिका में आयात होने वाले सामान पर 10 प्रतिशत का अस्थायी आयात शुल्क लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने अगस्त में भारत पर 25 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगाया था। बाद में रूस से कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया गया, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया था। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ



(फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि नए आदेश के बाद भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगा। यह शुल्क अमेरिका में लागू मौजूदा सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी उत्पाद पर पांच प्रतिशत एमएफएन शुल्क है, तो उस पर कुल 15 प्रतिशत शुल्क लगेगा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा, पारस्परिक शुल्क अब घटकर 10 प्रतिशत रह गया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि भारत को अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब पारस्परिक शुल्क अमेरिका को होने वाले भारत के कुल निर्यात मूल्य के लगभग 55 प्रतिशत हिस्से पर ही लागू होगा, जबकि करीब 40 प्रतिशत वस्तुएं छूट की श्रेणी में हैं। हालांकि इस्पात, एल्युमिनियम और तांबे पर 50 प्रतिशत तथा वाहनों के कुछ कलपुर्जों पर 25 प्रतिशत का क्षेत्रीय शुल्क जारी रहेगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं है। इससे पहले, जब दोनों देशों ने अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति की घोषणा की थी, तब ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि भारत ने मॉस्को से सीधे या परोक्ष रूप से ऊर्जा आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारत पर पारस्परिक शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हुआ था।

# एआई इम्पैक्ट पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने किये हस्ताक्षर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है।

इस घोषणा का मूल सिद्धांत सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय यानी सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिऐ है। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले अधिकांश देशों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क, मिस्र, इंडोनेशिया और जर्मनी शामिल हैं। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया। एक



आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, 18-19 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन नई दिल्ली घोषणा को अंगीकार किए जाने के साथ हुआ। इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा था कि इस सम्मेलन में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जो भारत की एआई पहल में घरेलू और वैश्विक मजबूत रुचि एवं सहभागिता को दर्शाता है। प्रदर्शनी में पांच लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया, बहुत कुछ सीखा और दुनिया भर के कई विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। कई स्टार्टअप को अपने काम को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कुलमिलाकर, चर्चाओं की गुणवत्ता अद्भुत थी। वैष्णव ने यह भी कहा कि मंत्री स्तरीय संवाद, नेताओं की बैठक, मुख्य उद्घाटन समारोह या सम्मेलन की पूरी प्रक्रिया में भागीदारी और संवाद की गुणवत्ता अत्यधिक प्रभावशाली रही।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था दिसंबर तिमाही में सुस्त पड़कर 1.4 प्रतिशत बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार दिसंबर तिमाही में सुस्त होकर 1.4 प्रतिशत रह गई। यह सितंबर तिमाही की 4.4 प्रतिशत और उससे पहले की तिमाही की 3.8 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले काफी कम है।

वाणिज्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी और उपभोक्ता खर्च में आई कमी वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सुस्ती का मुख्य कारण रही। उपभोक्ता खर्च में केवल 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर तिमाही की 3.5 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले काफी कम है। यह रिपोर्ट अमेरिकी अर्थव्यवस्था की एक विरोधाभासी तस्वीर पेश करती है, जहां वृद्धि दर स्थिर है लेकिन रोजगार के नए अवसर नहीं पैदा रहे हैं।

साल 2025 में आर्थिक वृद्धि 2.2 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर रही। हालांकि पिछले सप्ताह जारी रोजगार आंकड़ों से पता चला कि पूरे साल में दो लाख से भी कम नए रोजगार सृजित हुए। यह 2020 में आई कोविड महामारी के बाद का सबसे निचला स्तर है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन पर सख्ती से जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है, जिससे काम के लिए उपलब्ध लोगों की संख्या कम हो गई है। यही कारण है कि भर्ती लगभग न होने के बावजूद बेरोजगारी दर पिछले साल चार प्रतिशत से केवल मामूली बढ़कर 4.3 प्रतिशत रही।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप की घोषणा

दिए फैसले में कहा कि ट्रंप द्वारा दुनिया भर के देशों पर लगाए गए शुल्क अवैध थे और उन्होंने व्यापक शुल्क लगाकर अपने अधिकारों का अतिक्रमण किया। इस महीने की शुरुआत में जब अमेरिका और भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक ढांचे पर सहमति की घोषणा की थी, तब ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर रूसी तेल खरीद के कारण लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि नयी दिल्ली ने मॉस्को से सीधे या परोक्ष रूप से ऊर्जा आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। व्यापार समझौते के तहत वाशिंगटन नयी दिल्ली पर पारस्परिक शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देता। न्यायालय के फैसले के बाद ट्रंप ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए जिसमें कहा गया कि मौलिक अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं से निपटने और अमेरिकी श्रमिकों, किसानों तथा निर्माताओं के हित में हमारे व्यापार संबंधों को पुनर्संतुलित करने के प्रशासन के कार्य को जारी रखने के लिए अस्थायी आयात शुल्क लगाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा जारी तथ्य पत्रक में कहा गया कि ट्रंप 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत अपने अधिकारों का उपयोग कर रहे हैं, जो राष्ट्रपति को कुछ मौलिक अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं से निपटने के लिए अधिभार और अन्य विशेष आयात प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है। घोषणा के अनुसार, 150 दिन की अवधि के लिए अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर उनके मूल्य के आधार पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। यह अस्थायी आयात शुल्क 24 फरवरी को पूर्वी मानक समयानुसार रात 12:01 बजे से प्रभावी होगा। तथ्य पत्रक में कहा गया कि कुछ वस्तुओं को अस्थायी आयात शुल्क से छूट दी जाएगी, क्योंकि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की जरूरतों से जुड़ी हैं या इस शुल्क को अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक है। इन वस्तुओं में कुछ महत्वपूर्ण खनिज, मुद्रा और सोना-चांदी में प्रयुक्त धातुएं, ऊर्जा और ऊर्जा उत्पादअ ऐसे प्राकृतिक संसाधन और उर्वरक जिन्हें अमेरिका में उगाया, खनन या पर्याप्त मात्रा में उत्पादित नहीं किया जा सकताअ कुछ कृषि उत्पाद जैसे गोमांस, टमाटर और संतरेअ दवाइयां और औषधीय अवयवअ कुछ इलेक्ट्रॉनिक्सअ यात्री वाहन, कुछ हल्के ट्रक, मध्यम और भारी वाहन, बसें तथा इनके कुछ पुर्जे और कुछ एयरोस्पेस उत्पाद शामिल हैं।

ट्रंप ने अपने खिलाफ फैसला देने वाले उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों पर तीखा हमला करते हुए उन्हें मूर्ख और चमचे करार दिया। फैसले के कुछ घंटों बाद व्हाइट हाउस में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप से जब पूछा गया कि भारत के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद भी कायम रहेगा या नहीं, तो उन्होंने कहा, कुछ नहीं बदलेगा और भारत को शुल्क देना होगा।

### आत्मनिर्भरता के

प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति शृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी। इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक शक्ति-केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा। आप जो डिजिटल स्क्रीन देखते हैं, उनका दिमाग (चिप) अब जेवर में तैयार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेवर न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक आभूषण के रूप में उभर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास, चिप विनिर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। फॉक्सकॉन कंपनी के सेमीकंडक्टर बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष बॉब चेन ने कहा, "आज हम इंडिया चिप का भूमि पूजन कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य भारत में एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग संयंत्र स्थापित करने का है। हम साथ मिलकर आगे बढ़ने और वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में भारत के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर हैं। इस मौके पर एचसीएल ग्रुप की चेयरपर्सन रोशनी नाडर ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम इकाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी।

### किसानों के

पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। किसी मनुष्य की कमी की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन सरकार संबल देने के लिए खड़ी हो सकती है। आपदा प्रभावित 3500 पीड़ित किसानों, सह किसानों, पारिवारिक सदस्यों, बटाईदारों आदि को आज लाभान्वित किया गया है। इससे पहले 16 जून 2025 को 11,690 किसानों व आश्रितों को 561.86 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि कल तक यह पैसा सभी किसानों या आश्रित परिवारों के खाते में पहुंच जाए।

सीएम योगी ने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर आपदा मित्र हो सकता है। पीएम मोदी ने इस संबंध में बड़ा अभियान चलाया है। उत्तर प्रदेश ने पीएम की इस पहल को बढ़ाने का कार्य किया। 25 जिलों में 29,772 युवा स्वयंसेवकों (एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट एंड गाइड) को प्रशिक्षित कर आपदा मित्र प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया है। इन स्वयंसेवकों को सात दिवसीय प्रशिक्षण के साथ भी जोड़ा गया है। इन्हें इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट, आपदा मित्र ट्रेनिंग, मॉड्यूल आईडी, आईडी कार्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट में लाइफ जैकेट, सर्च टॉर्च, फर्स्ट-एड बॉक्स, सेफ्टी हेलमेट, चश्मा समेत 15 आइटम हैं। प्रदेश सरकार ने प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवकों का तीन वर्ष का जीवन व चिकित्सा बीमा करने का निर्णय लिया है। 10 फरवरी को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू किया गया है, जिसमें आपदा मित्र को तीन वर्ष के लिए 5 लाख का बीमा कवर प्रदान किया गया है। प्रदेश में अभी तक 2959 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं, शेष का प्रशिक्षण भी आगे बढ़ाया जाएगा।

सीएम ने कहा कि पहले आपदा आने पर वर्षों तक पीड़ितों को कोई पूछता तक नहीं था। उन्हें क्षतिपूर्ति तक नहीं मिल पाती थी। 2015-16 में एक बार किसी किसान के खाते में दो रुपये, किसी के खाते में चार रुपये आए थे। हमारा प्रयास है कि बाढ़, आकाशीय बिजली, आगजनी जैसी आपदा आते ही 24 घंटे के भीतर पीड़ित के खाते में पैसा पहुंच जाए। 2025-26 में राज्य आपदा मोचक निधि में 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से फसल क्षति से प्रभावित 5,14,322 किसानों को 260 करोड़ रुपये का कृषि निवेश अनुदान, जनहानि के 5398 पीड़ितों को 216 करोड़, मकान क्षति के 27448 प्रभावितों को 24 करोड़ रुपये सरकार वितरित कर चुकी है।

### मेरठ में

आधिकारिक बयान के अनुसार, 22 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी संपूर्ण 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शेष खंडों का उद्घाटन करेंगे, जिनमें दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड शामिल है। प्रधानमंत्री मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच चलने वाली मेरठ मेट्रो सेवाओं का भी उद्घाटन करेंगे। यह नमो भारत के बुनियादी ढांचे पर ही संचालित होगी, जो देश में अपनी तरह की पहली पहल है। बयान के अनुसार, मोदी मेरठ के मोहिउद्दीनपुर रैली ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन करेंगे।

### पांच वर्ष में

राहुल गांधी इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं और एक के बाद एक बम गिरा रहे हैं, लेकिन इनसे पटाखों जैसी आवाज भी नहीं निकलती। अन्य कई राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है, वहीं असम में विशेष पुनरीक्षण (एसआर) कवायद हो रही है।

शाह ने कहा, अतिक्रमण वाली जगह से घुसपैठियों को निकालना ही काफी नहीं है, क्योंकि वे कहीं और जाकर बस जाएंगे...उन्हें देश से निकालना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को संरक्षण देने की कांग्रेस की नीति ने असम को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस घुसपैठियों से छुटकारा पाने के लिए प्रतिबद्ध है, तो मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि वे इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करें।

उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने और "राज्य की जनसांख्यिकी को संकट के कगार पर लाने" का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "मैं पूछना चाहता हूं: धुबरी, बारपेटा, दरांग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, नागांव और गोलपारा के मुस्लिम बहुल जिले बनने के लिए कौन जिम्मेदार है? यह कांग्रेस है। उन्होंने कहा, "भाजपा कांग्रेस द्वारा घुसपैठ को बढ़ावा देने के पाप से असम को मुक्त करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली असम सरकार ने घुसपैठियों द्वारा अतिक्रमण की गयी एक लाख बीघा से अधिक भूमि को मुक्त करा लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो अगले पांच वर्षों में पांच लाख बीघा और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। शाह ने कहा, "मैं उन्हें (शर्मा को) अच्छी तरह जानता हूं...वह अपने वादे निभाते हैं, लेकिन क्या इससे असम की समस्याएं हल हो जाएंगी? नहीं, ऐसा नहीं होगा क्योंकि घुसपैठिए देश में कहीं और चले जाएंगे।

### चमोली में

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। राज्य के 128 चिन्हित जनजातीय गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य जारी है। आईटीआई और आश्रम पद्धति विद्यालयों के जरिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और छात्रवृत्ति योजनाएं भी संचालित हैं। जनजातीय बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, शोध संस्थान के लिए कॉर्पस फंड और वार्षिक जनजाति एवं खेल महोत्सव जैसी पहलों को समुदाय सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया। टिम्मरसैंण महादेव, हीरामणि मंदिर और मलारी गांव में स्वीकृत विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

### बलिया : हत्या

तीन नवंबर 2004 की रात को शुभनथही गांव में बाबा धाम मंदिर पर आयोजित एक यज्ञ में सम्मिलित होने जा रहे थे, तभी रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर उन पर गोली चलाई गई, जिसमें लल्लन पांडेय की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति राकेश मिश्रा बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### अविमुक्तेश्वरानंद

है। बच्चों के साथ दुष्कर्म के बहुत सारे साक्ष्य वहां मौजूद हैं। ब्रह्मचारी ने कहा कि उन्होंने सभी साक्ष्य अदालत में पेश किए हैं।




## जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मदद मिली : मंधाना



एडीलेड। भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा, जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा, ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता लेकिन मुझे लगता कि उसके आकर दो तीन चौके लगाने से मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। लिहाजा इसका श्रेय उसे जाता है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराना बड़ी उपलब्ध है लेकिन टीम की नजरें अब ब्रिसबेन में मंगलवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला पर है। मंधाना ने कहा, श्रृंखला जीतने में योगदान देना अच्छा रहा। आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हमने इससे पहले उन्हें 2016 में हराया था लेकिन हमने काफी समय बाद आस्ट्रेलिया में टी20 खेला है। अब नजरें वनडे श्रृंखला पर लगी हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, यह जीत काफी मायने रखती है। यह टीम प्रयास का नतीजा है। यह देखकर अच्छा लगा कि हर कोई योगदान दे रहा है। हर साझेदारी अहम है गेंदबाजों को भी अपना काम बखूबी पता था कि विकेट लेने पर ही मैच जीतेंगे और उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## हमने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कमतर आंका : ब्रूक



पाल्लेकल (श्रीलंका)। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने शनिवार को स्वीकार किया कि उन्होंने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कम करके आंका और कहा कि उनकी टीम अब टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंग्लैंड की टीम का ग्रुप चरण में प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा तथा उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा जबकि वेस्टइंडीज ने उसे हराया था।

नेपाल के खिलाफ एक समय इंग्लैंड की टीम हार के कगार पर पहुंच गई थी लेकिन आखिर में वह चार रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। उसे स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ भी संघर्ष करना पड़ा था। इंग्लैंड रविवार को सुपर आठ के अपने पहले मैच में श्रीलंका का सामना करेगा। ब्रुक ने मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा हमारे लिए इस प्रतियोगिता की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही। हमने शायद कुछ टीमों को कम करके आंका और उन्होंने कड़ी टक्कर दी। शुक्र है कि हम पहला चरण पार करने में सफल रहे। अब हम सुपर आठ में हैं और अब हमारा मुख्य ध्यान इसी पर है। उन्होंने कहा हम इसे अब एक नई प्रतियोगिता के रूप में देख रहे हैं। अंकों को आगे ले जाने या इस तरह की किसी भी चीज के न होने के कारण यह पूरी तरह से एक नई शुरुआत है और हम इसे इसी रूप में देख सकते हैं। ब्रूक ने कहा, अभी कुछ ही खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टीम के लिए मैच जीतेंगे। इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर इसी महीने की शुरुआत में इसी मैदान पर श्रीलंका को 3-0 से हराकर टी20 श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था। ब्रूक ने कहा, हमने उनके खिलाफ इस मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। यहां की परिस्थितियों से वाकिफ होने के कारण हमारा मनोबल बढ़ा है। हम श्रीलंका का सामना करने के लिए बेहद उत्सुक हैं। उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे और उन पर दबाव बनाएंगे। ब्रुक ने यह भी स्वीकार किया कि ग्रुप चरण में उनके बल्लेबाजों ने थोड़ा अधिक सतर्क रवैया अपनाया और कहा कि वे आगे अधिक आक्रामक रुख अपनाएंगे। उन्होंने कहा हम बल्लेबाजी करते समय कुछ ज्यादा ही सतर्क रहे हैं। हम शायद कुछ खास परिस्थितियों में थोड़ा और साहसी हो सकते हैं और अपने निचले क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक भरोसा रख सकते हैं। श्रीलंका टीम के बारे में उन्होंने कहा, मैंने सीखा है कि आप किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते, जैसा कि हमने ग्रुप चरण में किया।

श्रीलंका के कुछ बल्लेबाज बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इसलिए उम्मीद है कि हम पावर प्ले में कुछ विकेट ले पाएंगे। पथुम निसांका इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। अगर हम उन्हें जल्दी आउट कर सके तो यह शानदार होगा। इंग्लैंड की टीम का ग्रुप चरण में प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा तथा उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा जबकि वेस्टइंडीज ने उसे हराया था। नेपाल के खिलाफ एक समय इंग्लैंड की टीम हार के कगार पर पहुंच गई थी लेकिन आखिर में वह चार रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। उसे स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ भी संघर्ष करना पड़ा था।

# भारत की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती, स्मृति मंधाना 82 व जेमिमा 59 रन की शानदार पारी खेली

एजेंसी



एडीलेड। भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के शानदार अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद भारत ने मंधाना और रोड्रिग्स के अर्धशतकों से छह विकेट पर 176 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन ही बना सकी जिसमें एशले गार्डनर ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। भारत के लिए श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल ने तीन तीन जबकि अरूंधति रेड्डी ने दो विकेट झटके।

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रन से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अपने नाम की। मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया। इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की।

इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (32 रन देकर तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि शेफाली वर्मा (07) फिर से जल्दी आउट हो गईं। इससे सीरीज में उनका निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज किम गार्थ की ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को खेलने की कोशिश में शेफाली सीधे जमीन पर उंचा शॉट मार बैठीं और अनाबेल सदरलैंड को मिड-ऑन पर कैच देकर पवेलियन लौट गईं जिससे भारत का स्कोर एक विकेट पर 19 रन हो गया था।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिनू के छठे ओवर में मंधाना और जेमिमा ने तीन चौके लगाकर 14 रन बनाए जिससे भारतीय लय में आ गए। पावरप्ले के आखिर में भारत का स्कोर एक विकेट पर 54 रन था। मंधाना और जेमिमा दोनों ने स्कोरबोर्ड चलायमान रखा। मंधाना दबाव बनाने के मूड में दिख रही थीं।

उन्होंने नौवें ओवर में लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम (उनका पहला ओवर था) पर डीप स्कायर लेग और डीप मिडविकेट के बीच शानदार स्वीप शॉट खेलकर चौका जड़ा। इस तरह 10 ओवर में भारत का स्कोर एक विकेट पर 86 रन था। मंधाना ने शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन की गेंद पर छक्का लगाकर 38 गेंद में यह मुकाम हासिल किया। यह उनका 160 मैच में 33वां अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक था। मंधाना और रोड्रिग्स के बीच दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी महज 66 रन बनी। मंधाना ने फिर 17वें ओवर की पहली गेंद में सदरलैंड पर मिडविकेट के उपर शानदार छक्का लगाया और अगली ही गेंद पर कैच आउट हो गईं।

कप्तान हमरनप्रीत कौर ने ज्चा घोष (18 रन) को बल्लेबाजी क्रम में प्रमोट किया और इसका फायदा भी मिला। उन्होंने 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक घुटने के बल बैठकर मिडऑन पर छक्के के लिए पहुंचाया। ज्चा ने सात गेंद में 18 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया पर भारत ने दबाव बना दिया। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (10) और बेथ मूनी (06) जल्दी आउट हो गईं। श्रेयंका ने दूसरे ओवर में वोल को आउट किया जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका ने तीसरे ओवर में मूनी को पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब मुश्किल में पड़ गई जब श्रेयंका ने एलिस पैरी को एक रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। जिससे मेजबान टीम ने चार ओवर के अंदर 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। एशले गार्डनर (45 गेंद में 57 रन) ही एकमात्र बल्लेबाज रहीं जो टिककर खेल सकीं। उन्होंने संयम से खेलते हुए अर्धशतक जड़कर संघर्ष किया। लेकिन 16वें ओवर में अरुंधति रेड्डी (35 रन देकर दो विकेट) ने उनका विकेट लेकर मैच पूरी तरह से भारत के पक्ष में कर दिया।

## बीसीसीआई ने भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ को संरचित समर्थन की घोषणा की



नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने शनिवार को भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, घरेलू श्रृंखलाओं में सहायता और स्टेडियम के इस्तेमाल समेत संरचित समर्थन ढांचे की घोषणा की। भारत की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों ने पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पुरूष विश्व कप और पहला महिला विश्व कप जीता। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने एक विज्ञप्ति में कहा, भारत के दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की उपलब्धियां क्रिकेट समुदाय के लिये असीम गौरव की बात है।

उन्होंने कहा इस संरचित समर्थन से बीसीसीआई इन खिलाड़ियों के लिये मौके, बुनियादी ढांचा और एक्सपोजर बेहतर करने में मदद करेगा। खेल के लिये हमारे विजन का केंद्र समावेशिता है। हमें उम्मीद है कि इस सहयोग से टीमों को आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठता हासिल करने में मदद मिलेगी और कई क्रिकेटरों के लिये ये खिलाड़ी प्रेरणास्रोत बनेंगे। इस पहल के तहत बीसीसीआई मुख्य रूप से तीन विभागों में मदद करेगा। अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर : पुरूष और महिला टीमों के लिये साल में दो बाद विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिये अंतरराष्ट्रीय यात्रा में सहयोग। घरेलू श्रृंखला सहायता : मेजबान और विदेशी टीमों के लिये भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला के दौरान ठहरने का बंदोबस्त।

स्टेडियमों का इस्तेमाल : बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त स्टेडियमों का घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिये इस्तेमाल। वहीं दूसरी ओर नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं।

## संक्षेप

### कीनिया में अहलावत व शर्मा ने कट हासिल किया

नैरोबी। भारत के वीर अहलावत ने तीन अंडर 67 और शुभंकर शर्मा ने पांच अंडर 65 का स्कोर बनाया जिससे वे मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने में सफल रहे। अहलावत ने पहले दो दौर में 67-67 का स्कोर बनाया और वह छह अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। शर्मा ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन किया तथा छह बर्डी और एक बोगी करके पांच अंडर 65 का स्कोर बनाया। दो दिनों के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर पर है और वह संयुक्त 55वें स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य गोल्फर युवराज संधू 69-71 के स्कोर के साथ कट से चूक गए। फेडरिक लैक्रॉइक्स ने दूसरे दौर में 62 का स्कोर बनाकर केसी जार्विस के साथ बढ़त साझा की। इन दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर पार है।

### बांठिया-डोंस्की की जोड़ी ने ओपन युगल खिताब जीता

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूच्या इसारो को 4 . 6, 6 . 4, 12 . 10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं। इस जीत के साथ उन्हें 75 रैंकिंग अंक और 4980 डॉलर मिले जबकि पूनाचा और इसारो को 50 रैंकिंग अंक और 2880 डॉलर मिले।

## तिलक से एक खास बल्लेबाजी को कहा : सूर्या

एजेंसी



अहमदाबाद। तिलक वर्मा की टी20 विश्व कप के चारों लीग मैच में संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी को सबने देखा है लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उनकी जगह किसी और को लाने की बात को खारिज करते हुए कहा कि वह टीम प्रबंधन के निर्देश के अनुसार ही अपनी भूमिका निभा रहे हैं। तिलक का करियर स्ट्राइक-रेट 141 से ज्यादा है लेकिन यह गिरकर 120 के आस-पास आ गया है क्योंकि वह धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उन पिचों पर संघर्ष कर रहे हैं जहां गेंद थोड़ी ज्यादा ग्रिप कर रही होती है। कप्तान सूर्यकुमार के विपरीत तिलक चार मैच में सिर्फ 11 चौके और तीन छक्के लगा सके हैं और अपनी लय नहीं बादल पाए हैं। सूर्यकुमार ने कहा मेरा मतलब है कि मैंने उसे बताया है, टीम प्रबंधन ने उसे बताया है कि उसे उसी तरह बल्लेबाजी करनी है। अगर एक विकेट गिर जाता है तो वह निश्चित रूप से, पावरप्ले में जाकर अपना गेम खेल सकता है। भारतीय कप्तान ने इसके पीछे के कारण को समझाते हुए कहा, लेकिन जैसे ही दो विकेट गिरते हैं तो उसे थोड़ा संभलकर खेलना होगा, फिर से साझेदारी करनी होगी, 10वें ओवर तक पहुंचना होगा और फिर गेंदबाजों को खेलने के लिए आक्रामकता बरतनी होगी। लेकिन सूर्यकुमार ने कहा कि तिलक ने भी अपने लिए उंचे मानक तय किए हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मुझे यकीन है कि वह अभी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है, उससे खुश नहीं होगा। उसने पिछले दो तीन अभ्यास सत्र में काफी अभ्यास किया है। लेकिन मुझे उसके बारे में कोई चिंता नहीं है। वह तीसरे नंबर पर भारत के लिए बहुत अच्छा खेल रहा है और मुझे पूरा भरोसा है कि वह इसे और बेहतर करेगा। तिलक की जगह संजू सैमसन को खिलाने का मौका हो सकता है, इस सुझाव पर सूर्यकुमार ने हंसते हुए कहा, तुम्हारा मतलब है, मुझे उसे (सैमसन को) तिलक की जगह खिलाना चाहिए? उन्होंने कहा, पावरप्ले में सब ठीक चल रहा है। हम 40-50 रन बना रहे हैं। यह सामान्य क्रिकेट है। अब हम द्विपक्षीय मैच में इतना अच्छा खेले हैं। ऐसा होता है। हमें खुद से भी उम्मीदें हैं। 220, 240, 250 रन बनाने की उम्मीद। सूर्यकुमार ने कहा, लेकिन यहां विकेट थोड़े अलग हैं। अब तक हमने जिन चार विकेट पर खेले हैं, वे थोड़े अलग

**टीम प्रबंधन के निर्देश के अनुसार ही अपनी भूमिका निभा रहे**

और चुनौतीपूर्ण थे। ऑफ-स्पिनर पहले गेंदबाजी नहीं कर रहे थे, लेकिन अब कर रहे हैं। इसलिए हमने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है और उम्मीद है कि हम अपनी सुपर आठ यात्रा शुरू करते ही इससे निपट लेंगे। सूर्यकुमार अपनी गेंदबाजी इकाई से बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर गर्व है। मुझे पता है कि किसी दिन, अगर हम कभी 170, 175 या 180 रन बनाते हैं तो हमारे पास एक अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है जो मैच बचा सकता है और मैच जीता सकता है। वहीं दूसरी ओर टी20 विश्व कप के तीन मैचों में शून्य पर आउट हुए अभिषेक शर्मा के फॉर्म को लेकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर आठ मैच से पहले जब सवाल उठे तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बिंदास और बेलाग जवाब दिया।

## बाबू व मंजू ने इंडियन ओपन में जीते स्वर्ण

एजेंसी



चंडीगढ़। उत्तर प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय एथलीट राम बाबू और पंजाब की मंजू ने शनिवार को यहां इंडियन ओपन रेस वॉक (पैदल चाल) प्रतियोगिता के पहले दिन क्रमशः पुरुष और महिला फुल मैराथन में स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) कर रहा है जिसमें 26 वर्षीय बाबू ने 42 किलोमीटर की फुल मैराथन वॉक स्पर्धा में तीन घंटे, नौ मिनट और 17 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता बाबू ने हरियाणा के संदीप कुमार को पीछे छोड़ा।

ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता संदीप ने तीन घंटे, 11 मिनट और 18 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। बाबू ने बाद में कहा कि वह यहां पहला स्थान हासिल करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार थे। उन्होंने कहा, तैयारी अच्छी थी और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मेरा लक्ष्य जापान में होने वाले एशियाई खेलों में पदक जीतना है। मैं आगे अपने प्रदर्शन में और सुधार करने की कोशिश करूंगा। मंजू ने पैदल चाल कि अनुभवी एथलीट उत्तर प्रदेश की ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी सहित कुछ मजबूत प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

उन्होंने तीन घंटे, 33 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया जबकि प्रियंका तीन घंटे, 37 मिनट, 25 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। मंजू ने कहा, मुझे चुनौती देने वाला कोई नहीं था, नहीं तो मैं अपना समय बेहतर कर सकती थी। इस साल का मेरा मुख्य लक्ष्य एशियाई खेल हैं। सेना के नितिन गुप्ता ने पुरुषों की 10 किलोमीटर पैदल चार्ज में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे गुप्ता ने 41 मिनट, 44 सेकंड का समय लिया। उत्तर प्रदेश की रेशमा पटेल ने महिलाओं की 10 किलोमीटर पैदल दौड़ 46 मिनट 19 सेकंड में जीती।

**वॉक प्रतियोगिता में मैराथन**

## वर्किंग जर्नीलिस्ट ने अल्फा को सात विकेट से हराया

लखनऊ : राजधानी लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ग्राउंड पर अल्फा 11 और उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नीलिस्ट संगठन के बीच शानदार मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अल्फा 11 ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के सामने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से तेज शुरूआत के बावजूद बीच के ओवरों में विकेट गिरते रहे, लेकिन आखिरी ओवरों में कुछ तेज रन बटोरकर अल्फा 11 ने स्कोर को सम्मानजनक बना दिया। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के लिए यह स्कोर चुनौतीपूर्ण था। लेकिन असली तूफान तब आया जब यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट संगठन लक्ष्य का पीछा करने उतरा। आकिब मेराज खान ने ऐसी धुआंधार पारी खेली कि मैदान तालियों से गूंज उठा। आकिब ने मात्र 44 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाकर अल्फा 11 के अरमानों पर पानी फेर दिया।

### पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सुपर-8, बारिश में धुला

कोलंबो । टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच का पहला सुपर-8 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया है। शनिवार शाम 6:30 बजे पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लेकिन, मैच शुरू होने से पहले बारिश आ गई। करीब ढाई घंटे के इंतजार के बार मैच रेफरी ने इसे रद्द कर करने का फैसला लिया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए। इस टूनामेंट में दूसरा मैच रद्द हुआ है। इससे पहले जिम्बाब्वे और आयरलैंड का मैच रद्द हुआ था। सेमीफाइनल की रेस में क्या असर होगा? पहला सुपर-8 मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को एक-एक अंक मिले हैं। यहां से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। दोनों टीमों को इंग्लैंड और श्रीलंका से खेलना है।

## श्रीलंका विभिन्न हालात में खेलने को तैयार हैं : श्रीधर

एजेंसी



पाल्लेकल (श्रीलंका)। क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर ने शनिवार को कहा कि श्रीलंका टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड से मिली 0-3 की हार को पीछे छोड़ चुका है और उनका मानना है कि उनकी टीम अब रविवार को यहां उनके खिलाफ सुपर आठ के मैच में अलग हालात में खेलने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इंग्लैंड ने मौजूदा टी20 विश्व कप शुरू होने से ठीक सात दिन पहले तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में श्रीलंका को बुरी तरह हराया था लेकिन श्रीधर ने कहा कि हैरी ब्रूक की टीम का प्रदर्शन इस मुकाबले में मायने नहीं रखेगा। श्रीधर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इस टूर्नामेंट के इस चरण पर यह मुकाबला द्विपक्षीय श्रृंखला से बहुत अलग है। मेरा मतलब है कि द्विपक्षीय श्रृंखला और निजी लीग में विश्व कप सुपर आठ मैच जितना दबाव नहीं होता। और यह सभी टीमों के लिए है। चाहे वह इंग्लैंड हो, चाहे श्रीलंका हो या चाहे भारत हो या पाकिस्तान। कोई भी टीम हो। जब आप सुपर आठ मैच खेल रहे होते हैं तो आप उतनी स्वतंत्रता से से नहीं खेलेंगे जितना आप द्विपक्षीय या निजी लीग में खेलते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए दबाव दोनों टीमों पर एक जैसा होगा। जो टीमें दबाव में सही खेलती हैं, जो टीमें कम गलतियां करती हैं।

**इंग्लैंड के खिलाफ काफी खेल चुके**

# भारत-ब्राजील में 20 अरब डॉलर का समझौता

## रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच व्यापक वार्ता के बाद, भारत और ब्राजील ने शनिवार को अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा कि भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लुला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति की उपस्थिति में अपने मीडिया



बयान में कहा, ब्राजील लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हम अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा व्यापार सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है। वर्ष 2024-25 में, भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर हुआ समझौता लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। मोदी ने कहा, रक्षा क्षेत्र में हमारा सहयोग भी लगातार बढ़ रहा है। यह आपसी विश्वास और रणनीतिक समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण है।

हम इस लाभकारी साझेदारी को और मजबूत करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भारत और ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत होती है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा वैश्विक मंच पर भारत-ब्राजील की साझेदारी मजबूत और प्रभावशाली रही है। लोकतांत्रिक देशों के रूप में, हम वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। मोदी ने कहा हमारा मानना है कि हर समस्या का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद तथा उसके समर्थक पूरी मानवता के दुश्मन हैं।

# नड्डा ने भारत निर्मित टेटनस व वयस्क डिप्थीरिया टीके की शुरुआत की



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) में स्वदेशी रूप से निर्मित टेटनस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) टीके की औपचारिक शुरुआत की। टीडी टीके की औपचारिक शुरुआत के साथ, अब इसको सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत आपूर्ति के लिए पेश किया गया है।

केंद्रीय अनुसंधान संस्थान अप्रैल तक यूआईपी को 55 लाख खुराकें उपलब्ध कराएगा, और केंद्र सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को और मजबूत करने के लिए आने वाले वर्षों में उत्पादन को धीरे-धीरे बढ़ाने की उम्मीद है। सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और कर्मचारियों को बधाई दी और टीडी टीके की शुरुआत को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा की रक्षा करने और भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी रूप से निर्मित टीडी टीके की शुरुआत स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की दिशा में एक ठोस कदम है।

भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि भारत को व्यापक रूप सेे विश्व के औषधालयै के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह विश्व स्तर पर अग्रणी टीका निर्माताओं में से एक है। उन्हों ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियामक प्रणालियों के वैश्विक मानकीकरण में भारत ने परिपक्वता स्तर 3 प्राप्त कर लिया है, जो इसके टीका नियामक ढांचे की मजबूती को दर्शाता है।

# तिरुपति में लड्डू में मिलावट का मामला : दूसरों पर दोष मढ़ रहा वाईएसआरसीपी : नायडू

विनुकोंडा (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी नेताओं पर तिरुपति में लड्डू (प्रसाद) बनाने में इस्तेमाल घी में कथित मिलावट के मामले में दूसरों पर दोष मढ़कर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करने का शनिवार को आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने पलनाडु जिले के विनुकोंडा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि वाईएसआरसीपी नेताओं ने तिरुपति लड्डू में मिलावट की जांच में कई बाधाएं खड़ी कीं और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय का रुख भी किया। नायडू ने स्वर्ण आंध्र स्वच्छ आंध्र कार्यक्रम के दौरान विपक्षी दल के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा लड्डू को बनाने में इस्तेमाल घी में मिलावट की गलती से बचने के लिए वे इसे दूसरों पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं।

# हिंद महासागर क्षेत्र तंत्र सर्वसम्मति पर होगा आधारित

एजेंसी

पणजी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने



गोवा समुद्री सम्मेलन 2026 के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा।

# राजस्थान : सड़क दुर्घटना में दो भाइयों समेत चार की मौत

कोटा। राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक संपर्क मार्ग पर मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार एसयूवी से हुई आमने-सामने की टक्कर में दो भाइयों समेत चार मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। झालावाड़ डीएसपी हेमंत गौतम ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर शाम गंगधार पुलिस थाना के अंतर्गत करणपुर गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार चारों मजदूर काम के बाद मध्य प्रदेश के सीतामऊ लौट रहे थे। मृतकों की पहचान राजस्थान के सलूम्बर जिला निवासी नरेश मीणा, खेमराज मीणा, उसका भाई लछीराम मीणा और मध्य प्रदेश के सीतामऊ निवासी राजपाल सिंह राजपूत (30) के रूप में हुई है।

# 31 मार्च तक होगा नक्सलवाद का खात्मा : शाह

एजेंसी


गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित 31 मार्च की समयसीमा तक देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। पूर्वोत्तर में पहली बार आयोजित 87वीं सीआरपीएफ दिवस परेड को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां पत्थरबाजी की घटनाओं की संख्या घटकर शून्य हो गई है।



उन्होंने कहा कि इसके अलावा मणिपुर में जातीय हिंसा से निपटने और केवल तीन वर्षों में माओवादियों की कमर तोड़ने के लिए भी सीआरपीएफ को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों और कई जिलों में फैल चुका था, और जब केंद्र ने इस खतरे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया, तो सीआरपीएफ और कोबरा बल के जवानों ने इस प्रयास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गृह मंत्री ने उल्लेख किया कि इतना विशाल, जटिल और कठिन कार्य महज तीन वर्षों में पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा, सीआरपीएफ कर्मियों की बदौलत हम विश्वासपूर्वक कह सकते हैं कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। गृह मंत्री ने दुर्गम भूभाग में भीषण गर्मी के बीच छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुटा पहाड़ियों में 21 दिनों के ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के लिए सीआरपीएफ की प्रशंसा की, जिसमें अप्रैल-मई 2025 में 31 नक्सली मारे गए थे। उन्होंने कहा कि असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए, सीआरपीएफ के जवान अत्यधिक उच्च तापमान से तपती पथरीली पहाड़ियों पर उन 21 दिन के अभियान के दौरान एक इंच भी पीछे नहीं हटे और अंततः नक्सलियों के रणनीतिक अड्डे को नष्ट कर दिया।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K